धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



## सबसे पहले निकले झारखंड के विजय होरो

**झारखंड** निवासी विजय होरो को सबसे पहले निकाला गया है। दूसरे मजदूर गणपति होरो को भी सुरंग से बाहर निकाला गया है। फिर लगातार एक-एक कर टनल में फंसे सभी को बाहर निकाल लिया गया। सभी मजदूर रेंगते हुए बाहर निकाले गये। जो मजदूर कमजोर हैं या किसी वजह से रेंगते हुए बाहर नहीं आ सके उनके लिए एक स्ट्रेचर बनाया गया था, जिसमें पहिए लगे हुए हैं। इन मजदूरों स्ट्रेचर पर लिटाकर रस्सी के जरिये बाहर खींचा गया। निकलते ही मजदूर और वहां मौजूद लोग भारत माता की जय के नारे लगाते रहे।

## झारखंड-बिहार के ये मजदूर फंसे थे टन में

विजय होरो, विश्वजीत कुमार, अनिल बेदिया, महादेव, जमरा उरांव, गणपति, भुक्तु मुर्मू, राजेंद्र बेदिया, सुक्रम, टिंकू सरदार, गुणोधर, रंजीत, रवीन्द्र, समीर, सुबोध कुमार। **बिहार-** सबा अहमद, सोनू शाह, वीरेंद्र किस्कू, सुशील कुमार।

# सलाम जिंदगी... हमने जीत लिया जंग

## देसी तकनीक के सहारे 17 दिन बाद 41 मजदूरों ने ली खुली हवा में सांस



**एजेंसी**

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड)।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में बीते 12 नवंबर से कैद 7 राज्यों के 41 मजदूरों को मंगलवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मंगलवार की दोपहर, उनके लिए जिन्दगी की नयी रोशनी ले कर आयी। एक-एक करके एनडीआरएफ के जवानों से सभी 41 मजदूरों को बाहर निकाला। सभी मजदूर स्वस्थ हैं। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। इस सफलता पर राष्ट्रपति द्रौपदू मर्मू, पीएम मोदी, सीएम पुष्कर सिंह समेत देशभर के लोगों ने राहत की सांस ली। मंगलवार शाम साढ़े सात बजे के करीब पाइप पुशिंग का कार्य मलबे के आर-पार हुआ। ये लाइफ लाइन पाइप है जिसके जरिए मजदूरों को बाहर निकाला गया।

**सीएम ने माला पहना कर किया स्वागत :** सीएम धामी ने बाहर निकल रहे मजदूरों से बातचीत और उनका हालचाल जाना। माला पहना कर सभी का स्वागत किया। इससे पहले जैसे ही एनडीआरएफ के जवान अंदर मजदूरों तक पहुंचे वैसे ही सीएम धामी ने ताली बजाकर उनकी सराहना की। सभी मजदूरों को एंबुलेंस से चिन्यालीसौंण सीएचसी में ले जाया गया।

### मजदूरों के चेहरे पर खुशी की झलक और प्रार्थना का दौर

**मजदूरों** के चेहरे पर सुरंग से बाहर आने की खुशी झलक रही थी। मैनुअल ड्रिलिंग से पाइप को अंदर धकेला गया जो मलबे के आरपार हो गया है। इसके साथ एनडीआरएफ टीम ने मोर्चा संभाला। टीमों को रस्सी, सीढ़ियां लेकर पाइप के अंदर भेजा गया। आपरेशन के दौरान पूजा-पाठ का दौर भी जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स ने भी मंगलवार टनल के बाहर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की। एक्सपर्ट्स भी प्रार्थना में जुटे रहे।

## न्यूज डायरी

### 30 को झारखंड दौरे पर आयेंगे अमित शाह

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। गृह मंत्री एक दिसंबर को हजारीबाग में बीएसएफ के राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे।

### 51,000 से अधिक युवाओं को पीएम देंगे नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को रोजगार मेले के तहत 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। पीएमओ ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री रोजगार पाने वाले युवाओं को संबोधित भी करेंगे।

### पूरे सत्र के लिए निलंबित किये गये शुभेंदु अधिकारी

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए मंगलवार को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में यह कार्रवाई की गयी है।

### रामगढ़ : कार-बाइक की टक्कर में दो की मौत

**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र के एनएच 33 अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह कार ने दो बाइक सवार को टक्कर मारी दी। जिसमें दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी। पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर ली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बनीं दिल्ली की मतदाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णामूर्ति ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को उनका नया मतदाता पहचान पत्र सौंपा, जिसके साथ वह अब दिल्ली की मतदाता बन गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




पूरे देश को इनलोगों ने बदहाल कर दिया, केंद्र और विपक्ष पर भड़के सीएम, कहा

# टिन का चश्मा लगानेवालों को नहीं दिखता है विकास

- सहयोग के नाम पर विपक्ष जीरो बट्टा जीरो
- हम सपना दिखा रहे हैं और उसे पूरा भी कर रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, कुड़ू लोहरदगा।** सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को लोहरदगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहले की राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर एक के बाद एक कई हमले किये। उन्होंने कहा कि ये अपने आप को विश्व गुरु कहते हैं। दुनिया की सबसे ताकतवर नेता और पार्टी बोलते हैं, धिक्कार है ऐसे लोगों पर। पूरे देश को इन लोगों ने बदहाल कर दिया है। आज महंगाई आसमान छू रही है। तरीके से ये लोगों को बेवकूफ बनाते हैं। कलयुग चल रहा है। जितना बड़ा आदमी उतना बड़ा झूठ। आज बिचौलिया और झूठ का बोलबाला है। सच को परेशान किया जा रहा है। हमारे विपक्षी शीशा का नहीं टिन का चश्मा लगाते हैं, उन्हें विकास कार्य नहीं दिखता। उन्होंने जनता से कहा, हम आपको सपना भी दिखा रहे हैं और उसे पूरा भी कर रहे हैं। इतने सालों में इनलोगों ने ऐसी गंदगी फैलायी है, जिसे साफ कर रहे हैं। मंगलवार को लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के चिरी में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम उन्होंने कही। (शेष पेज 11 पर)

### धर्मकोड की गुहार लगायी, नहीं मिला

सीएम ने केंद्र सरकार को बिना किसी का नाम लिये जमकर अपनी भड़ास निकाली। सीएम ने कहा- हमने आदिवासी भाइयों के लिए धर्मकोड की मांग की, पर उसमें भी उन्होंने आपत्ति जतायी। खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड राज्य को लूटने में सभी लगे हुए हैं। इस राज्य पर सबकी गिद्ध नजर है। हमने नेतरहाट, हजारीबाग सहित अन्य स्थानों पर गरीब, स्थानीय लोगों की जमीन वापस दिलायी। वह कहते हैं कि हम जमीन लूट रहे हैं। आज तक इन्होंने आदिवासी दिवस पर किसी को बधाई नहीं दी। आज जब चुनाव आया है तो भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू सभी याद आ रहे हैं।

### आदिवासियों-मूलवासियों संग सरकार

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नही। सरकार आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हों, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम चल रहा है। पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार मिले इसके लिए एक बार फिर से अधिकारी तमाम योजनाओं की पोटली लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। इस अभियान का पिछला दो चरण काफी सफल रहा था। कार्यक्रम को वित्त वाणिज्य तथा खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम नियोजन तथा प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा अन्य ने भी संबोधित किया।



# गवाह को प्रभावित करने के मामले में नौशाद आलम से लंबी पूछताछ

- इडी को हर संभव सहयोग करने का साहिबगंज एसपी ने किया वादा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से इडी अधिकारियों ने मंगलवार को लंबी पूछताछ की। साहिबगंज एसपी ने पूछताछ में इडी अफसरों को बरोसा दिया कि वह को हर संभव को- ऑपरेट करेंगे। इडी के दूसरे समन पर मंगलवार को रांची स्थित इडी कार्यालय में अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। उनसे इडी ने गवाहों को प्रभावित करने के मामले में कई सवाल पूछे। बताया गया कि जब ऊपर से आदेश आता है तो कुछ मामलों में उनका नाम ही लिया जाता है। इससे पूर्व पहली नोटिस मिलने पर साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने ईडी को पत्र लिखकर समय की मांग की थी।

**सुबह 10 बजे पहुंचे एसपी :** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार की सुबह 10 बजे ही इडी दफ्तर पहुंचे। अंदर जाने के बाद उन्होंने बताया कि वह साहिबगंज एसपी हैं, जिसके बाद गेट पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अंदर जाने दिया गया। खुद को एसपी बताने के बाद वहां मौजूद जवानों से सैल्यूट किया, फिर एक सिपाही मो नौशाद आलम को अंदर ले गये।

### क्या है मामला

साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से देर रात पूछताछ हुई। इडी ने इससे पहले 22 नवंबर को एसपी से पूछताछ का पहला समन भेजा था, लेकिन तब पुलिस मुख्यालय से मंतव्य लेने की बात कह उन्होंने एजेंसी से वक्त की मांग की थी। जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 नवंबर को दूसरा समन भेजा था। दरअसल, इडी के गवाह विजय हांसदा को कानूनी राय के लिए दिल्ली भेजने की टिकट व्यवस्था नौशाद ने ही करायी थी। इससे जुड़ी जानकारी इडी ने हासिल की थी, इसके बाद नौशाद को पूछताछ के लिए समन किया गया था।

# सैन्य जमीन घोटाले में दिलीप घोष को जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाले में मुख्य आरोपी दिलीप घोष को हाईकोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। इससे पहले दिलीप घोष की जमानत याचिका पर बीते 9 नवंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें कि बीते सात जून को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। दोनों को ईडी की टीम ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। सेना के कब्जे वाली जमीन के दस्तावेज में फर्जीवाड़ा कर बेचने वाले फर्जी रैयत प्रदीप बागची ने जिस जगतबंधु टी इस्टेट को उक्त जमीन की रजिस्ट्री की थी, उस कंपनी में अमित अग्रवाल भी दिलीप घोष के सहयोगी हैं। कंपनी के दिलीप घोष को ईडी ने पहले समन किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे।

### करीबी के नाम पर करायी रजिस्ट्री

अमित अग्रवाल के करीबी दिलीप घोष की कंपनी जगतबंधु टी-इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को ही फर्जी कागजातों के जरिए सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन बेची गई थी। ईडी ने जांच में पाया था कि कंपनी ने 20 करोड़ के सरकारी मूल्य की जमीन महज सात करोड़ में खरीदने का जिक्र रजिस्ट्री में किया। वहीं इस जमीन के बदले फर्जी मालिक प्रदीप बागची को महज 25 लाख मिले। रजिस्ट्री में अलग-अलग बैंक खातों से बाकी 6.75 करोड़ रुपये देने का दावा ईडी की जांच में गलत निकला। ईडी ने जब पूरे मामले की पड़ताल की तब मामले में अमित अग्रवाल की संलिप्तता के साक्ष्य मिले।

दुमका में मरांडी के बयान पर प्रदीप का कटाक्ष

# बाबूलाल को गिरगिट ने छू लिया है, बदलते रहते हैं रंग

**दुमका (खबर मन्त्र)।** पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने पूर्व सीएम सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा है कि बेचारे को मुफ्त में सरकारी पेट्रोल मिल जा रहा है तो घूमते रहते हैं। उन्हें घूमने की बीमारी है, पर जनता उनको संज्ञान में नहीं लेती। उनके दौरे से राजनीति में कोई उतार-चढ़ाव होने वाला नहीं है। प्रदीप यादव ने कहा, गोड्डा में कल मरांडी ने कहा था कि मुझे कुत्ते ने नहीं काटा है जो सीएम जिधर जाते हैं उधर-उधर जाता रहूं। प्रदीप यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को भले ही कुत्ते ने नहीं काटा है, पर उन्हें गिरगिट ने जरूर छू लिया है। इसलिए वे गिरगिट की तरह रंग बदलते रहते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# टेरर फंडिंग मामला : महेश और अमित अग्रवाल मामले में बहस पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चतरा जिले के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले की जांच एनआइए कर रही है। इस मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल के मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। अब 11 दिसंबर को अजय कुमार सिंह की पिटिशन पर सुनवाई होगी।

इन तीनों ने अपने खिलाफ किये गये चार्जफ्रेम एवं खारिज किये गये डिस्चार्ज पिटिशन को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की।




# आधुनिक टेक्नोलॉजी फेल, तो देसी जुगाड़ ने किया कमाल

## उत्तराखंड सुरंग हादसा



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने की सारी तकनीकें जब निराश कर रहीं थीं, तब सैकड़ों साल पुरानी देसी तकनीक (रैट होल माइनर्स) काम आयी। सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए संकरी जगह पर हाथों से खुदाई कर मजदूरों की सुरक्षित निकासी का रास्ता बनाया। भारी-भरकम मशीनों के फेल हो जाने के बाद सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रैट माइनर्स को लगाया गया, जो चूहे की तरह कम जगह में तेज खुदाई करने वाले विशेषज्ञों की एक टीम है। सुरंग में फंसे 41 मजदूरों की जिंदगी बचाने के लिए इन लोगों ने आगे की खुदाई देसी तकनीक फावड़ा और कुदाल से ही कमाल कर दिया। आगे की खुदाई हाथ से करनेवाले इन जांबाज कारीगरों के पास हथौड़ा, साबल और खुदाई के कई औजार थे। (शेष पेज 11 पर)

### रैट होल माइनर्स, चूहे की तरह करता है काम

रैट होल माइनर्स भारत के उत्तर-पूर्वी इलाकों में रहने वाले वो जनजातीय लोग होत हैं जो छोटी सुरंगों की मदद से खदान के अंदर से खनिजों को बाहर निकालते हैं। उत्तराखंड टनल हादसे के 17वां दिन इन देसी मजदूरों ने कमाल कर दिया। केंद्र सरकार ने अंत में रैट होल माइनर्स का सहारा लेने का फैसला किया था। दरअसल, रैट होल माइनर्स ऐसी स्थिति में किसी भी और टीम के मुकाबले ज्यादा बेहतर तरीके से काम करते हैं। यही वजह है कि इनके आने के बाद मजदूरों के सुरक्षित और जल्दी निकासी हो सकी। ये माइनिंग की एक खास प्रक्रिया होती है जिसका इस्तेमाल पहले उत्तर-पूर्वी भारत जनजातीय लोग करते थे। दरअसल, भारत के मेघालय या दूसरे उत्तर-पूर्वी इलाक में छोटी खदानों से खनिजों को निकालने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता था। इसके साथ ही इस तकनीक की मदद से कभी-कभी टनल में या सुरंग में फंसे लोगों को निकालने का भी इस्तेमाल किया जाता है।

# आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये लोन दे रही है सरकार

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से विद्यार्थियों को दिया जायेगा पढ़ाई के लिए कर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार राज्य के 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण (डिप्लोमा छात्रों के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण) छात्र-छात्राएं जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना मेघावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करके उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बैंकों को ऋण की राशि का 100% गारंटी देगी। छात्रों को 4% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जायेगा।




### योजना के लाभार्थी

- डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त स्कूलों के 10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पाठ्यक्रमों के लिए झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त स्कूलों से 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र।
- ऐसे शैक्षणिक संस्थान में अध्यनरत छात्र-छात्राएं जिनका एनआईआरएफ रैंक ओवर ऑल श्रेणी में 200 तक है या संस्थानों के संबंधित व्यक्तिगत श्रेणी में एनआईआरएफ रैंक 100 तक हैं या जिन्हें नैक द्वारा ए या उससे ऊपर का दर्जा प्राप्त हो।
- अधिकतम आयु 40 वर्ष।
- संबंधित कोर्स के लिए किसी भी बैंक से पूर्व से शिक्षा ऋण नहीं मिला हो।
- इस योजना का पूर्व लाभार्थी नहीं होना चाहिए।

### योजना के लाभ

- 4% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का आसान ऋण।
- आवेदक से कोई संपार्श्विक (कोलैटेरल) नहीं लिया जाएगा।
- 15 साल तक ऋण चुकाने की अवधि (पाठ्यक्रम अवधि सहित)।
- कोर्स पूर्ण होने के उपरांत ऋण चुकाने के लिए एक वर्ष तक स्थगन (मोराटोरियम) का विकल्प।
- पाठ्यक्रम शुल्क और छात्रावास जैसे संस्थागत खर्चों के लिए सहायता।
- गैर-संस्थागत खर्चों जैसे मेस शुल्क, यात्रा आदि के लिए 30% ऋण तक के उपयोग का प्रावधान।

### आवेदन देने की प्रक्रिया

- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आवेदन के लिए वेब पोर्टल का निर्माण कराया जाएगा। इसके माध्यम से आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
- आपके क्षेत्र में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं स्टूडेंट्स इन्फॉरमेसंस रिक्वेस्ट फॉर्म भर कर जमा कर सकते हैं।

# खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

## सीएम से मिले राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को 8वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने सीएम आवास में मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**पंचायतों में खेल मैदान किए जा रहे विकसित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। सिदो-कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही है। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी। इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।



# सेल डीड कैंसिल करने का डीसी के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

### सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी सहित कई याचिकाएं हैं दाखिल

**रांची।** ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से देवघर स्थित जमीन सहित राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

दायर याचिका में सांसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। उनका कहना था कि जमीन के रजिस्टर्ड सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार डीसी, देवघर के पास नहीं है। यह अधिकार सिविल कोर्ट के पास है। अनामिका गौतम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की। बता दें कि हाईकोर्ट में दायर अनामिका गौतम सहित विभिन्न याचिकाओं में राज्य के कई जिलों में डीसी द्वारा रजिस्टर्ड सेल डीड को रद्द करने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।

# विधि पोर्टल पर हाइकोर्ट ने सरकार से मांगी अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से अदालत में शपथ पत्र ससमय पर दाखिल नहीं होने से संबंधित मामले में कोर्ट के स्वतं संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि अभी जो वर्तमान में विधि पोर्टल है वह पूर्णता कारगर साबित नहीं हो रहा है। इसके लिए मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के सभी विभागों के नोडल ऑफिसर के साथ बैठक भी की है। विभागों ने माना है कि विधि पोर्टल को दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

इससे पहले सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि शिक्षा विभाग में आईएलएमएस सॉफ्टवेयर कार्यान्वित है। इसलिए विधि पोर्टल को आईएलएमएस के साथ एकीकृत करने की कोशिश की जा रही है। विधि पोर्टल और आईएलएमएस को एकीकृत करने के बाद इसे राज्य सरकार के सभी विभागों में लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 निर्धारित की है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही राज्य सरकार से मामले में विधि पोर्टल की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में मुख्य सचिव और आईटी सचिव कोर्ट में वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए थे। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि वे विधि पोर्टल से खुद संतुष्ट नहीं है। मुख्य सचिव ने कहा था कि इसे दुरुस्त करने के लिए वह शीघ्र अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि न्याय मित्र अधिवक्ता राजीव रंजन मिश्र के सुझावों पर भी विचार किया जाएगा।



### तालाब की जमीन पर अस्पताल बनाने का मामला
### अब हाईकोर्ट पीआईएल के रूप में सुनेगी

**रांची।** देवघर के मधुपुर अनुमंडल में गैर मजुरूवा जमीन पर बने तालाब पर अस्पताल बनाए जाने के टेंडर को चुनौती देने वाली अरुण शाही की रिट याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिट याचिका को जनहित याचिका( पीआईएल) के रूप में मानते हुए सुनवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में प्रार्थी को हाई कोर्ट के पीआईएल रूल के तहत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुक्रवार, 1 दिसंबर निर्धारित की है। दरअसल प्रार्थी का कहना है कि देवघर के गोविंदपुर मौजा में मधुपुर अनुमंडल स्थित बांध /तालाब पर अस्पताल बन रहा है। इसका शिलान्यास 18 सितंबर 2023 को हुआ था। तालाब को भरकर उसकी जमीन पर अस्पताल बनाना गलत है।

# ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया के सरलीकरण को ले सुडा के अधिकारी संग बैठक

**रांची।** ट्रेड लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण के मुद्दे पर मंगलवार को सुडा के अधिकारी पंकज गोयल और अविजीत चटर्जी ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों संग चैंबर भवन में बैठक की। बैठक में लाइसेंस बनाने और लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान व्यापारियों के समक्ष होनेवाली कठिनाई से चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अधिकारियों को अवगत कराया। यह कहा गया कि दस्तावेजों की कमी के कारण लाइसेंस बनाने और रिन्यूअल में हो रही कठिनाईयों का समाधान जरूरी है। लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होल्डिंग की मांग करने से रेंट की दुकान पर व्यापार कर रहे व्यापारियों को कठिनाई होती है, जिसका समाधान जरूरी है।

बैठक में सुडा के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार ट्रेड लाइसेंस लेनेवाले व्यापारियों को सिर्फ रेंट एग्रीमेंट या बिजली बिल की कॉपी देना है और किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। उक्त दस्तावेज के आधार पर व्यापारी एकसाथ 10 वर्ष का ट्रेड लाइसेंस ले सकते हैं। चचाओं के दौरान यह भी सहमति बनाई गई कि दिसंबर माह के बीच में सुडा के द्वारा चैंबर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन कर, व्यापारियों के सभी प्रश्नों का जवाब और उन्हें लाइसेंस बनाने या रिन्यूअल कराने के दौरान होनेवाली कठिनाईयों का समाधान किया जायेगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल और कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी उपस्थित थीं।



**खबर एक नजर में**

## झामुमो ने मलेरिया पर राजनीति का लगाया आरोप, कहा
## बाबूलाल मरांडी हैं राजनीति के चुनौटी



**रांची।** संथाल के सुंदरपहाड़ी में मलेरिया से कुछ बच्चों की मौत और कई आदिम जनजातियों के बीमार होने के मामले में आरोप प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो गई है। झामुमो ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड की राजनीति का चुनौटी करार दिया है। झामुमो महासचिव सुप्रीयो भप्ताचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को लाश पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। उनको समझना चाहिए कि ऐसी जगहों पर सीएम या पीएम नहीं जाते हैं। सरकार के स्तर पर संक्रमित लोगों को तमाम मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लेकिन बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि सीएम क्यों नहीं आए। सुप्रीयो भप्ताचार्य ने कहा कि दिशोम गुरु के लिए पीएम मोदी और अमित शाह जैसे नेता सम्मान सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाबूलाल मरांडी उनको अब शिबू कहने लगे हैं। सुप्रीयो भप्ताचार्य ने कहा कि संथाल और कोल्हान मलेरिया प्रॉन एरिया है। यह राज्य के लिए आपदा की तरह है। इससे निपटने के लिए सरकार के स्तर पर सभी जरूरी उपाए किए जा रहे हैं। संथाल के सुंदरपहाड़ी इलाके में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां पहुंचना बहुत कठिन है। वहां की भौगोलिक स्थिति में बदलाव करने पर उत्तराखंड वाली स्थिति बन सकती है। सुंदरपहाड़ी में माल पहाड़िया जनजाति निवास करती है। उनको विस्थापित नहीं किया जा सकता। पलामू में बाबा बागेश्वर के आने पर पाबंदी के सवाल पर सुप्रीयो भप्ताचार्य ने कहा कि धर्म और राजनीति को अलग रखना चाहिए। उन्होने कहा कि हम पाखंडी हिन्दू नहीं हैं। मुझे तिलक लगाकर साबित करने की जरूरत नहीं है।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट तैयार करने में जुटे सरकारी विभाग

### अधिक से अधिक जीवन और आजीविका की सुरक्षा तथा विकास को देखते हुए बजट तैयार करने पर जोर

**रिंची।** वित्त विभाग के निर्देश पर राज्य के सभी विभागों में बजट प्राक्कलन तैयार करने का काम शुरू हो गया है। बजट प्रस्ताव के गठन पर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर काम करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। अधिकारियों से कहा गया है कि अधिक से अधिक जीवन और आजीविका की सुरक्षा तथा विकास को देखते हुए बजट तैयार किया जाये। विगत वर्षो में प्रारंभ की गयी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सम्यक प्रयत्न किए जायें। इस तथ्य का ध्यान रखा जायेगा कि जो योजनाएं पूर्ण हो गयी है, उनके स्थान पर वर्तमान समय में प्रासंगिक योजनाएं प्रस्तावित की जाये, ताकि अधिकतम जनकल्याण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके तथा समाज के अंतिम कगार पर बैठे व्यक्ति का अधिकतम कल्याण हो सके।

वित्त सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी विभागों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिया है कि बजट प्रस्ताव गठित करते समय मितव्ययिता के सिद्धांत को भी ध्यान में रखा जाये। व्यय प्रस्ताव एफआरबीएम एक्ट में दी गयी सीमाओं के अंतर्गत दिया जायेगा। बजट प्राक्कलन भेजते समय पहले पूरी समीक्षा की जायेगी। बताते चलें कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र अगले वर्ष फरवरी-मार्च में होने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से राजय के बजट को मुख्य चार वर्गो राजस्व प्राप्तियां, स्थापना व्यय, केंद्रीय सहायता स्कीम, राज्य स्कीम में बांट कर बजट प्राक्कलन तैयार हो रहा है। इसमें चालू योजनाओं के साथ नई योजनाएं भी जोड़ी जाती है।

### राज्य के पुलिसिया कार्यशैली पर बड़ा सवाल : प्रदीप सिन्हा

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि राज्य में कानून का शासन लागू करने वाली संस्था ही चेहरा देखकर करवाई करें तो लोगों का पुलिस प्रशासन से विश्वास ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत दिनों जुआ खेलने और खिलाने के आरोप में पकड़े गए पुलिस कर्मियों को थाने से जमानत देने में पदाधिकारी ने जितनी तर्ज प्रथम दिखाई इससे गलत संदेश गया है। जब कानून की नजर में सभी बराबर होते हैं। कोई आम या खास नहीं होता, तो ऐसे दोहरे मापदंड के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए।

श्री सिन्हा ने कहा कि जब आम लोग जुआ खेलते पकड़े गए तो उन्हें तत्काल जेल भेज दिया गया, जबकि पुलिस विभाग ने अपने ही पुलिस कर्मियों को बचाने के लिए नियम कानून को ताक में रख दिया। मुख्यमंत्री से इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है, ताकि एक ही तरह के आमजन मामले में पुलिसिया भेदभाव के शिकार न हो। उन्होंने कहा कि विभाग की छवि धूमिल करने वालों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

# अब रिम्स के अलग-अलग विभागों में बहाल किये जायेंगे इंजीनियर

## रिम्स के इंजीनियर 24 घंटे देंगे हॉस्टिपचल में ड्यूटी, व्यवस्था होगी दुरुस्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में अब हॉस्पिटल के अलग-अलग विभागों में इंजीनियरों का बहाली की जा रही है, ताकि विभागों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। बताते चलें कि हॉस्पिटल में सिविल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के लिए आवेदन मांगे गए है। अब रिम्स में 24 घंटे इनकी ड्यूटी रहेगी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर ये लोग समस्या का समाधान करवाएंगे। वहीं योजनाएं बनाने की जिम्मेवारी भी इन अधिकारियों की होगी।

**सिविल वर्क में नहीं होगी देरी**

हॉस्पिटल में सिविल वर्क के लिए पीडब्ल्यूडी को जिम्मा दिया गया है। ये लोग योजनाएं बनाते है और काम चलता रहता है। लेकिन कई बार काम में देरी होती है। ऐसे में रिम्स के पास अपना इंजीनियर होने से काम में तेजी आएगी। वहीं छोटे-मोटे काम के लिए विभाग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इतना ही नहीं काम की देखरेख भी ढंग से हो सकेगी।




### 2000 बेड का हॉस्पिटल

रिम्स हॉस्पिटल राज्य का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है। यहां मरीजों के लिए 2000 बेड है। वहीं हर दिन 2500 मरीज ओपीडी में आते है। ऐसे में कैंपस में कई तरह की सुविधाएं है जो मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा भी कई काम होते हैं। कंस्ट्रक्शन से लेकर रिपेयरिंग और बिजली के भी काम है, जो हॉस्पिटल के लिए जरूरी है। इनकी मॉनिटरिंग के लिए ही इंजीनियरों की बहाली की जा रही है। समय-समय पर ये लोग वस्तु स्थिति से प्रबंधन को अवगत भी कराएंगे।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कांके रोड, रांची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**
पत्रांक 1906 / ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–28.11.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR. NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा की शर्तों में संशय के स्थिति में हिन्दी शर्त मान्य होगें।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 312146 Rural Development(23-24)D


# झारखंड कैडर के आईपीएस अगले महीने बनेंगे आईजी और डीआईजी

## झारखंड पुलिस के 15 अफसरों का अगले महीने होगा आईजी व डीआईजी में प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के 15 आईपीएस अधिकारियों को अगले महीने प्रमोशन मिलेगी। जिनमें 2006 बैच के पांच आईपीएस को आईजी रैंक में और 2009 बैच के एक और 2010 बैच के नौ आईपीएस को डीआईजी रैंक में प्रमोशन मिलेगी। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में प्रमोशन संबंधी फाइल तैयार किया जा रहा है।

**झारखंड में रढ रैंक के अधिकारियों की संख्या तो बढ़ी, फिर भी कई पद खाली व प्रभार में**

झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़ने के बाद भी एसपी स्तर के 11 पद खाली और प्रभार में हैं। बीते दिन 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली। जिसके बाद झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़कर 90 हो गई। जिनमें 18 ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। आठ एएसपी के पद पर हैं और 11 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है।




### 2006 बैच के इन पांच आईपीएस को आईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन

- ए विजया लक्ष्मी
- नरेंद्र कुमार सिंह
- शैलेंद्र कुमार सिंह
- सुदर्शन प्रसाद मंडल
- माइकल राज एस


### 2006 बैच के इन पांच आईपीएस को आईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन

ए विजया लक्ष्मी
नरेंद्र कुमार सिंह
शैलेंद्र कुमार सिंह
सुदर्शन प्रसाद मंडल
माइकल राज एस


### 2009 और 2010 बैच के 10 आईपीएस को डीआईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन

| | |
|---|---|
| संजीव कुमार | शैलेंद्र कुमार वर्नवाल |
| सुरेन्द्र कुमार झा | धनंजय कुमार सिंह |
| चौथे मनोज रतन | अश्विनी कुमार सिन्हा |
| कार्तिक एस | नौशाद आलम अंसारी |
| वाई एस रमेश | संध्या रानी मेहता |


### 2009 और 2010 बैच के 10 आईपीएस को डीआईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन

| | |
|---|---|
| संजीव कुमार | शैलेंद्र कुमार वर्नवाल |
| सुरेन्द्र कुमार झा | धनंजय कुमार सिंह |
| चौथे मनोज रतन | अश्विनी कुमार सिन्हा |
| कार्तिक एस | नौशाद आलम अंसारी |
| वाई एस रमेश | संध्या रानी मेहता |

स्पीड न्यूज

## इडली-दोसा विक्रेता गणेश साहू की हत्या

**जमशेदपुर।** मानगो वर्कर्स कॉलेज के नदी घाट पर मिले लाश की पहचान हो गई है। लाश की पहचान दाईगुट्टू निवासी 40 वर्षीय गणेश साहू के रूप में हुई है। गणेश साहू पूर्व में मनगो पायल टॉकीज के पास इटली डोसा बेचने का काम करते थे। मृतक की पत्नी शांति देवी के अनुसार गणेश साहू कुछ दिनों पहले मुंबई चले गए थे, वहीं पिता का देहांत हुआ तो वे 3 नवंबर को वापस जमशेदपुर लौट आये, और डिमना चौक पर एक होटल में कारीगर का काम कर रहे थे ।बीती रात गणेश साहू घर पर लौटे खाना खाकर मोबाइल चार्ज में लगाकर घर से कुछ देर में आने की बात कह कर निकल गए किंतु वह नहीं लौटे। पूरा परिवार पूरी रात परेशान रहा। मंगलवार की सुबह हल्ला होने पर स्थानीय लोगों द्वारा पता चला कि उन्हें मार कर जला दिया गया है। शांति देवी के अनुसार उनके पति की किसी से दुश्मनी नहीं थी।

## लाल बिल्डिंग फायरिंग में 3 गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के लाल बिल्डिंग के पास एक युवक बिट्ठू तिवारी से मारपीट करने और इन युवकों को फसाने के लिए बिट्ठू तिवारी ने अपने ही घर पर फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में अंजनी पांडे और उसके साथी राहुल और अभिषेक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल बिल्डिंग में बिट्ठू तिवारी के घर पर किसी ने गोली चलाई है। इस मामले में की जांच की गई तो पता चला कि बिट्टू तिवारी से अंजनी पांडे ने 50000 उधार लिए थे। तिवारी ने पैसे मांगे तो अंजनी पांडे ने अपने साथी जुगसलाई निवासी अभिषेक पांडे और राहुल सिंह के साथ मिलकर बिट्ठू तिवारी के साथ मारपीट की और रिवॉल्वर दिखाकर फरार हो गए। बिट्टू तिवारी ने इन तीनों को फंसाने के लिए अपने ही घर पर फायरिंग की और पुलिस को जानकारी दे दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों अंजनी पांडे, अभिषेक पांडे और राहुल सिंह को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। उनके पास से पुलिस ने एक रिवाल्वर तीन कारतूस, दो खोखा और एक प्लेट भी बरामद किया है।

## शास्त्रीनगर में महात्मा ज्योति बा फुले की पुण्य तिथि मनायी



**जमशेदपुर।** मंगलवार को शास्त्री नगर कदम में सावित्रीबाई फुले सेवा दल के तरफ से समाजिक कांत्रि के महानायक महात्मा ज्योतिबा फुले जी का 133 वां पुण्यतिथि उनके छवि पर फूल माला श्रद्धा सुमन के साथ अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रमेश सोनकर एवं रूपेश ठाकुर ने फूले जी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री राम भरोस भगत, राजेश भगत, अंकित भगत, अजीत कुमार भगत, विकास सोनकर, अंजलि कुमारी, प्रिया कुमारी,रोहन भगत धन्यवाद ज्ञापन राजेश भगत उपस्थित थे।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी की छात्रा रविंदर कौर को 23.05 लाख रुपये का पैकेज मिला

- बीबीए अंतिम वर्ष की छात्रा है रविंदर
- डी ई शॉ ग्रुप ने किया प्लेसमेंट
- डी. ई. शॉ एंड कंपनी न्यूयॉर्क स्थित निवेश फर्म
- हैदराबाद में भी है कंपनी का कार्यालय



रविंदर कौर।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी की बीबीए छात्रा (सत्र 2021-24) रविंदर कौर ने डी ई शॉ ग्रुप से प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह अवसर वैश्विक निवेश और प्रौद्योगिकी विकास फर्म द्वारा पेश किए गए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी इनफिनिटी इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद आया है। रविंदर को 23,05,000 रुपये की उच्च वार्षिक सीटीसी के साथ प्रतिष्ठित फर्म के भारत स्थित हैदराबाद कार्यालय में एसोसिएट के रूप में नियुक्त किया गया है। डीई शॉ ग्रुप एक वैश्विक निवेश और प्रौद्योगिकी विकास फर्म है जिसके कार्यालय उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया में हैं। 1988 में अपनी स्थापना के बाद से, फर्म ने इनोवेशन, केयरफुल रिस्क मैनेजमेंट और अपने कर्मचारियों की गुणवत्ता के आधार पर सफल निवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। कंपनी की दुनिया के पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है, जो विकसित और विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाओं में कंपनियों और वित्तीय साधनों की एक विस्तृत श्रृंखला में निवेश करती है। डी ई शॉ ग्रुप की संस्कृति विश्लेषणात्मक कठोरता और उच्चतम संभव नैतिक और कानूनी मानकों के पालन की मांग करती है और उन्हें पुरस्कृत करती है। फर्म ने एक कॉलेजियल वर्क एनवायरमेंट विकसित किया है जो विभिन्न विषयों, भौगोलिक क्षेत्रों और इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजी में सहयोग को बढ़ावा देता है। जिसे दूसरे लोग असंभव मान सकते हैं उसे प्रयास करने के सिद्धांत पर निर्मित, यह फर्म ट्रांसफॉर्मेटिव विचारों को महत्व देती है जो आश्चर्यजनक सफलताओं की ओर ले जाते हैं। यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट विभाग के डीन हिमांशु सिन्हा ने रविंदर की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने खुलासा किया कि इनफिनिटी इंटर्नशिप के लिए रविंदर का चयन एक कठोर चयन प्रक्रिया का परिणाम था, जो उनके असाधारण कौशल और समर्पण को रेखांकित करता है। फर्म के साथ तीन महीने के इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उनकी स्थिति को और मजबूत कर दिया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला। ज्ञात हो कि इंटर्नशिप के दौरान भी रविंदर को प्रतिमाह 30,000 रुपए स्टाइपेंड के तौर पर मिले हैं। इस इंटर्नशिप के लिए पूरे देश के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के हजारों विद्यार्थी आपस में प्रतिस्पर्धा करते है, जिनमें से कुछ ही सफल हो पाते हैं। इन इंटर्न में से ही बेहतरीन परफॉर्मर्स को कंपनी प्लेसमेंट ऑफर देती है। रविंदर की सफलता न केवल उनके समर्पण और कौशल पर सकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि अरका जैन विवि द्वारा शिक्षित छात्रों की क्षमता पर भी प्रकाश डालती है। विवि डायरेक्टर डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर छात्रा को बधाई दी और डी ई शॉ इन्फिनिटी इंटर्नशिप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने ये जानकारी भी दी कि यूनिवर्सिटी में अब तक किसी छात्र द्वारा सुनिश्चित किया जाने वाला ये सर्वोच्च सैलरी ऑफर है। डॉ अमित ने बताया कि डी ई शॉ समूह इन्फिनिटी इंटर्नशिप कार्यक्रम सभी धाराओं के स्नातक छात्रों को वित्तीय और तकनीकी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने, प्रतिभा विकास और उद्योग प्रदर्शन को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। अपनी उपलब्धि पर छात्रा रविंदर कौर का कहना है 'मैं भावनाओं के मिश्रण से अभिभूत हूं- उत्साह, गर्व और थोड़ी सी घबराहट। ऐसे प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल संस्थान में पहले इंटर्नशिप और फिर फाइनल प्लेसमेंट सुरक्षित करना, एक सपने के सच होने जैसा है। भारत के कई प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूशंस के हजारों प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के समूह के बीच से निकल कर अंततः फाइनल चयन होने से मेरे कौशल और क्षमता पर मेरा विश्वास मजबूत हुआ है। मैं सर्वशक्तिमान को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे सही समय पर सही दिशा में मार्गदर्शन दिया, मेरे परिवार और मेरी यूनिवर्सिटी को मुझे ऐसे प्रतिष्ठित संगठन में अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। इस उपलब्धि पर विवि डीन डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त रजिस्ट्रार जसबीर सिंह धंजल, चेयरपर्सन डॉ एस एस रजी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रगणों ने अपनी शुभकामनाएं दीं और आगामी प्लेसमेंट ड्राइव के प्रति उत्साह दशार्या है।

# मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 104 केंद्रों का चयन

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 से संबधित परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु जिला परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी आवश्यक आधारभूत सुविधा युक्त शिक्षण संस्थानों पर विमर्श करते हुए चयन किया गया।

परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में छात्र-छात्राओं के लिए सुविधा, परीक्षा की निष्पक्षता एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों का चयन सभी निर्धारित मानदण्डों के आधार पर किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं जैसे कि बेंच-डेस्क, शौचालय, पेयजल, आदि सुविधा से युक्त हों। साथ ही चयनित परीक्षा केंद्र ऐसी जगह पर हो जहां छात्रों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो और जहां कदाचार की संभावना न्यूनतम हो।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। बैठक के निर्णय के अनुसार, वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के लिए कुल 104 परीक्षा केन्द्रों का चयन किया गया है। इनमें 72 परीक्षा केन्द्र माध्यमिक परीक्षा के लिए और 32 परीक्षा केन्द्र इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए होंगे।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा ने दलिता व आदिवासियों के विकास के लिए किया काम : बाउरी



**जमशेदपुर।** भाजपा द्वारा संविधान दिवस से लेकर संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को समर्पित संविधान गौरव पखवाड़ा पूरे झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों में आयोजित की जा रही है। मंगलवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई में सम्पन्न हुआ। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिमल बैठा की अध्यक्षता में परसुडीह मंडल के सोपोडेरा स्थित गांधी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी एवं महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा भी मौजूद रहे। इस दौरान अमर बाउरी ने सभा में उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाया। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री पी के करवा ने किया। बाउरी ने कहा कि पहले की सरकारों ने दलितों को सिर्फ वोट बैंक मानकर उनका इस्तेमाल किया परंतु भाजपा सरकार में दलितों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों के आर्थिक, शैक्षणिक व सामाजिक उत्थान के लिए सैकड़ों योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं।

## सुरभि शाखा ने बुजुर्गो को कराया भोजन



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम में रहने वाले सभी बुजुर्गो को भोजन कराया गया। यह कार्यक्रम शाखा सदस्य पूजा अग्रवाल (आदित्यपुर) के सौजन्य एवं शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, खुशबू कावटिया, पूजा अग्रवाल, उषा चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## सुदूर क्षेत्रों में समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ : भजन्त्री

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में आज 9 प्रखंड के 10 पंचायत एवं 2 नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जमशेदपुर प्रखंड के बेको पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने लगाए गए सभी विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया और शिविर स्थल पर मौजूद लाभुकों से उनकी समस्या की जानकारी ली और शिविर के क्रियान्वयन के वस्तुस्थिति से अवगत हुए। आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के दौरान डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने आमजनों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आपकी समस्याओं का समाधान और निराकरण को लेकर आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार की विशेष पहल के द्वारा आमजनों को अपने ही पंचायत में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने के साथ नई योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के विधिवत तरीके के बारे में बताया जा रहा है। दौरान जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आवेदन जमा करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखे कि आवश्यक दस्तावेज, मोबाइल नंबर फॉर्म के साथ हो ताकि समय पर आपको आवेदन की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जा सके। डीसी ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'अबुआ आवास योजना' से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि पंचायतों में लगने वाले प्रत्येक शिविर में अलग से काउंटर बनाए गए है। इस योजना का लाभ केवल आवास विहीन परिवारों को दिया जाएगा। इसके तहत तीन कमरों का पक्का मकान और रसोई घर का निर्माण होगा। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 10 वीं और 12 वीं कक्षा के बच्चों को 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण प्रदान करने की योजना राज्य सरकार द्वारा लागू किया गया है।

# एक्सएलआरआइ में इंटरनेशनल सीइओ कॉन्क्लेव का आयोजन

### क्लाइमेट चेंज से निपटने के तरीकों पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम (जीएम) बैच के कम्यूनिकेशन क्लब ओरेशिया की ओर से इंटरनेशनल सीइओ कॉन्क्लेव अवेंसिस का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के साथ ही कई विदेशी कंपनियों के सीइओ ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव की शुरूआत एक्सएलआरआइ के फाइनांस व एडमिनिस्ट्रेशन डीन फादर डोनाल्ड ने स्वागत भाषण से किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या वैश्विक स्तर पर है। इस समस्या से निबटने में कॉरपोरेट सेक्टर एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। किस प्रकार इस समस्या से निबटा जा सके, इसके साथ ही आज के दौर में डेटा व इनोवेशन के इस्तेमाल से कैसे सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं, इस पर मंथन करने के लिए एक्सएलआरआइ की ओर से उक्त इंटरनेशनल सीइओ कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। इस दौरान कॉन्क्लेव की थीम बियांड बाउंड्रीज : सस्टेन, इनोवेट एंड ट्रांसफॉर्म की भी लांचिंग की गयी। पहला पैनल यूएसएमसीए क्षेत्र पर केंद्रित किया गया था, जिसमें जलवायु नीति और कॉर्पोरेट लीडर्स के महत्वपूर्ण रोल का विश्लेषण किया। पहले पैनल में मॉडरेटर की भूमिका मौके पर एक्सएलआरआई के प्रोफेसर फादर कुरुविला जोसेफ पांडिकट्टू एसजे ने निभायी। इस पैनल में कैनेडियन एविएशन पार्टनर्स के सीईओ सह प्रेसिडेंट माइकल रोडिनियुक, बाइसेल्वा के संस्थापक सह सीइओ माइकल कोह और वर्क्स फ्रॉम न्यूयॉर्क के सह संस्थापक सह सीइओ सुमीत सलवान मौजूद थे। सभी ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने से जुड़ी अपनी बातों को प्रस्तुत करते हुए वैश्विक स्तर पर कार्बन मूल्य निर्धारण को बढ़ावा देने की बात कही। कहा कि यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक तरीका है। यह एक जलवायु नीति दृष्टिकोण है, जिसका उपयोग दुनिया भर के कई देशों और उपराष्ट्रीय न्यायालयों में किया जाता है। कार्बन मूल्य निर्धारण का मकसद, उत्सर्जन की लागत को उत्सर्जकों पर डालना है। कार्बन मूल्य निर्धारण के तहत, उत्सर्जकों से कार्बन डाइऑक्साइड के टन उत्सर्जन के लिए शुल्क वसूला जाता है। वहीं, दूसरे पैनल में एपीएसी में विनियामक परिदृश्य का विकास : सीईओ अनुपालन और शासन विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें सिंगापुर में फ्रेश आइडियाज के सीइओ चार्ल्स मैनुअल, ऑस्ट्रेलिया के ग्रेटर मेलबर्न सेंटेलोन के सीइओ अजीत स्टीफन, ग्रेटर सिडनी में लेक्स टेक्नोलॉजीज के सीईओ अनत सहाय और इंडोनेशिया के सॉविटप्रो के सीईओ अभिषेक सिंह शामिल हुए। इस दौरान सभी ने विभिन्न प्रकार की जटिलताओं का विश्लेषण किया। एपीएसी कारोबारी माहौल में अनुपालन की चुनौतियों से निपटने से संबंधित चचाएं की गयी।

# ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड को मिला और रनर अप का खिताब उड़ीसा को

चतुर्थ राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप सफलता पूर्वक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** झारखंड शोरिन-रियु-मात्सस्याशी-करटे-डु-एसोशियेसन की ओर से मानगो मून सिटी के कम्युनिटी हॉल में आयोजित चतुर्थीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 26 और 27 नवंबर 2023 को किया गया (पहला दिन रविवार 26 नवंबर 2023 को एकल काता का शुभारंभ हुआ और दूसरा दिन सोमवार 27 नवंबर 2023 को एकल कुमिते का।

इस टूर्नामेंट का आयोजन संस्था के संचालक सिहान जितेंद्र कुमार शर्मा के देखरेख में हुआ। इस टूर्नामेंट में के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे स्वामी विशुद्ध नंदन भीकू जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, खबर मन्त्र के ब्यूरो हेड व वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार, संस्था के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन विकास सिंह, ऑर्गेनाइजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में उड़ीसा, बंगाल, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ आदि राज्य के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन एकल कुमिते में पदक प्राप्त करने वाले करटेकारो के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं- गर्ल्स कुमिते- 20 से 25 किलोग्राम- गोल्ड मेडल -आद्रिका राय (बंगाल), सिल्वर मेडल - अदिति बागरिया (झारखंड),ब्रोंज मेडल- आरोही विश्वकर्मा (बिहार) 25 से 35 किलोग्राम गर्ल्स कुमिते- गोल्ड मेडल- हर्षिका सिंह (बिहार), सिल्वर मेडल-नेहा शर्मा (झारखंड), ब्रोंज मेडल- नवस्मिता नायक (उड़ीसा) बॉयज कुमिते 35 से 40 किलोग्राम - पहला स्थान - विनायक सेन गुप्ता (उड़ीसा), दूसरा स्थान- राजदीप प्रधान (बंगाल), तीसरा स्थान धैर्य अग्रवाल (झारखंड), 60 से 70 किलोग्राम- बॉयज कुमिते- ब्लैक बेल्ट कुमिते- पहला स्थान- पंकज कुमार महतो (उड़ीसा), दूसरा स्थान- भीमसेन (बिहार), तीसरा स्थान- ज्योति रंजन (झारखंड)। ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड को मिला और रनरअप का खिताब उड़ीसा को प्राप्त हुआ।

## विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया के बच्चों ने जीते 24 पदक



**गम्हरिया।** राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2023 में विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया के 24 बच्चों ने पदक पदक हासिल कर झारखंड ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य बच्चों में हर्ष व्याप्त है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन विगत 26 व 27 नवंबर को ऑर्चर्ड अकादमी, मून सिटी मानगो, जमशेदपुर में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में कोच अमित कुमार झा के मार्गदर्शन में विद्या ज्योति स्कूल के कई बच्चों ने भाग लिया था। उसमें 24 बच्चों में 8 बच्चे स्वर्ण पदक, 10 बच्चे रजत पदक और 6 बच्चों ने कांस्य पदक पदक प्राप्त कर झारखंड ओवरऑल चैंपियन का श्रेय लेकर विद्यालय को सम्मान दिलाया है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार झा और उप प्राचार्य आनंद कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए मंगलकामना किया है।

## खबर एक नजर में

### ईंचागढ़ में 28 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क एवं पुल-पुलिया



**चांडिल।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 28 करोड़ की लागत से ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चार सड़क एवं एक पुलिया का रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ एवं ईंचागढ के झामुमो विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिसमें चौका के रूगड़ी से पदोडीह तक सड़क, टीकर से तिरूलडीह तक सड़क, छोटा चुनचुड़िया से ईंचागढ़ तक सड़क एवं टीकर से पातकुम तक सड़क शामिल है। इस मौके पर सांसद संजय सेठ ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा। उन्होंने संवेदक को हिदायत देते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता में किसी तरह की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से कार्य में किसी भी तरह की कोताही पाए जाने पर काम रोक देने को कहा। उन्होंने कहा कि बहुत मेहनत से पैसा लाते हैं, स्थानीय जनप्रतिनिधि की भी जिम्मेवारी बनती है, कि वे काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। इस मौके पर भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी, दिवाकर सिंह, जिला महामंत्री मधु गोराईं, सारथी महतो, आकाश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### देविका सिंह ने आईटीयूसी एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया



**जमशेदपुर।** केंद्रीय इंटक महिला अध्यक्ष देविका सिंह ने 19 से 22 नवंबर 23 तक बैंकॉक में आयोजित 5वें आईटीयूसी-एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन में एक प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। 19वां कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं के लिए था, जहां सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर कई बहस और चचाएं आयोजित की गईं। समानता, जलवायु परिवर्तन और सभी के लिए हरित नौकरियाँ, नौकरियों का परिवर्तन जहाँ महिलाएँ अधिक महिला नेतृत्व और महिलाओं की गरिमा के लिए मूल्य जोड़ती हैं। अच्छी नौकरी लेकर निकला। 20 से 22 व्यापक चचाओं के अंतिम परिणाम में 56% महिलाएं और 20% युवा प्रतिभागी थे जो एक बड़ी सफलता थी। सम्मेलन एपी-आईटीयूसी के लिए अध्यक्ष और जीएस के चुनाव के साथ समाप्त हुआ जहां श्री एंथोनी फेलिक्स को फिर से अध्यक्ष चुना गया और श्री शोया योशिदा को महासचिव के रूप में फिर से चुना गया। देविका सिंह ने पैनल में वक्ता के रूप में समानता का विषय रखा। हम दुनिया भर के ट्रेड यूनियन आंदोलन के अपने मेहमानों के साथ-साथ एशिया और प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों की इस सबसे बड़ी सभा की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं।

### जमशेदपुर के कलाकारों ने वाराणसी में दी मनमोहक प्रस्तुति



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल के कलाकारों द्वारा बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में मां गंगा जी के पावन तट पर अस्सी घाट मे जिला प्रशासन की पहल पर दिनांक 26 और 27 नवंबर में आयोजित नित्य कार्यक्रम सुबह-ए-बनारस और बनारस की प्रतिष्ठित संस्था शिल्पायन द्वारा आयोजित शिल्पायन संगीत सभा में शास्त्रीय गायक मनमोहन सिंह जी, अनिल कुमार सिंह जी का युगल शास्त्रीय गायन एवं सितार वादक सुभाष बोस जी के सितार वादन की प्रस्तुतियां बेहद लाजवाब रहीं। दोनों कार्यक्रमों में कलाकारों के साथ तबले पर अमिताभ सेन जी ने सराहनीय संगत किया । इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सभी कलाकारो को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूरे जमशेदपुर के लिए गौरव की बात है जो आने वाली पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## स्पीड न्यूज

### सोनू नामधारी ने देवकीनंदन ठाकुर से लिया आशीर्वाद



मेदिनीनगर। हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा में जिले के प्रसिद्ध व्यवसाई सह इंडियन रोटी बैंक के विशेष आमंत्रित सदस्य सोनू सिंह नामधारी पहुंचें। उन्होंने भागवत कथा वाचक ठाकुर देवकी नंदन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान ठाकुर जी से सोनू सिंह नामधारी की चर्चा सामाजिक कार्यों को लेकर हुई। इंडियन रोटी बैंक द्वारा गरीबों के लिए किए जा रहे कार्यों से देवकी नंदन को अवगत कराया। ठाकुर देवकी नंदन ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि जीवन में धर्म का महत्व सबसे ज्यादा है। धर्म का अनुसरण हर व्यक्ति को करना चाहिए। धर्म हमें अनुशासित रखता है। यह नैतिक और चारित्रिक रूप से मजबूत रहने की ताकत देता है। धर्म के रास्ते पर चलकर बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। सिर्फ मानव ही नहीं समस्त जीवों की सेवा और उनसे प्रेम का संदेश धर्म देता है।

### देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के आगमन से पलामू हुआ भक्तिमय : लवली गुप्ता



मेदिनीनगर। हाउसिंग कॉलोनी मैदान में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ में भाजपा प्रदेश लवली गुप्ता शामिल होकर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज से मिलकर आशीर्वाद ग्रहण की। श्रीमती लवली ने बताया कि महाराज जी से मिलना परम सौभाग्य की बात है उनके पलामू आगमन से पूरा शहर और आसपास का गांव भक्तिमय हो गया है। ऐसा धार्मिक अनुष्ठान होना हम सभी सनातनियों के लिए गौरव और सम्मान की बात है। जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का होना बहुत जरूरी है और जब हम यज्ञ में जाते हैं, प्रवचन सुनते हैं ,धार्मिक अनुष्ठान करते हैं तभी हम अपने धर्म की माता को समझ पाते हैं आज के युवा पीढ़ी को धर्म की माता को समझना बहुत जरूरी है तभी उनके अंदर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भावना भी पल्लवित और पुष्पित होगा और वह समाज के लिए अपने राष्ट्र के लिए बेहतर कार्य कर सकेंगे यज्ञ के आयोजक अर्जुन पांडे और गुरु पांडे जी को लवली गुप्ता ने दिल से आभार व्यक्त किया कि उनके कारण आज पूरा पलामू भक्ति में माहौल में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर आनंद के गोते लगा रहा है। साथ ही यज्ञ कमेटी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कर्नल कप फुटबॉल: मंझौली ने लंगरकोट को हराकर किया शानदार आगाज



हुसैनाबाद (पलामू)। कर्नल कप फुटबॉल मंगलवार का मैच मंझौली बनाम लंगरकोट खेला गया जिसमें मंझौली ने बेहतर खेल का नजारा पेश करते हुए लंगरकोट को 2झ्1 से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ शानदार आगाज किया है। मंझौली के तरफ से छोटू और भोला कुमार ने गोल किए। इसके पुर्व इस मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पूर्व फुटबॉलर भैरोपुर निवासी बैजनाथ सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उत्साहवर्धन किया। मौके पर उपस्थित क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग भाईचारा का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का कोशिश करें और वैसे खिलाड़ी जिनका उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच हो उन खिलाड़ियों को खेलने का ज्यादा मौका दें ताकि भविष्य में उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में तैयार किया जा सकता है। इस मैच में निर्णायक के भूमिका में सुदय सिंह एवं एस एम अकरम तथा सगीर अहमद थे जबकि गोल जज के रूप में मनोज शर्मा और पूर्व खिलाड़ी नेहाल मिर्जा ने अपना योगदान दिया। मौके पर पूर्व फुटबॉलर सी वी रमन सिंह शिक्षक जगदीश राम अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, परमानंद सिंह, अशोक कुमार सिंह, मुरारी सिंह, विजय प्रजापति योगेन्द्र सिंह एवं शुभम कुमार सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में बुधवार का मैच सबानो बनाम पी सडेया के बीच खेला जाएगा।

### सेमरी पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



पाटन पलामू। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, सेमरी पंचायत के मुखिया सुमति देवी, बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष पाटन रंजीत सिंह, पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी के द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किया गया तथ समस्या का निदान करने के लिए सम्बंधित विभाग को दिया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक आपरेटर धीरज सिंह ने किया। मौके पर पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस शिविर के माध्यम से सभी लोगों को लाभ दिया जा रहा है लोग इसका लाभ भरपूर उठावें। वहीं पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति आवास से वंचित हैं वे शिविर में आवेदन देकर रजिस्ट्रेशन करा लें। ताकि उन्हें आवास का लाभ दिलाया जा सके। शिविर में पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस महत्वपूर्ण योजना में जरूरत मंद लोग रजिस्ट्रेशन करावें ताकी जो लोगों के समस्या का निदान हो सके।

### मॉडल आंगनबाड़ी कुंदरी में बच्चों को वितरण किया गया स्वेटर



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के पाल्हे कला पंचायत अंतर्गत कुंदरी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर सेविका शांति देवी, सहायिका मानमती देवी मौजूद थे। मौके पर देवेंती देवी, कोलीदा बीबी, खातमा बीबी, बिंदा देवी, नसीबा बीबी बच्चों के स्वेटर मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने स्वेटर वितरण करते हुए कहा कि स्वेटर मिलने से बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार की सभी योजनाओं को दिलाया जायेगा।

### बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन

मोहम्मदगंज पलामू। जेबीवीएनएल द्वारा मंगलवार को स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में मौजूद विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह बताया की प्रत्येक माह के 28 तारीख को बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया जाता है। इस बार इस कैंप में 150 उपभोक्ताओं से 2 लाख के बकाया बिल की वसूली की गई। इन्होंने आगे कहा की 5 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन विभाग काट रही है। इसलिए इससे बचने के लिए समय पर बिल का भुगतान करे। इस शिविर में कैशियर लंकेश कुमार ऑपरेटर दशरथ कुमार, रविशंकर सिंह रंजय कुमार, ललितेश्वर मेहता व मंटू मुंडा मौजूद थे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला में सम्मानित किये गये पांकी विधायक



मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता जिला भाजपा कार्यालय मेदिनीनगर में एक दिवसीय पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला में अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य के साथ प्रशिक्षण वर्ग में शामिल थे। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा राष्ट्रीय एसटी मोर्चा अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव, पलामू लोकसभा संसाद विष्णु दयाल राम, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, जिला भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

# सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एकजुट हों : देवकीनंदन ठाकुर

## श्रीमद् भागवत कथा सातवें दिन हुआ संपन्न, लाखों श्रद्धालु हुए भंडारे में शामिल





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एक हों। जाति के बंधन को तोड़ दें। सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी। उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी गौशाला प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। कहा- वे दावे के साथ कह सकते हैं कि जिनके मां-बाप बच्चों को बचपन व जवानी में कथा सुनाते हैं, उनके बच्चे धर्मी होते हैं। कभी भी अधर्मी कार्य नहीं कर सकते। देवकीनंदन ठाकुर ने पंडाल में नवीं व दसवीं वर्ग के अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चों से गणित के सरल सवाल पूछे। नहीं बताए जाने पर देवकीनंदन ने अंग्रेजी मीडियम स्कूल की लताड़ लगाई। कहा- परीक्षा में आने वाले प्रश्न को केवल रटाने वाले स्कूल के लिए यह धिक्कार है। ऐसे अंग्रेजी मीडियम स्कूल में अपने संतानों को पढ़ाने वाले माता-पिता भी धिक्कार के पात्र हैं। इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों को कहा जाता है- कथा में तुम क्यों जाते हो। ये क्या जाने कि कथा में चरित्र का निर्माण भी होता है। इंग्लिश मीडियम स्कूल में जिस लड़के का लड़की मित्र नहीं होती, उसे अपडेट नहीं समझा जाता। उसे दूसरी नजरों से देखा जाता है। यह कटु सत्य है। धिक्कारते हुए कहा- ऐसे स्कूल पापी हैं जो बच्चों का ना तो चरित्र निर्माण करते हैं और ना ही कथा के माध्यम से बच्चों को संस्कारवान नहीं होने देते। पूछा- संतानों में बचपन व जवानी में सद्गुण नहीं आएगा तो आखिर कब आएगा। सद्गुण से बचपन व जवानी दोनों सुधर जाती है। कहा कि कथा सुनने की कोई उम्र नहीं होती। कहा- सनातन पर कुठाराघात किया जा रहा है। मंदिर, ब्राह्मण व गौ पर लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सभी सनातनियों को अपने धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। कहा- नकली हिंदू वह है जो नारायण को मानते हैं लेकिन नारायण की कही हुई बातें नहीं मानते। इस तरह के कालनेमि हिंदू से सनातन को अधिक खतरा है। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अर्जुन पांडेय, उषा पांडेय, विपिन, अभिषेक, डा. ऋचा, पुत्रवधू संजना पांडेय, परशुराम युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत समिति के सभी सदस्यों ने बेहतर ढंग से भागवत पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन कराया व नारायण से साक्षात्कार कराने का अवसर पलामू प्रमंडल वासियों को दिलाया है। ये प्रमंडलवासियों को सच्चा सनातनी बनाने का बहुत बड़ा प्रयास किया है। गुरु पांडेय की बहू संजना पांडेय ने देवकीनंदन द्वारा सात दिनों तक पलामू वासियों को कथा ज्ञान से लाभान्वित कराने पर आभार प्रकट किया। कहा कि वे सभी कथा में कही बातें अपने जीवन में उतारेंगे। साथ ही सनातन के विकास के लिए ऐसे मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन आशीष भारद्वाज ने किया।

### देवकीनंदन ठाकुर ने निकाली सनातन यात्रा

श्रीमद् भागवत कथा समाप्ति के पश्चात देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन यात्रा निकाली। सनातन यात्रा एक खुले कार में देवकीनंदन सवार हुए व यज्ञ परिसर का भ्रमण किया। सनातन यात्रा में उनके साथ बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही सनातन को बचाने के लिए ओजपूर्ण नारे लगाए। इसके पूर्व देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि काशी लिया। रामजन्म भूमि लिया। मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण व जामा मस्जिद की सीढ़िया में दबे कृष्ण की विग्रह को निकालकर मंदिर में स्थापित करने के लिए उनका साथ दें।

### भंडारे में लाखों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कथा व सनातन यात्रा समाप्ति के पश्चात देवकीनंदन ठाकुर ने अपने हाथों से यज्ञ समिति के संरक्षक अर्जुन पांडेय व धर्मपत्नी उषा पांडेय को भंडारे का प्रसाद खिलाकर भंडारे की शुरूआत कराई। इसके पश्चात देर रात्रि तक भंडारा चला। इसमें लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मुख्यमंत्री जी के स्वागत को पलामू तैयार : राजेंद्र सिन्हा

## सीएम हेमन्त सोरेन 30 नवंबर को पलामू आयेंगे



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का 30 नवंबर को पलामू में आगमन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे के बारे में झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा यह पलामू के लिए सौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पलामू आने वाले हैं और इनका आना दशार्ता है कि पलामू पर सीएम का विशेष ध्यान है। मुख्यमंत्री 30 नवंबर को पलामू प्रमंडल के झामुमो के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय टाउन हॉल में बैठक करेंगे। साथ ही पार्टी के विकास यात्रा रथ का उदघाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। 5 दिसंबर से विकास रथ सभी विधानसभा में जाएगी, इस रथ के साथ सभी कार्यकर्ता भी दौरा करेंगे। इसकी शुरूवात डालटनगंज विधानसभा से होगी। पलामू में होने वाले बैठक में मुख्यमंत्री जी के साथ केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय जी भी उपस्थित होंगे। इस बैठक को ले कर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और सभी पूरे जोश के साथ उनके स्वागत में लगे हैं। सिन्हा ने कहा गढ़वा, लातेहार सहित चतरा जिला के सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी और सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं पंचायत के अध्यक्ष सचिव के साथ पार्टी के हेमंत सोरेन और विनोद पांडेय पलामू की बैठक में भाग लेंगे। झामुमो पलामू मुख्यमंत्री के साथ साथ सभी जिले के पदाधिकारियों और नेताओं के स्वागत के लिए तैयार है। ज्ञात ही हेमंत सोरेन की महत्त्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अभी चल रही है, उसको ले कर भी जनता में काफी उत्साह है। 1 दिसंबर को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी शामिल हो कर जनता को लाभान्वित करेंगे।

# बघमनवा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

## योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें ग्रामीण



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघमनवा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ विक्रम आनंद, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, प्रमुख रंभा कुमारी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, मुखिया मंजू देवी व समाज सेवी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए उसकी जानकारी होनी चाहिए। प्रमुख रंभा कुमारी ने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा बघमनवा के विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास 35, कंबल वितरित 120, बिरसा हरी सिंचाई कूप योजना 23, दीदी बाड़ी योजना 10, जॉब कार्ड 35, आयुषमान कार्ड सहित श्रम विभाग के द्वारा 5 प्रवासी मजदूर का निबंधन किया गया। साथ ही हरित बरसा सिंचाई कूप सर्टिफिकेट का वितरण हुआ। मौके पर बिपीआरओ, मुकेश कुमार, सीआई विकाश पांडेय, प्रखंड कल्याण विभाग पदाधिकारी इसफाक अहमद, लेखापाल अंकित कुमार, अनिकेत सिंह, अनिकेत दुबे, किशोर, अमित रंजन, अरुण सिंह, रवि कुमार, संजय कुमार व कई प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी, सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति देने के बाद जिला प्रशासन ने किया रद्द

मेदिनीनगर। बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम पलामू में 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक किये जाने का अनुमति जिला प्रशासन ने कुछ शर्तों के आधार पर दिया था। जिसे आयोजन समिति के लोग जिला प्रशासन द्वारा लगाये गये शर्तों पर असहमति व्यक्त किया था। लेकिन अनुमति प्राप्त होने के कुछ दिनों के बाद उपायुक्त के आदेश से कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। इस मामले को लेकर आयोजन समिति के लोग के द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया है। जिस पर सुनवाई 30 नवंबर को होना है। अब लोगों की निगाहें उच्च न्यायालय के उपर लगी है कि न्यायालय के द्वारा कार्यक्रम कराने का अनुमति मिलता है या नहीं। न्यायालय के फैसले के बाद ही यह तय हो पायेगा कि बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम पलामू में होगा या नहीं। इस कार्यक्रम को कराने के लिए जिला प्रशासन ने जो अनुमति दी थी उसमें कई शर्त लगाये गये थे। जिसमें कोविड 19 का अनुपालन करने, यातायात नियम का पालन करने तथा कई सरकारी विभाग से एनओसी की मांग आयोजन समिति से की गई थी। इसमें प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, वन विभाग से एनओसी लेकर जिला प्रशासन को सौंपने के लिए कहा गया था।

## विधायक ने 4 करोड़ 66 लाख की लागत से पुल का किया शिलान्यास

# ग्रामीण सुविधाओं से नहीं होंगे वंचित : कमलेश सिंह





खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद/हरिहरगंज। क्षेत्र का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होगा, विकास की पहली पंक्ति में क्षेत्र को लाना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक सह एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती कुल्हिया पंचायत के लादी बादी बरवाडीह बतरे नदी पर बनने वाली पुल का शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक इस नदी पर पुल का निर्माण नहीं हो सका था। सदियों से उपेक्षित गांवों में विकास की किरण पहुंचाना मेरा उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकांपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, गुड्डू सिंह, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, नीतू सिंह, अजय सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा, राजेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, रौनक सिंह, लालबाबू सिंह, जनेश्वर भुइयां, रामप्रवेश भुइयां, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, कान्हा सिंह, कापेश्वर सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, विकास सिंह, पप्पू सिंह, उदय सिंह, मनान खान, परशुराम सिंह, हरिवंश पासवान, भगवती सिंह, संजय यादव, बब्लू सिंह, हरि भुइयां, लखन सिंह, गोलू सिंह, मो आबिद, रामवृक्ष मस्ताना, जितेंद्र मेहता, मंटू मेहता, ललेंद्र यादव, सुनील मेहता, सुनील सिंह, अनिल सिंह, संजय भुइयां सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीएसपीसी के कमांडर की ईलाज के दौरान मौत

मेदिनीनगर। पलामू सेंट्रल जेल के कैदी किसलय सिंह की मौत रिम्स में ईलाज के दौरान हो गया। किसलय सिंह प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी का टॉप कमांडर था। वह मनातू थाना क्षेत्र का रहनेवाला था। उसे सेंट्रल जेल में ही पारालैसिस अटैक हुआ था, जिस कारण वह विगत कई दिनों से बीमार चल रहा था। उसे बेहतर ईलाज के लिए जिला प्रशासन ने रिम्स में भर्ती कराया था। इसके पूर्व इसका ईलाज एमएमसीएच में कराया गया था। जहां पर चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। कैदी की मौत की सूचना उसके परिजनों को जेल प्रशासन द्वारा दे दी गई है। मृतक कैदी नक्सली संगठन में रहकर कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दे चुका था।

### करोड़ो का ठगी करनेवाले को दिल्ली पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार

मेदिनीनगर। बड़ी बड़ी कंपनियों का क्लोन और फर्जी वेबसाईट तैयार कर करोड़ों का ठगी करनेवाला अंतररर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ पलामू में तब हुआ जब दिल्ली पुलिस शहर थाना पहुंचकर एक अपराधी को गिरफ्तार किया। इसकी पुष्टि करते हुए शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति रौशन मेहता लेस्लीगंज का रहनेवाला है। उन्होंने बताया कि चेक व अन्य वेबसाईट के माध्यम से करोड़ों का ठगी कर चुका है। उसने शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रों में प्राइवेट कंपनी का संचालन करता था। एक फाइनेंस कंपनी तथा दूसरा नेटवर्क कंपनी बनाकर संचालन करता था। इस पूरे गिरोह का संचालन दिल्ली से किया जाता था। जिसका नेटवर्क पलामू में भी बिछा हुआ था। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार रौशन को सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट डिमांड मांगा। इसके बाद उसे अपने साथ दिल्ली ले गये। पूछताछ के बाद बड़े खुलासा होने की उम्मीद है।

# विधिक सेवा शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड सभागार में विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि पीएलभी रविंद्र कुमार सिंह, पैनल अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह मौजूद थे। शिविर की अध्यक्षता पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने की। मौके पर बच्चों, विधवाओं, दिव्यांग महलाएं, एससी, एसटी समेत वरिष्ट नागरिकों के अधिकारों की जानकारी दी गई। मौके पर बीडीओ दीपक मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित विधिक सेवा शिविर लोगों के लिए लाभप्रद है। लोग शिविर में आकर अपने अधिकार व कानूनों की जानकारी प्राप्त करें। मौके पर अधिवक्ता व पीएलभी ने विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की जानकारी दी। शिविर को पाटन प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनीषा, पंचायत सचिव कामेश्वर महतो, अमीन मो रफीक अंसारी, राजस्व उप निरीक्षक बाल मोहन सिंह, प्रभुवन महतो, प्रभा देवी, आरती कुमारी ने भी संबोधित किया।

# जिला कल्याण पदाधिकारी ने आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ पलामू। रामगढ़ पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शुभारंभ जिला कल्याण पदाधिकारी, सेवाराम साहू, जिला परिषद, छोटन सिंह, प्रमुख, प्रेमी देवी, पंचायती राज पदाधिकारी गिरवर उरांव मुखिया, उमाशंकर प्रसाद, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सेवाराम ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों आमजनों को सीधे जोड़ने का काम किया है। सभी पंचायतों मे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इधर शिविर मे सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास योजना के लिए देखा गया। मौके पर दिनेश कुमार चंद्रवंशी, गणेश उरांव, सुनील यादव, मनदीप सिंह, बीपीओ, सबाहुउद्दीन अंसारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष, उदय यादव, रवि शंकर यादव, पप्पू जायसवाल, अनूप, पुरुषोत्तम कुमार, रवि, अविनाश कुमार, दीपनारायण प्रसाद एवं लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर



हुसैनाबाद पलामू। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदाबाद में मंगलवार को वार्ड संख्या: 15,16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस जल कर से संबंधित मामले, स्वयं सहायता समूह के गठन एवं ऋण से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नई जॉब कार्ड नवीनीकरण, कार्य आवंटन संबंधित मामले समेत अन्य योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान नगर पंचायत के ग्रामीण की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। वहीं कई आवेदकों का ऑन स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गयी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न स्टॉल पर 249 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गए। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : नीतू सिंह

## शिविर में 761 लोगों का लिया गया आवेदन





राज कुमार सिंह

पांडू पलामू। पांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम डालाकाला पंचायत में मंगलवार को मुखिया राम बाबू यादव के अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पांडू प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह ने फीता कटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। वही मुखिया राम बाबू यादव व बीडीओ राहुल उरांव, बीपीओ रणधीर कुमार प्रकाश, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुमन कुमार सिंह उर्फ सिन्टू सिंह उपस्थित थे। शिविर में अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा, शिक्षा समेत अन्य पंद्रह योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमे सभी स्टॉलो पर लगभग 761आवेदन लिया गया। साथ ही अधिकांश आवेदनों के माध्यम से समस्या का निस्पादन किया गया। साथ ही पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया एवं कई आवेदकों का ऑन द स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गई। शिविर में कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह मुखिया राम बाबू यादव बीडीओ राहुल उरांव ने संयुक्त से जरूरतमंद व बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। वही स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डाला कला के बच्चो के बीच साइकल का चेक दिया गया। इस अवसर पर नीतू सिंह ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जरूरतमंद लोगों को लाभ उठाने की बात कही। शिविर में प्रखंड समन्वयक रंजन कुमार प्रभारी अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह राजस्व उप निरीक्षक गौरव कुमार अंचल अमीन जनेश्वर सिंह पंचायत सेवक अमरेश मोची स्वास्थ्य कर्मी बजरंग सिंह, सुबीन कुमार सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, गौतम कुमार, छोटू सहित अन्य कई प्रखंड, अंचल व स्वास्थ्य कर्मी समस्या का निपटारा करते देखे गये। मौके पर उप मुखिया अरविंद सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप यादव, सुमित्रा देवी, राजमुनी राम, सरोज देवी, उदय रजक, महबूब अली, सुजीत कुमार, प्रणव कुमार, सुमंत यादव, मनु ठाकुर, शम्भू शरण सिंह, बैजनाथ सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# रजवाडीह में सरकार आपके द्वार का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। रजवाडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन रजवाडीह मुखिया अनुज त्रिपाठी, सदर अंचल अधिकारी सह बीडीओ अमरदीप सिंह बलहोत्रा, एमओ मनोज कुमार दूबे, सीआई पोलिकार्प तिर्की, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सदर हरेन्द्र तिवारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा, बीआरपी सत्येन्द्र पाठक, उप मुखिया प्रभात रजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। शिविर में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के समस्या संबंधित 400 आवेदन प्राप्त किये गये। मौके पर लाभूकों को साईकिल के लिए चेक वितरण, ग्रामीणों के बीच कंबल, धोती,साड़ी एवं मनरेगा जॉब कार्ड वितरण किया गया। अंचल पदाधिकारी अमरदीप सिंह मेलहोत्रा ने अपने संबोधन में सभी योजनाओं व स्टाल की जानकारी दी तथा कहा कि आपके द्वार आकर सरकार आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण आवश्यकतानुसार पंजीयन कराकर वे योजनाओं का लाभ उठावें। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, पशुपालन, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, आधार कार्ड, पेंशन, विधवा पेंशन, निः शुल्क साईकिल वितरण,गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य सहित अनेक स्टाल लगाए गए। मौके पर प्रखंड आपूर्ति मनोज कुमार, बीपीओ आरजू तमन्ना, केश स्टडी के लिए डीआईओ रणधीर कुमार,पंकज पांडेय व विजय कुमार ठाकुर उप मुखिया प्रभात रंजन पाण्डेय, वार्ड सदस्य प्रवेश शुक्ला, नीलम देवी, कांति देवी, प्रमिला देवी, रेखा देवी, अनिता देवी, वेदवंती देवी, चंदा देवी, संध्या देवी, पूजा देवी व विद्योतमा देवी, प्रखण्ड समन्वयक अनिता कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विजया लक्ष्मी तिवारी, अरमान अनवर, संदीप कुमार मो जाफर, स्वयं सेवक गोपाल विश्वकर्मा, अमित कुमार रोजगार सेवक प्रेम रंजन, अनुपा टोपो, अलका कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## एसडीजेएम ने पदभार किया ग्रहण



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव का पदभार मंगलवार को रश्मि अग्रवाल ने ग्रहण किया । मालूम हो कि श्रीमती रश्मि अग्रवाल इससे पूर्व देवघर व्यवहार न्यायालय में थीं जिनका स्थानान्तरण तेनुघाट में हुआ। वहीं तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव दीपक कुमार साहू का स्थानांतरण देवघर हुआ । जिनका पदभार तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव ने ग्रहण किया था । आज मंगलवार को एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने साक्षी श्रीवास्तव से पदभार ग्रहण लिया। पदभार ग्रहण करते समय तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी और न्यायिक कर्मी मौजूद थे।

## बड्र्स गार्डन स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा

**राजगंज।** गुरु पूर्णिमा एवं बाल दिवस समारोह के अवसर पर राजगंज के बड्र्स गार्डन स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न । प्रथम दिन सोमवार को गायत्री परिवार की ओर से 24 कुंडिय यज्ञ आयोजित किया गया जिसमे कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राएं ,सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया । वहीं दूसरे दिन बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों को स्कूल परिवार की ओर से मनपसंद भोजन तथा उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयर मेन ए के पाल, प्राचार्य प्रमोद चौरसिया, गायत्री परिवार के बिरजू प्रसाद, श्याम नंदन सिंहा, सभी एडमिन सदस्य, धनबाद व राजगंज गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## ईस्ट बसूरिया ओपी पुलिस ने गृहभेदन का किया उद्भेदन

**सिजुआ।** निचितपुर खटाल नया डिपो निवासी वीरेंद्र यादव के बड़की बौवा 7 नंबर स्थित नए घर में 26 नवंबर के रात्रि को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की समान चोरी कर ली थी। जिसे ईस्ट बसूरिया ओपी पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए 2 सातिर चोर 1. राजा भुईयां और 2. विकाश बाउरी को पकड़ा है। दोनो 7 नंबर बड़की बाउवा के रहने वाले है। जिसका पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके पास से चोरी की गई सभी सामान को बरामद कर लिया गया है तथा सामानों की पहचान वादी से कराया गया है। जिसका पहचान हो गई है।

## वृद्ध जनों का ठंड में ध्यान रखना जरूरी

**बेरमो।** बढते हुए शीतलहर को देखते हुए भाजपा युवा मोर्चा फुसरो नगर अध्यक्ष सुमित सिंह के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वृद्ध महिलाओं और पुरुषों को रात्रि में ठंड से बचने हेतु कंबल वितरण किया गया इस दौरान भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह नगर महामंत्री सूरज सिंहए नगर मंत्री चंदन चौहानएभानु सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोदना एरिया से 100 टन अवैध कोयला जब्त

## कोयला कारोबारियों में मचा हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** काली मंदिर स्थित एक हाइवा कोयला और कुजामा बिजली घर के पीछे छापामारी कर तीन हाइवा कोयला जब्त किया गया। लगभग 100 टन कोयला जब्त किया। वहीं छापामारी की भनक लगते ही घटना स्थल से कोयला चोर गैंग भागने में सफल रहे। लोदना एरिया 10 अंतर्गत कुजामा के दो ठिकानों पर सीआईएसएफ ने छापामारी की। जब्त कोयला को कांटा कराकर बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। छापामारी से कोयला चोरों मे हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों की मानें तो कोयला चोरों द्वारा एक सिंडिकेट बनाया गया है, जिसमें सफेदपोश के साथ कुछ लोगों की मिली भगत से कोयला तस्करी को अंजाम दिया जाता है। मोटरसाइकिल व साइकिल द्वारा दिहाड़ी मजदूरों से कोयला साइडिंग और पोखारिया से निकलवाया जाता है और कम रेट देकर मजबूरी का फायदा उठाते हुए अवैध कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। जब्त कोयला को लेकर पूछे जाने पर सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल कोयला जब्त कर कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया गया है। जिसका काटा स्लीप मिलने के बाद ही पता चल पायेगा की कुल कोयले की वजन कितना था। अब देखना हैं की स्थानीय थाना में बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा मामला दर्ज करवाया जाता हैं या नहीं या विटामिन एम के बल पर लीपापोती होती है।

## देसी कट्टा और गोली के साथ तीन गिरफ्तार



**सिजुआ।** गुप्त सूचना के आधार पर ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, एवम एक बिना नंबर का काला रंग का पल्सर के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार किया है। बाघमारा अनूमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। कि कल दिनांक 27 नवंबर को ईस्ट बसूरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की 1 नंबर कॉलोनी में गोधर के कुछ लोग बिना नंबर के मोटरसाइकिल से हथियार ले कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे हैं, जिसके बाद थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने दल बल के साथ 1 नंबर कॉलोनी पहुंचे जहां से तीन लोगों को एक जिंदा गोली, एक देशी कट्टा एवम एक बिना नंबर के पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किए। तीनों लोगों ने पुछ ताछ के क्रम में अपना नाम 1. सुकरा चौहान, 2. आकाश कुमार नोनिया दोनो गोधर निवासी एवम 3. सुनील चौहान ईस्ट बसूरिया 1 नंबर निवासी बताया। गिरफ्तार अभियुक्त छोटे स्तर से कोयला चोरी का काम करते थे।

# बीसीसीएल के बंद गैरेज के निकट से दो टन लोहा जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी अनुमण्डल के जोरापोखर थाना क्षेत्र के जेएनएमएस स्कूल के समीप बीसीसीएल बंद गिरेज के पास से जोरापोखर थाना पुलिस ने 2 टन लोहा जप्त किया है। वहीं पुलिस की गाड़ी देख मौके पर से लोहा चोर फरार हो गए हैं। जोरापोखर पुलिस द्वारा लोहा चोरों को धर पकड़ के लिए छापामारी जारी है। लोहा तस्करों के दो गुटों में मारपीट,घायल होने की भी सूचना है। आखिर बीसीसीएल प्रबंधन इस मामले पर क्यों चुप्पी साधे हुए रहती है, और वर्कशाप में सीआईएसएफ की तैनाती क्यों नहीं करती है ।उठ रहे हैं सवाल ।बताते चलें की तीसरा थाना क्षेत्र और घनुडीह ओपी क्षेत्र में भी लोहा चोरी बेखौफ हो रही है। कई जगह बीसीसीएल वार्कशॉप से लोहा काटकर ले जा रहे है चोर रोजाना लोहा चोरों द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न वाहनों के माध्यम से लाखों का लोहा झरिया स्तिथ बड़ा गोदाम और अन्य अवैध गोदाम में पहुंचाया जाता है बीसीसीएल, सेल , रेलवे प्रबंधन, सुरक्षा विभाग द्वारा लोहा तस्करों और अवैध गोदाम संचालकों पर लोहा चोरी की प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाने की वजह से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है और बीसीसीएल, सेल कॉलियरी, खदानों क्षेत्र में तस्कर सक्रिय डेरा जमाए हैं और बीसीसीएल, सेल का वर्कशॉप ,वाशरी, बंद खदान आसपास चारो तरफ फेका हुआ स्क्रेप लोहा इनका चारागाह बन गया हैं ।सूत्र बताते हैं कि बनियाहीर के दरबार में लोहा तस्कर राज कर रहा है , स्थानीय स्तर पर हल्ला करने वाले को मैनेज कर रहा और वही गुदरी का लाल भी वैध के बहाने लोहा का अवैध कारोबार कर रहा हैं इनके सागिर्द दो पहिया, पिक अप वाहन के साथ कॉलियरी क्षेत्र में सक्रिय है।

# शहीद शक्तिनाथ महतो शोषितों दलितों की आवाज थे : पवन महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को शहीद शक्ति नाथ महतो की शहादत दिवस शक्ति चौक में मनाया गया। मौके पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने शहीद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शोषित-पीड़ित दबे कुचले वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए शहीद शक्ति नाथ महतो ने जोरदार संघर्ष किया। मुनीडीह कोलियरी में कार्यरत शक्ति नाथ महतो ने मजदूरों को सूदखोरों एवं माफिया शक्तियों से आजाद कराने तथा न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए चरणबाद आंदोलन का बिगुल फुका।शिवाजी समाज के माध्यम से बाल विवाह, दहेज प्रथा एंव नशा उन्मूलन के खिलाफ मुहीम चलाया। लोगों को शिक्षित करने के लिए रात्रि पाठशाला का शुभारंभ किया। आपातकाल के दौरान 22 माह तक धनबाद, भागलपुर तथा मुजफ्फरपुर के जेल में बंद रहे। 22 मई 1975 को कारीटाड़ में हुई बैठक के बाद उनकी हत्या की कोशिश की गई। रात गांव में ही बिताने के कारण अपराधियों के कहर से तो वे बच गए। लेकिन उनके तीन साथी शहीद हो गए। 28 नवंबर 1977 को सुबह 10:30 बजे सिजुआ में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई।

### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, प्रदीप लाला, चंदन महतो, औरधेन्दु दत्ता, किशोर महतो, नारायण महतो, राजेश प्रमाणिक, सुरेश महतो, विनोद महतो, कुलदीप महतो, गणेश महतो, संजय महतो, भोला महतो, प्रदीप सिंह आदि शामिल थे।

# ईएसएल वेदांता के गेट को किया जाम आंदोलन में सुरक्षाकर्मी, ग्रामीण घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** जेबीकेएसएस व युवा संग्राम समिति द्वारा अपनी मांगों को लेकर इलेक्ट्रो स्टील वेदांता के भागाबांध मोदीडीह एवं 47 खाता भागाबांध आरएमएचएस गेट पर हुए संघर्ष में दोनों तरफ से लाठी डंडा एवं रोड़ेवाजी जमकर हुई जिससे मची भगदड़ के दौरान कुंबाटांड़ निवासी लक्ष्मी देवी मूंधनिया गांव निवासी दिलीप महतो व अर्जुन महतो तथा पुलिसकर्मी व सुरक्षाकर्मी सहित दर्जनों लोग घायल हुए। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों निजी वाहन व चंदनकियारी सीओ की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। आंदोलनकारियों के अनुसार कंपनी के सुरक्षाकर्मी द्वारा लाठी चार्ज शुरू हुआ तो कंपनी सूत्रों के अनुसार अंदर जबरदस्ती घुसने एवं उन्हें रोके जाने पर हुई रोड़ेबाजी से भगदड़ की स्थिति बनी। कंपनी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार विधिक प्रावधानों की अनुपालक ईएसएल अपने परिचालन व निकटवर्ती क्षेत्रों में समाज व समुदाय के हितार्थ क्रियाशील व कटिबद्ध है। जून 2023 को ईएसएल जेबीकेएसएस और थाना प्रभारी सियालजोरीः बंगदिया के बीच त्रिपक्षीय चर्चा के सभी 13 बिन्दुओं में से 90ः का समाधान हो चुका है। यदि कोई मामला बचा रह गया होगा तो समझौते के अनुसार उसका निपटारा कर दिया जाएगा। कानून को अपने हाथों में लेने या किसी प्रकार के हिंसक कार्यों की कंपनी कठोर निंदा करती हैं पर रचनात्मक व सृजनात्मक संवाद के लिए हमारा दरवाजा सदैव खुला है।

## बोकारो में गर्ग गंगा दीपोत्सव संपन्न

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा गरगा नदी के किनारे हजारों दीप जलाकर गर्ग गंगा दीपोत्सव मनाया गया। गरगा नदी की पूजा अर्चना पश्चात उपस्थित सबों ने हाथों में दीपक लेकर आरती की और दीप को नदी में प्रवाहित किया। नदी तट पर हजारों दीपक जलाकर अलौकिक गर्ग .गंगा दीपोत्सव मनाया गया। मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि गरगा नदी का पौराणिक नाम गर्ग गंगा था जो अपभ्रंश होकर गरगा हो गया। संस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय ने इस नदी को बचाने हेतु संघर्ष की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि गणेश मिश्र ने नदी को प्रदूषण मुक्ति हेतु हर संभव सहयोग हेतु संस्थान को आश्वासन दिया।

# स्वास्थ्य विभाग के कार्य से ग्रामीण नाखुश, किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी/चिरकुंडा।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आज तीसरा दिन निरसा विधानसभा के एगारकुण्ड, कलियासोल और निरसा प्रखंड में आयोजित है। कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही एग्यारकुंड के चांच पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथियों ने दीपप्रवजलित कर किया । कार्यक्रम के सम्बंध में बताया गया कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके। बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे का स्टॉल लगाया गया है। लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा ग्रामीणों को सहयोग नही किये जाने तथा सरकार को बदनाम करने की साजिश करने की शिकायत झामुमो एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन ने बीडीओ से किया। कहा कि ऐसे कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर बीडीओ बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ राजवार, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार शुक्ला,चांच पंचायत मुखिया प्रमिला देवी, शिक्षक प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद थे।

# मोनिका बलात्कार कांड पर बनेगी वेब सीरीज



**बोकारो।** बोकारो के अरविंद विलाश स्वामी अब जी.5 चैनल के लिए बनने वाले वेब सीरीज कांड का लेखन व निर्देशन करेंगे। यह वेब सीरीज वर्ष 1999 में घटित दिल दहला देने वाले मोनिका बलात्कार कांड पर केंद्रित होगी। इस वेब सीरीज के मुहूर्त पर विश्वजीत कुमार बसंत कुमार रमण चौधरी आदि उपस्थित थे। श्री स्वामी ने बताया कि इसकी शूटिंग 15 दिसंबर से बोकारो में शुरू होगी जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध अभिनेता सौरभ शुक्ला संजय मिश्रा तमन्ना जायसवाल त्रिपुरारी यादव परितोष कुमार बोकारो के आर्टिस्ट विश्वजीत कुमार रामजस आदित्य फाल्गुनी पिंकी रिया निरंजन आदि विभिन्न भूमिकाओं में होंगे। इस वेब सीरीज के लिए बोकारो के कुछ और कलाकारों के चयन हेतु सेक्टर 4 स्थित मानसरोवर के वैंक्वेट हॉल में ऑडिशन होगा। सीरीज के असिस्टेंट डायरेक्टर आशुजीत मैनेजर संजीव कुमार झा कैलाश शर्मा होंगे।

# खेलकूद से भैया-बहनों में होता है अनुशासन का विकास

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** बाघमारा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथ्य में तीन दिवसीय (28 -30 नवंबर )विद्या भारती,34 वाँ खेलकूद(शिशु वर्ग) समारोह का शुभ उद्घाटन मंत्रोचारण एवं शंखध्वनि के साथ मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा के किड़ा मैदान में अतिथियों के द्वारा हनुमत पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव,प्रदेश अध्यक्ष ने विद्या भारती के लक्ष्यों को स्पर्श करते हुए कहा कि आज बच्चों में शिक्षा के साथ अनुशासन, परस्पर सहयोग जैसे सद्गुणों की अति आवश्यकता है,और इसका विकास खेलकूद के माध्यम आता है। वहीं विशिष्ट अतिथि धनबाद क्षेत्र के प्रबंधक कार्मिक भा.को.को.लि. कोयला भवन ,धनबाद सह अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं अंतर्राष्ट्रीय एथलीट किरण रानी नायक ने कहा कि आज खेलकूद न केवल मनोरंजन का माध्यम रह गया है बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के साथ आर्थिक उन्नति का भी माध्यम है। प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने प्रस्तावित भाषण में प्रतिभागियों को कहा कि अनुशासनपूर्वक , निरन्तर अभ्यास एवं सच्ची लगन से खेल में सफलता प्राप्तकर सकते हैं।जबकि उद्घाटन की घोषणा विद्यालय। प्रबन्धकारणी सचिव विनय कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। अंतरराष्ट्रीय एथलीट किरण रानी नायक ने ध्वजारोहण कर खेल का शुभारंभ किया। अध्यक्षीय आशीर्वचन में माधव सिंह ने कहा कि बाघमारा में इस तरह के खेलकूद का होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने खेलकूद की सफलता की मंगलकामना की। खेलकूद समारोह के शुभ अवसर पर विद्यालय के भैया -बहनों द्वारा मनमोहक एवं मंत्रमुग्ध रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। झारखण्ड के विद्या विकास समिति,से लगभग 600 प्रतिभागी खेलकूद में भाग ले रहे हैं।अतिथि परिचय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने किया तथा मंच संचालन रमेश जी, विभाग निरीक्षक, विद्या विकास समिति , झारखण्ड के द्वारा किया गया।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष माधव सिंह ने किया।

### मौके पर थे ये लोग मौजूद

इस अवसर पर प्रतिभागी भैया-बहनों के साथ विद्या भारती पुणकालिक उपस्थित थे । विद्या विकास समिति झारखण्ड के सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय,,रमेश कुमार,विभिन्न विद्यालय से पधारे निर्णायक एवं संरक्षक विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव विनय पाण्डेय,कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल,तथा कई गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक मौजूद थे।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड के प्रखण्ड/पंचायत/जलाशय स्तरीय मत्स्जीवी सहयोग समितियों के लिए अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड के झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक 1325, दिनांक 11.10.2023 के आलोक में झारखण्ड सहकारिता अधिनियम–1935 एवं झारखण्ड स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के प्रावधान के अन्तर्गत गठित प्रखण्ड/पंचायत/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में बंदोबस्ती मुक्त मत्स्य विभाग के राजस्व जलकर कोलेबिरा थाना तालाब की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक के लिए आपके साथ किया जाना है। उक्त हेतु सरकारी नियमावली बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का पत्रांक 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में वांछित कागजात दिनांक 14.12.2023 तक कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में समर्पित करते हुए राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती प्राप्त करेंगे। पूर्व में PR 297063 Fish(23&24)#D द्वारा विज्ञापन प्रकाशन के विरूद्ध कोलेबिरा प्रखण्ड से एकमात्र समिति, प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा तालाब बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा को प्राप्त है। अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा के आदेश के आलोक में अन्य इच्छुक प्रखण्ड/ पंचायत /जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से दिनांक 14.12.2023 तक बन्दोबस्ती प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है अन्यथा राजस्व हित में पूर्व में प्रस्ताव प्राप्त म0जी0स0स0 के साथ कोलेबिरा थाना तालाब की बन्दोबस्ती दे दी जाएगी।

| क्र0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोलेबिरा थाना तालाब | कोलेबिरा | कोलेबिरा | कोलेबिरा | 164 | 6, 1185, 1186 | 2.72 | 25000.00 | 2023–24 से 2025–26 |

PR.NO.312186 Fish(23-24):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा

**E-Mail ID – chatrasco@gmail.com**

### आम सूचना।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉंची राज्यादेश सं0 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में कोडरमा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र वितरण की योजना।**

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 H.P तथा 3.5–5.0 H.P) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 सं0 | पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | विभाग द्वारा देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 120 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 20000.00 रूपया |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 15 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 30000.00 रूपया |
| 3 | 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type) | OSP- 07 | 90 प्रतिषत या अधिकतम 90000.00 रूपया |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेंगे।

मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनी ट्रैक्टर /रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-05 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 500000.00 रूपया |
| 2 | पावर टीलर/रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र | OSP-05 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 160000.00 रूपया |

नोट:–
1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों के पास कृषि यंत्र हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे।
7. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्या योजना) के द्वारा कृषि यंत्रो/पम्पसेट एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
8. इस योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों द्वारा मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रो के क्रय स्वयं के व्यय पर क्रय करने पर अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरण किया जायेगा।
9. आवेदन विहित प्रपत्र में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कोडरमा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
10. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित दिनांक 03.12.2023 तक जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कोडरमा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा/जिला सयुक्त कृषि भवन जिला–कोडरमा

निवेदक
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 312095 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D

# डीपफेक पर शिकंजा

डीपफेक मामले में सरकार कमर कस चुकी है और पंद्रह दिन में नया कानून लाने की बात कर रही है, जिसमें पुराने नियमों में बदलाव करके नये सख्त नियम जोड़ने की बात सामने आई है। उल्लेखनीय है कि इस तकनीक के गलत इस्तेमाल से बने सेलिब्रिटीज के भी कई डीपफेक वीडियो वायरल हुए हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्रा रश्मिका मंदाना, काजोल व कटरीना आदि के नाम सामने आए हैं। दरअसल, ऐसा नहीं है कि डीपफेक के मामले केवल भारत तक ही सीमित हों। विगत में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा व मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। दरअसल, डीपफेक बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये किसी की फर्जी तस्वीर या वीडियो बनाया जाता है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमता के एक प्रकार डीप लर्निंग का प्रयोग किया जाता है, जिसके चलते इसे डीपफेक कहा जाता है। दुनिया में अश्लील सामग्री तैयार करने में बड़े पैमाने पर इस तकनीक का प्रयोग किया जाता रहा है। इस मामले में तकनीकी विस्तार से समाज पर खासा प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हर साल हजारों की संख्या में डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित होते रहते हैं। दरअसल, इस तकनीक का प्रयोग महिलाओं की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिये किया जाता रहा है, जिसके लिये फिल्म व संगीत से जुड़ी हस्तियों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है। कुछ साल पहले भारत में फर्जी वीडियो बनाकर संप्रदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया गया था। ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ महिलाएं ही इस फर्जी तकनीक का शिकार होती हैं। पुरुष भी इस भ्रमजाल का शिकार बनते हैं। लेकिन सामान्यतः पुरुष ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेते। बहरहाल, यह रोग समाज को घुन की तरह खोखला कर रहा है। यह मानसिक यातना का एक बड़ा हथियार बनता जा रहा है।

# नारी शक्ति आगे

राजस्थान विधानसभा चुनाव में इस बार 75.45 फीसदी मतदान हुआ है। प्रदेश की 74.72 प्रतिशत महिलाओं और 74.53 प्रतिशत पुरुषों ने ईवीएम के जरिए मतदान किया है। यानी 0.19 फीसदी महिलाओं ने वोट देकर नई सरकार चुनने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई। मतदान करने में महिलाएं पुरुषों से लगातार आगे हैं। 2013 के विधानसभा चुनाव के बाद से ये आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। इस चुनाव में 75.44 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया था। इसी तरह 2018 के चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत 74.67 रहा था, जबकि 73.49 फीसदी पुरुषों ने मतदान किया था। यानी 1.18 फीसदी महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोटिंग की थी।इन दो विधानसभा चुनाव के आंकड़ें देखें तो महिलाएं पुरुषों के मुकाबले वोट करने में काफी पीछे रहीं। 2003 में 64.21 फीसदी महिलाओं और 69.91 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की वोटिंग 5.7 फीसदी कम रही है। राजस्थान में चुनावी प्रकिया जिस प्रकार की लोकतांत्रिक मूल्य नजर आते हैं इसमें यहआकड़ा पूरे देश के लिये एक सबक है जहां नारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। राजस्थान परम्परागत व्यवस्था के लिये जाना जाता रहा है लेकिन इस बदलाव ने नये राजस्थान की सोच को देश ही नहीं दुनिया में स्थापित किया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की सक्रियता भारतीय लोकतंत्र का एक उदयमान पहलू है जो निश्चित तौर पूरे देश के लिये एक सबक है। महिलाओं को पंचायत में आरक्षण के बाद अब देश के संसद और विधानसभाओं में भी 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था का मार्ग साफ होने से देश में एक बड़ा उत्साह है। निश्चित ही हमारी लोकतंत्र के मूल्य और महत्व में वृद्धि का यह एक बड़ा उदाहरण राजस्थान ने प्रस्तुत कर दिया है।

# नोटा आज कितना प्रासंगिक है इस पर चिंतन हो





-राजेन्द्र शर्मा

> राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधान सभा चुनावों में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया।` नोटा का बटन दबाकर विरोध के बचाय वोट देकर भी विरोध हो सकता है

**भले** ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानि कि नन ऑफ द अबव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता।

पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की शिकायत करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है वहीं मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानि कि नन ऑफ द अबव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका खास असर नहीं पड़ता।

राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधान सभा चुनावों में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधान सभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो 4 करोड़ 77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दशार्या। अब एक ओर 2018 में नोटा प्रयोग में कमी आई है तो इसके साथ ही नोटा अपने आप में नकारात्मकता को दशार्ता है। हालांकि आपने नोटा का प्रयोग कर यह संदेश दे दिया कि आपकी नजर में कोई भी उम्मीदवार खरा नहीं उतर रहा पर सोचने वाली बात यह भी है कि इनमें से कोई एक उम्मीदवार ही विजयी होगा।

आपका नोटा का बटन जीत हार के अंतर को तो कम कर सकता है। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानि कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता।

तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस में 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविदों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है।

आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोग इसका लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता।

पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए।

## खास बात

# विकास की बांसुरी

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**देश** में केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' को चरितार्थ कर रही हैं। पौराणिक स्थलों के विश्वस्तरीय विकास को देश और सम्बन्धित प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जोड़ा गया है। इसके अभूतपूर्व सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। उज्जैन और काशी में पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। अयोध्या में भी जनवरी से ऐसा माहौल दिखाई देने लगेगा। मथुरा-वृंदावन का भी वैश्विक पर्यटन की दृष्टि से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मथुरा में ब्रज विकास परिषद का गठन किया है। इसी परिषद के माध्यम से व्यापक कार्य सम्पादित हो रहे हैं। अयोध्या में दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड कायम हो चुका है। ब्रज क्षेत्र भी फागुन में रंगोत्सव में सराबोर होने लगा है। मथुरा रंगोत्सव को विश्व में प्रतिष्ठित किया गया है। यहां के कण-कण में बिहारी जी और राधा जी का दर्शन होता है। मथुरा की सात्विकता,वैष्णो भाव और पवित्रता को देखकर दुनिया को भक्ति की शक्ति की अनुभूति होने लगी है। मथुरा, वृन्दावन, बरसाना बलदेव, गोवर्धन और गोकुल को तीर्थ स्थल का दर्जा दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में मथुरा पहुंचे। उन्होंने बड़ा संदेश दिया। बोले-जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व इस पवित्र तीर्थ को मिलना चाहिए था वो हुआ नहीं। जो लोग भारत को उसके अतीत से काटना चाहते थे, जो लोग भारत की संस्कृति और उसकी आध्यात्मिक पहचान से विरक्त थे, जो आजादी के बाद भी गुलामी की मानसिकता नहीं त्याग पाए। उन्होंने ब्रज भूमि को भी विकास से वंचित रखा। लेकिन अब राम मंदिर की तिथि भी आ गई है। अब वो दिन दूर नहीं जब यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे। भारत हमेशा से नारी शक्ति का पूजन करने वाला देश रहा है। कृष्ण के आगे भी राधा ही लगा है। हमारे देश में महिलाओं ने हमेशा जिम्मेदारियां भी उठाईं और समाज को लगातार मार्गदर्शन भी किया है। मीराबाई जी इसका भी एक प्रखर उदाहरण रही हैं। मीराबाई पथ प्रदर्शक रही हैं।

# मारीच की सलाह

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने सोचा कि गुरु जी ने अगस्त्य जी के बारे में बताया अतः उनके द्वारा जो भी बताया जा रहा है वह सही हो रहा है सही रास्ता है। गुरु स्वयं न बोलकर किसी दूसरे को बता देते हैं, मुर्करर कर देते हैं तो उसकी बात भी गुरु की बात मान जी जाती है। क्योंकि उनके द्वारा ही वे बताये हुए हैं। इसलिये अगस्त्य जी ने जो कुछ कहा उसके अनुसार श्रीराम जी ने खर-दूषण का सेना सहित बध किया। यही उनकी भक्ति है।

होइहिं भजनु न तामस देहा। मन क्रम वचन मंत्र दृढ़ एहा।। जौं नररूप भूपसूत कोऊ। हरिहऊं नारि जीति रन दोऊ।। शूर्पनखा की बात सुनकर रावण सोचने लगा कि खर और दूषण अति बलशाली था। अगर खर और दूषण दोनों का वध हुआ है तो अवश्य ही यह कोई अवतारी पुरुष है। वह अवतारी है कि नहीं इस बात का पता कैसे चलेगा? मैं उनकी स्त्री का हरण कर लेता हूं, अगर वे अवतारी होंगे ज्ञान संपन्न होंगे तो उनके अंदर ज्ञान के कारण दुख नहीं होगा और अवतारी के स्थान पर साधारण मनुष्य होंगे प्रकृति के भीतर के होंगे तो मेरे द्वारा मारे जायेंगे। इस तरह का विचार आने के बाद वह अपने मामा मारीच के पास गया। मारीज रूप बदलने में माहिर था। वह पूछा आने का कारण क्या है? जब रावण से सारी बात बतायी मारीच ने कहा जो आपने नाम बोला है क्या वे अयोध्या के हैं? हां राजा दशरथ के बेटा हैं। रावण हमलोगों की भेंट हो चुकी है। मैं और सुबाहु ताड़का के साथ बक्सर में रहते थे। हमलोग यज्ञ विध्वंस करने का काम करते थे। ये दोनों उस समय किशोर अवस्था में थे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**संविधान** दिवस को होटल ताज में हुए आतंकवादी हमले में शहीद कमांडो को मेरी श्रद्धांजलि। मैं न उस दिन को भुला हूँ न भूलूंगा, जब पूरा भारत का नारा था 'आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब एन. एस. जी जिन्दाबाद'।
**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

पूज्यनीय दादाजी अमर वीर शहीद मास्टर सोबरन मांझी जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। आदरणीय बाबा दिशोम गुरु के साथ नेमरा में पूज्यनीय दादाजी अमर वीर शहीद सोबरन मांझी जी के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। **–हेमंत सोरेन,सीएम**





**वीर** तुम बढ़े चलो
धीर तुम बढ़े चलो
वॉटर गन की बौछार
हो या गीदड़ भभकी हजार
हो, तुम निडर डरो नहीं
तुम निडर डटो वहीं
वीर तुम बढ़े चलो
अन्नदाता तुम बढ़े चलो!
**–राहुल गांधी, सांसद**

## कार्टून वर्ल्ड



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### युद्ध की विभीषिका

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा की बैठक युद्धविराम के पक्ष में 120, विरोध में 14 तथा 45 देश अनुपस्थित रहे। इससे स्पष्ट है युद्धविराम होना चाहिए किंतु अनुपस्थित देशों में भारत की मंशा युद्ध विराम से अधिक आतंक समाप्ति पर जोर देने की रही है। वस्तुतः 8000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 20 लाख संघर्षरत हैं। परेशानियां कम नहीं होने वाली।
**–रिंकू, रातू**

### जानने का हक

**समाचार** नागरिकों को चंदे का स्त्रोत जानने का हक नहीं विषय में एटार्नी जनरल द्वारा दिए गए तर्क समझ से परे हैं। सवाल उठता है कि जिस दानदाता ने कर दायित्वों का पालन करते हुए दान दिया हो, उसे गोपनीयता की जरूरत क्या है। राजनीतिक दलों को दी जाने वाली दान की मोटी रकम महज दानशीलता की परिचायक हो, ऐसा तो नहीं लगता।
**– रविकांत राय, रांची**

# क्या राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुक हैं?

**मनोज शर्मा**

## सामयिक

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, वह लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश में एक संवैधानिक लोकतांत्रिक परंपरा है और इसमें राजनीतिक दलों का अपना एक महत्व है। राजनीतिक दल भी हमारे संविधान की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन संविधान की भावना को चोट तब पहुंचती है, जब राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो देते हैं।' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो दल स्वयं लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हो, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा, ह्यह्यकश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदुस्तान के हर कोने में जाइए...आज भारत एक ऐसे संकट की तरफ बढ़ रहा है जो संविधान के समर्पित लोगों के लिए चिंता का विषय है। लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वालों के लिए चिंता का विषय है और वह है पारिवारिक पार्टियां।' उन्होंने कहा, पार्टी फॉर द फैमिली... पार्टी बाय द फैमिली... अब आगे कहने की जरूरत नहीं लगती है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस ने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बाद शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं और संविधान की मूल भावना पर आघात कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने यह भी कहा कि यह सरकार प्रजातंत्र और संविधान के जश्न के आयोजन में विपक्ष का सम्मान नहीं करती और संसदीय लोकतंत्र का अपमान करती है, जिस कारण कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम से अलग रहने का फैसला किया। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद संविधान दिवस के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, सरकार कोई अवसर नहीं छोड़ती कि संविधान और संवैधानिक परंपराओं को दबाकर निर्णय लिया जाए।" शर्मा ने दावा किया, देश में कई समस्याएं और विकट परिस्थितियां पैदा हुई हैं। सरकार ने जिस तरह से कानून बनाए, उससे समाज में टकराव और और उत्तेजना पैदा हुई है। तीनों कृषि कानूनों को लेकर यही हुआ। हमने सरकार से कहा था कि विधेयक पारित कराने की एक प्रक्रिया होती है। सरकार ने प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। यही कारण है कि किसानों का एक साल तक आंदोलन चला और अब सरकार कानूनों को वापस ले रही है। अगर विपक्ष की बात सुनते तो इतना बड़ा संकट नहीं आता।' उन्होंने कहा, अभी भी समय है। सरकार अपनी कार्यशैली और अपनी मानसिकता बदले। वह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर सहमति बनाए।" उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह जानते हैं कि आजादी के संग्राम में उनके वैचारिक पूर्वजों का कोई योगदान नहीं था, बल्कि वो लोग अंग्रेजों के साथ मिले हुए थे। ऐसे में वो दूसरे नायक ढूंढ रहे हैं।' शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री दूसरे दलों को नसीहत नहीं, बल्कि हमने जो मुद्दे उठाए हैं, उस पर जवाब दें।'

लेकिन पूरे प्रकरण में यह बात भी सामने आती है कि किन कारणों से मोदी सरकार अधिक से अधिक अध्यादेश का उपयोग कर रही है? निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों का उदेश्य जनता के हित से अधिक चुनाव जीतना होता जा रहा है जिससे देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही है तो यह प्रयास सबसे अधिक सत्तारूढ़ दल को ही करना होगा।

# एक बार फिर पूरी दुनिया परेशान, चीन में बच्चों में फैली रहस्यमय बीमारी

## समस्या

एक बार फिर पूरी दुनिया चीन में बच्चों में फैली रहस्यमय बीमारी को लेकर बेहद खौफजदा है। ढीठ चीन पहले की तरह ऐंठा हुआ है कि किसी नई बीमारी के संकेत वहां नहीं मिले हैं। जो हैं सभी पहले से मालूम बैक्टीरिया-वायरस हैं जो बच्चों में फैल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीजिंग से पूछा तो उसने बताया कि कुछ भी असामान्य नहीं है। यह साधारण बीमारी है। लेकिन उसकी चालबाजी यहीं समझ आती है कि जब बीमारी सामान्य है तो फिर क्यों विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड पाबंदियों को हटाना, इन्फ्लूएंजा, बच्चों में एक आम जीवाणु संक्रमण यानी माइकोप्लाज्मा निमोनिया और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस यानी आरएसवी को बताते हैं? कहीं चीन बीमारी की सच्चाई जानकर भी दुनिया को दोबारा धोखा देने की फिराक में तो नहीं? क्यों विश्व स्वास्थ्य संगठन भी लोगों से अपील कर रहा है कि साफ-सफाई का ध्यान रखें और श्वांस संबंधी किसी भी लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से मिलें।

पड़ोसी नेपाल ने न केवल अलर्ट जारी किया बल्कि बीमारी की जानकारी न देने पर चीन से नाराजगी भी जताई है। कोविड-19 सरीखे लक्षणों वाली नई बीमारी के चीन में जितने भी टेस्ट हुए हैं उनमें चीन ने कोरोना को खारिज किया है। लेकिन क्यों विशेषज्ञ इतने दिनों के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? बीमारी कैसे फैल रही है? इसे लेकर बीजिंग खामोश है। इसी 13 नवंबर को उसके राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया था कि वहां एक नया संक्रमण तेज फैल रहा है। बच्चे ज्यादा चपेट में आ रहे हैं।

इन्फ्लूएंजा अमूमन जल्द काबू आता है। जब नहीं आया तब 21 नवंबर को सार्वजनिक रोग निगरानी प्रणाली (प्रोमेड) ने उत्तरी चीन में रहस्यमय न्यूमोनिया जैसी बीमारी सार्वजनिक की। देखते-देखते अस्पताल मरीजों से भरने लगे, जो रुकने का नाम ही ले रहे। यहीं से चिंता और चीन के पुराने झूठ और दोगलेबाजी पर ध्यान गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन को चेताया कि बीमारी के जोखिम को कम करने खातिर टीकाकरण और मरीजों से जरूरी दूरी बनाकर क्वारांटाइन करें और जांच कराएं। यह भविष्य के गर्त में है। यह सही है कि पिछले दो-तीन माहों से भारत में बुखार का एक अजीब दौर दिख रहा है, जिसमें मरीज को पूरी तरह से ठीक होने में 10 से 15 दिन लग रहे हैं। ऊपर से पूरा शरीर टूटता है तथा जबरदस्त कमजोरी के साथ खांसी की शिकायत भी रहती है। चीन का रहस्यमय इन्फ्लूएंजा भी भारी पड़ रहा है। चिकित्सक भी सलाह देते हैं कि ऐसी कोई भी बीमारी या मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो तुरंत जांच व परामर्श लिया जाए।

प्रायः वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण बुखार पैदा करता है जो ठंड में या दूसरे मौसम में भी संभव है। इसमें नाक बहना, खांसी, सांस की लघुता यानी शॉर्टनेस ऑफ ब्रीद (एसओबी), उल्टी और दस्त भी हो सकता है। सभी मामलों में जरूरी नहीं कि यही लक्षण हों। इसके कई दूसरे कारण भी हो सकते हैं जैसे एडेनो वायरस, इन्फ्लूएंजा वायरस, एंटरोवायरस, राइनोवायरस और कोविड वायरस जैसे तमाम वायरस जिम्मेदार हैं। वहीं कुछ सामान्य से बैक्टीरिया और कुछ असामान्य बैक्टीरिया जैसे स्पाइरोकेट्स जिससे सिफलिस और लाइम रोग तो लेप्टोस्पाइरासे नाक, मुंह, आंखों में जानवरों के मल-मूत्र से दूषित पानी या मिट्टी के चोटिल त्वचा पर लगने से फैल कर जीवन-घातक बीमारियों में बदल जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हजारीबाग में आग से 6 साल की बच्ची की मौत, चार झुलसे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मालवीय मार्ग पर कार्तिक पूर्णिमा पर मिट्टी के दीए जलाये गये थे**

**हजारीबाग।** शहर के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में आग लगने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि चार लोग झुलस गए, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग से लाखों का सामान राख हो गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मिट्टी के दीए जलाए गए थे।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग पहले टेंट हाउस के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद धीरे-धीरे ऊपरी तल पर भी पहुंच गई। तीसरे तल पर करीब दस लोग घरों में फंस गये। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू कर पांच लोगों को बाहर निकला, जिन्हें तुरंत प्राथमिक इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची की मौत हो गई और चार लोगों को स्थिति गंभीर बनी हुई है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि आग बाजार क्षेत्र में एक निजी आवास में लगी और यह तेजी से आसपास की इमारतों में फैल गयी। हालांकि, पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। एसपी ने बताया कि आग की चपेट में आने से अन्नु नाम की



छह साल की बच्ची की मौत हो गयी और चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

# मांडू में कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़, मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद दोनों कार पर सवार लोग कार छोड़कर भाग गये। मांडू पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों सहित क्षतिग्रस्त तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जोड़ाकरम मांडू निवासी दीनू हंसदा एवं नंदलाल मांझी पैशन प्रो मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 जे 2678 पर सवार होकर रिलायंस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गए थे। मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेकर वापस लौटने के क्रम में तेज रफ्तार से हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 09 ए वी 8229 ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दीनू मांझी व



नंदलाल मांझी को कार ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। खबर पाकर मांडू पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए 407 वाहन पर लदवाकर थाने ले आई। घटना को लेकर सड़क पर भीड़ जमा थी। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से तेज गति से आ रहे एक बलेनो कार संख्या बीआर 01ई एक्स 1973 ने मांडूडीह निवासी गिरधारी साव (55वर्ष) पिता जोधी साव को धक्का मार दिया। जिससे गिरधारी साव की मौके पर हीं मौत हो गई। घटना के बाद कर चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। लोगों ने इसकी सूचना मांडू पुलिस को दी। गश्ती दल ने हेसागढ़ा पुल के पास बैरियर लगा दिया। इधर बैरियर लगा देखकर चालक कार को सड़क के किनारे खड़ा कर भाग गया। पुलिस उक्त कार को कब्जे में लेकर थाना परिसर ले आई। वहीं, गिरधारी साव को मांडू स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पंडित मदन गोपाल पाठक का निधन



**रामगढ़।** पतरातू निवासी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मदन गोपाल पाठक के निधन पर क्षेत्र के कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। वे क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य थे। जिनके पास अपनी समस्याओं के समाधान के बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रसदा स्थित कोफर डैम नदी तट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर, उनके निधन पर कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, सिद्धनाथ सिंह, लबगा पंचायत मुखिया लालू महतो, पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा, कटिया पंचायत मुखिया किशोर महतो, वरिष्ठ कांग्रेसी ननकी सिंह, दिलीप सिंह, विरेंद्र झा, महेंद्र कुमार महतो, समाज सेवी भुनेश्वर्री संह, चिकित्सक डॉ डी लाहा,सुरेश साहा, राजकुमार, संजय सिंह, वूचन पांडे सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## सौंदा में महात्मा ज्योतिबा फुले के मनी 133वीं पुण्यतिथि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में मंगलवार को सेंट्रल सौंदा में देश के महान वीर सपूत, सत्यशोधक समाज के संस्थापक, वीर योद्धा व ब्रिटिश गवर्नमेंट से लोहा लेने वाले समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 133वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के अध्यक्ष पिंटू मालाकार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद समिति के महासचिव रवि कुमार, धनंजय कुमार भगत व रामकृपाल मालाकार आदि महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# शिविर में मिले सभी आवेदनों का तत्काल करें निष्पादित : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के कोनरा पंचायत में शिविर लगा। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। श्री अकेला ने कहा कि जो भी शिविर में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है, पदाधिकारी उनका नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर रहे है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का प्रयास करें। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर विधायक ने स्टाल के



माध्यम से आम जनों को दी जा रही जानकारी व लाभ का जायजा लिया। वही विधायक श्री अकेला ने स्टॉलों पर प्रतिनियुक्ति अधिकारियों व कर्मियों को किसी भी योग्य लाभुक का सरकार की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अबुआ आवास से सम्बंधित 220 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं 30 धोती साड़ी वितरण व 30 कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर दीपक कुमार, प्रशांत कुमार, मो परवेज, महेंद्र कुमार सहित अन्य प्रखड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## सभी बिरहोरों का आइडी कार्ड बनायें : बीडीओ

**बरही।** केवाल बिरहोर टोला में बूथ संख्या 285 में वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। संजय कुमार, मंत्रिमंडल निर्वाचन, उप निर्वाचन अधिकारी (राज्य मुख्यालय) झारखंड, मां देवप्रिया उपनिर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग, पूनम कुजुर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ मौजूद रहे। क्रिस्टीना रिचा इंदवार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ बरही ने कैंप से सम्बंधित पूरी जानकारी देते हुए बताया कि आज के कैम्प में एक बिरहोर परिवार से किशोर बिरहोर का नाम जोड़ा गया और अन्य एक का सुधारा गया है। पूर्व में ही 97 बिरहोर का नाम वोटर आईडी में दर्ज है। पदाधिकारियों ने बिरहोर परिवार के द्वारा बनाये गए झुग्गी झोपड़ी का नजारा देखकर कहा कि आज भी बिरहोर परिवार पुराने तौर तरीके से ही गुजर बसर कर रहे है। उन्हें सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिए जाने का सरकार की ओर से पूर्व से ही निर्देशित है।

# अडाणी फॉउंडेशन को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

**झारखंड समेत कई राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया सम्मान**

**बड़कागांव।** अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को वर्ष 2023 के ग्रीनटेक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। ग्रीनटेक फॉउंडेशन की और से अदाणी के प्रतिनिधियों को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हुए एक समारोह में प्रदान किए गए। अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा झारखण्ड के हजारीबाग,छत्तीसगढ़ में सरगुजा एवं रायगढ़ जिलों सहित मध्यप्रदेश के सिंगरौली, ओडिशा के सम्बलपुर और सुंदरगढ़, महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सामाजिक सरोकारों की विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही है। जिनमें अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से रेमेडियल कोचिंग क्लासेस, नवोदय




कोचिंग क्लासेस, मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मुफ्त स्कूल बस की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा आदिवासी लड़कियों के लिए साइकल और खेलों के लिए भी विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा में अब तक 100 आदिवासी लड़कियां सफल हो चुकी हैं। वहीं, सरकारी स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति 45 से बढ़कर 70% हो चुकी है। 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अब तक नीट ओर खएए की प्रवेश परीक्षा में सफलता पायी है। इसी कड़ी में अदाणी फॉउंडेशन ने अब तक 50 से अधिक सरकारी स्कूलों और 65 आँगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी बदलाव भी लाया गया है। सम्मान मिलने के बाद कंपनी ने कहा, ह्लअदाणी फाउंडेशन के सहयोग से शिक्षा को बढ़ावा देने में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले 10वें ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड 2023 से हम सभी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारी शिक्षा परियोजनाएं अदाणी विद्या मंदिर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, सरकारी स्कूलों को बेहतर करने और प्रतिस्पर्धी परीक्षा कोचिंग की व्यवस्था के साथ-साथ शैक्षिक किट वितरित करने पर केंद्रित हैं। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र में जिन जगहों पर हमारी परियोजनाएं चल रही हैं।

## स्पीड न्यूज

### विस्थापितों ने किया चक्का जाम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने 14 सूत्री मांगों को ले मंगलवार को बलकुदरा परियोजना में चक्का जाम किया। इस दौरान समिति के लोगों ने बलकुदरा में चल रहे री-हैंडलिंग का कार्य पूरी तरह से ठप करा दिया। विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति द्वारा आयोजित एकदिवसीय चक्का जाम आंदोलन का नेतृत्व गिरधारी गोप, मनोज मांझी, विकास सोरेन, प्रेम कुमार साहु, अजय तुरी, रामदास बेदिया, अनिल सोनी, गणेश बेदिया, इंद्रदेव मुंडा, गोविंद बड़ाईक, चंदर पाहन, बलकहा विश्वकर्मा, राजदेव मुंडा, सतीश सिंह, नरेश बेदिया, बलदेव प्रजापति, घुजन देवी, बोगन देवी, सुनीता देवी, कालेश्वर बेदिया, निर्मल मुंडा, बबन पांडेय, ताराचंद करमाली, राजन तुरी आदि कर रहे थे। इस दौरान जुलूस के शक्ल में सैंकड़ों की संख्या बलकुदरा पहुंचे महिला-पुरूषों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्य ठप करा दिया। साथ ही एक स्वर में कहा गया कि प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी। हमारी मांगों को मानना ही होगी। प्रबंधन ने समिति के साथ वार्ता की। सीसीएल प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा जो मांग-पत्र दिया गया है उसपर विस्तारपूर्वक चर्चा के लिए आगामी 6 दिसंबर को परियोजना कार्यालय भुरकुंडा में बैठक आयोजित की जायेगी। वार्ता में तीन पक्ष विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के प्रतिनिधि, सीसीएल के प्रतिनिधि एवं पीएसएमई के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### तोपा में छठ तालाब का शिलान्यास



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना अंतर्गत तोपा सरना ग्राउंड में सोमवार को छठ तालाब निर्माण पीओ मनीष कुमार, मैनेजर एमके सिंह, यजमान अमरदीप कुमार को पंडित विकास पांडेय ने तालाब निर्माण का शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि तालाब के नहीं रहने से हर साल छठ पूजा समिति द्वारा सरना ग्राउंड में आर्टिफिशियल तालाब का निर्माण कराया जाता था। जिससे समिति के सदस्यों के साथ-साथ छठ व्रतियों को परेशानी होती थी। लेकिन हाल के दिनों में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के समक्ष समस्या को रखा गया। इस पर उन्होंने सांसद फंड से तालाब निर्माण कराने के लिए 10 लाख रुपए देने का घोषणा की था। मौके पर पर्सनल मैनेजर अविनाश श्रीवास्तव, आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, धीरूभाई उपाध्याय, गुड्डू रजक, बूटी तिवारी, धनेश्वर मांझी, मांझी, रामचरण दास बंटी, विकास, विजय आदि मौजूद थे।

### परवरिश में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कुजू।** गुरु नानक जयंती पर परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस दौरान शबद कीर्तन और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुआ। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रतीकात्मक सिख पोशाक पहनकर प्रदर्शनी की। इस दौरान रचनात्मकता का स्पर्श जोड़ते हुए उत्सव में एक फैंसी ड्रेस सेगमेंट भी शामिल था, जहां छात्र जीवंत और प्रतीकात्मक सिख पोशाक पहने हुए था। कक्षा प्ले ग्रुप के आयुष्मान, कक्षा 4 के शिवम तिवारी, कक्षा 5 के शिवम पांडे, नर्सरी के रक्षित, कक्षा 4 के आयुष ने गुरुनानक देव के पंज प्यारे का चित्रण किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

### हेहल : गोलू सिन्हा की संदिग्ध मौत

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला समिति ने हेहल निवासी आदित्य उर्फ गोलू सिन्हा की संदिग्ध की निधन पर शोक व्यक्त किया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने शोक जताया। श्री सिन्हा ने कहा कि गोलू की मौत को लेकर उनकी मां द्वारा बरकाकना ओपी में आवेदन देकर जांच की जो मांग की गई है, पुलिस उसपर कार्रवाई करे और मामले के दोषियों पर कार्रवाई करे। गोलू सिन्हा के निधन पर राजीव रंजन, दीपक कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, संजय कुमार लाल, सुजीत सिन्हा, रोहित कुमार वर्मा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर,सूर्यवंश श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिन्हा, अवधेश सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, रंजन सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, आशुतोष कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार, बिरेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ शंभु प्रसाद, अनामिका श्रीवास्तव सहित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### पैसे को लेकर धान व्यापारी धरना पर बैठे



**कुजू।** धान व्यापारी अपनी राशि भुगतान को लेकर बोंगाबार स्थित भगवती राइस मिल गेट के समीप मंगलवार को धरना पर बैठ गए। व्यापारियों का कहना था कि उन्होंने वर्ष 2023 में प्रबंधन के पास किसानों से खरीदे गए धान को बेचा था। जिसके आलोक में प्रबंधन ने 40 दिनों के अंदर राशि भुगतान करने की बात कही थी। लेकिन करीब 6 माह बीतने के बावजूद प्रबंधन द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। अंतत: प्रबंधन के टाल- मटोल रवैये को देखते हुए धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। धरना में व्यापारी सुजीत साव, मनोहर प्रसाद केसरी, छतरू राम महतो, राजेश्वर महतो, उदित महतो समेत अन्य लोग शामिल है।

### आजसू ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड में सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता को लेकर आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने मंगलवार को सीसीएल के बरका- सयाल महाप्रबंधक को शिकायत पत्र सौंपा है! शिकायत पत्र के माध्यम से कहा गया है की सीसीएल द्वारा क्षेत्र के रिवर साइड में झा मेडिकल चौक से गिद्दी मोड़ तक एवऑफिसर्स कॉलोनी रिवर साइड में अभी हाल में हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। उक्त सड़क का थिकनेस कम है एव सड़क निर्माण में बीएम भी नहीं किया गया है।

## एक नजर में

### मुखिया सुनील कुमार ने बच्चों को दिया ड्रेस



**दारू।** दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार और विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर प्रसाद के द्वारा आदर्श बालक मध्य विद्यालय के छात्र- छात्रओं के बीच ड्रेस और जूता तथा स्वेटर वितरण किया गया। नंदकिशोर प्रसाद ने बताया 271 बच्चो के बीच स्वेटर वितंरण करना था लेकिन मुझे कुल 235 स्वेटर ही जिला से प्राप्त हुआ इसीप्रकार मेरे भेजे गए आंकड़ा से कम ड्रेस विभाग से भेजा गया है जिसकी सूचना बी पीओ सर को दिया गया है। मुखिया सुनील कुमार ने बताया कि ड्रेस की गुणवत्ता बहुत ही खराब है इसकी शिकायत उपायुक्त महोदया से लिखित रूप से किया जाएगा ।इस मौके पर शिक्षक नरेंद्र कुमार सिन्हा,मोबिन कुमार शिक्षिका मंजू देवी , कांति प्रभा केरकेट्टा, रजनी खलखो सहित छात्र - छात्राए उपस्थित थे । इरगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पति महावीर यादव और उपमुखिया राजेश यादव के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय बढ़वार के 151 बच्चो के बीच ड्रेस वितंरण किया गया ।

### समाजसेवी की शवयात्रा में दर्जनों लोग हुए शामिल



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में कई स्कूलों का निर्माता व जाने-माने समाजसेवी तिलानाथ सिंह कुशवाहा( उम्र 95 वर्ष) का निधन सोमवार को 9 :15बजे पूर्वाह्न हो गया। वे कई दिनों से बीमार थे। उनके निधन की सूचना पाकर पूरा बड़कागांव शोक में डूब गया जिनका अग्नि संस्कार मंगलवार को बड़कागांव दो मुहान नदी पर की गई । इनके शवयात्रा में सैकड़ो समाजसेवी एवं दर्जनों जनप्रतिनिधि शामिल हुए और अग्नि संस्कार बड़े पुत्र अशोक कुमार ने की । जिसके उपरांत उनके आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से गणेश महतो ,पूर्व सरपंच गोविंद नारायण कुशवाहा,अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, इंस्पेक्टर शिव प्रकाश कुमार, इंदेश्वरी देवी,विनय कुमार सिंह (सॉफ्टवेयर इंजीनियर),वीर रंजन, विक्रम कुमार,पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक किसुन दास,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,मुकुटधारी महतो, उमेश दांगी,रोशन लाल चौधरी,रामसेवक सोनी,सोहनलाल मेहता,बालेश्वर कुमार,प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार,जोगेंद्र महतो,कृष्णा राम,बिंदु दांगी,श्रीकांत निराला,संदीप कुशवाहा,मनोज गुप्ता एवं ब्रह्माकुमारी समाज से दर्जनों भाई-बहन के साथ-साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### दारू : मेडकुरी पंचायत में लगा शिविर



**दारू।** मेडकुरी पंचायत भवन मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 स्टाल लगे हुए थे जिसमें श्रम विभाग अनुपस्थित रहा। कार्यक्रम में अबुआ आवास, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, सामाजिक सुरक्षा विभाग, सावित्रीबाई फुलो किशोरी समृद्धि योजना,राजस्व विभाग अंचल कार्यालय, खाद आपूर्ति विभाग,सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। कुल 1059आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से सबसे अधिक अबूआ आवास को लेकर 611 धोती साड़ी योजना 105 गुरु जी क्रेडिट कार्ड 50, बिरसा सिचाई कूप 20,के लिए आवेदन दिए गए। आठवी कक्षा के नौ विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक मिला ।कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी डेविड बलिहार, प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता,20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह,बीडीओ मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा,मुखिया भोला तुरी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू कुमार,सांसद प्रतिनिधि मिट्ठू रविदास, विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह, रोजगार सेवक तौसीफ आलम, प्रखंड के कई कर्मी एवं पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### सेक्सटार्सन ठगी के आरोप में चार युवक धराए

**बरकट्ठा ।** गोरहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के बंडासिंघा गांव से सोमवार के रात में सेक्सटार्सन ठगी के आरोप में पुलिस ने चार युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों के पास जब्त मोबाइल फोन में अश्लील फोटो, लड़की और महिलाओं के तस्वीर दिखाकर स्कोर्ट सर्विस देने की ठगी किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक प्रतिबिंब एप्प के जरिये स्कोका एप्प के जरिये देह व्यापार के नाम पर ठगी करने वाले चारों युवक को गिरफ्तार किया गया है। जांच पड़ताल जारी है।

### शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास का आवेदन



**बरकट्ठा ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत प्रखंड के कपका पंचायत सचिवालय में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ,सीओ श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल, मुखिया कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 986 आवेदन आए। इनमें 641 मामलों को ऑन द स्पॉट डिस्पोजल किया गया। शिविर में सबसे अधिक 277 आवेदन अबुआ आवास के आए। शिविर में चार बिरसा सिंचाई कूप, 10-10 जाति और आय प्रमाणपत्र, मनरेगा के 17 योजना, दो सर्वजन पेंसन, 25 लाभुकों के बीच धोती साड़ी वितरण, 168 असहायों के बीच कंबल वितरण, 374 छात्र, छात्राओं के बीच साइकिल के राषि का चेक वितरण व विभिन्न कार्यों 641 मामलों का निष्पादन किया गया।

### संताल सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल हुए लोग

**चरही।** चुरचू प्रखंड के कसीयाडीह ,बिराखाप और मांडू प्रखंड के लोपोंगटांडी ,उल्हारा के मांझी हाड़ाम-मांझी बूढ़ी हाड़ाम ,जोगवा हाड़ाम -जोगवा बूढ़ी ,परानीक हाड़ाम -परानीक बूढ़ी व अन्य समाजसेवियों के नेतृत्व में बोकारो जिले गोमिया प्रखंड स्थित लालपनिया में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महा सम्मेलन में शामिल शामिल हुए। मौके पर सबों ने लुगू पहाड़ के समीप चोर गांव होते लुगू पहाड़ में पैदल लगभग सात किलोमीटर पहाड़ पर ऊपर चढ़े और लुगू बाबा धर्म गढ़ का दर्शन किये ।लुगू बाबा के दर्शन के लिए लाखों श्रदालुओं का भीड़ उमड़ी थी ।लुगू बाबा के दर्शन के पश्चात सरना धर्म महासम्मेलन में आयोजित मेला का भी लुप्त उठाये ।आल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन ने कहा कि लुगू बुरु दुनिया भर में बसे संताल जनजाति के लोगों का सबसे बड़ा सरना धर्मस्थल है वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी पहचान,भाषा व संस्कृति को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। मौके पर समाजसेवी आनंद सोरेन, महालाल हांसदा, समाजसेवी चंद्रदेव मरांडी,शिवराम सोरेन,चुनुलाल हांसदा,दिलीप टुडू ,राजू सोरेन,बाबुचंद हांसदा, प्रकाश सोरेन, रमेश सोरेन,कांतीलाल हांसदा, बिरसा हांसदा, विकास टुडु, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विस्थापित संचालन समिति का धरना स्थगित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति की बैठक मंगलवार को कुरसे में हुई। बैठक में समिति के लोगों ने बताया कि बलकुदरा परियोजना के समक्ष 29 नवंबर को आयोजित धरना-प्रदर्शन को अपरिहार्य कारणो से स्थगित कर दिया गया है। 3 दिसंबर को कुरसे पंचायत भवन में समिति का अगली बैठक आयोजित की जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### पूरे देश में समेकित पोषण तत्व के प्रबंधन की जरूरत : आशा



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा मंगलवार को समेकित पोषक प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो थी। उन्होंने ने प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में समेकित पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता है। ताकि किसानों को संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरक प्राप्त हो सके। जिससे गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न उत्पादन हो। साथ ही उन्होंने ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र की स्थापना कर सकते हैं।

### उपायुक्त ने किया शिविर का निरीक्षण



**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्ति का वितरण किया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 छात्राओं के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, इसी प्रकार 5 लाभुकों के बीच साइकिल बांटी। 24 लाभुक गुरुजी क्रेडिट कार्ड से आच्छादित हुए। इस दौरान 97 लोगों के बीच कंबल दिया गया। वहीं 75 लाभुकों को सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना का लाभ मिला।

### आकाशी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**भंडरा।** प्रखंड के आकाशी गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, कल्याण, पशुपालन सहित 19 विभाग के स्टॉल के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुन निराकरण किया। मुख्य अतिथि 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा कि सरकार आम जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। इन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को निसंकोच शिविर में रखें। उनकी हर समस्याओं का समाधान करना हम सब की जिम्मेवारी है।

### रास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत वासुदेवराय महाप्रभु मंदिर कोराम्बे के प्रांगण में रात्रि में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रास मेला सह नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने फीता काटकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्काई म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के कलाकारों चंदन दास, उर्मिला महतो, सूरज कुमार, विनिता खलखो, भुनेश्वर सिंह, नमिता उरांव ने भजन, गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया। वही संगीत कार्यक्रम श्री हनुमान जी को नमन करते हुए गायिका उर्मिला महतो द्वारा मारुतिनंदन दुखभंजन सुन ले पुकार पवनसुत विनती बारम्बार भजन से प्रारम्भ किया गया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, गोबर्धननाथ पांडेय, पुरोहित संजयनाथ देवघरिया, पूर्व मुखिया एतवा उरांव, अशोक नायक, संजय पांडेय, मनोहर नायक, उमेश तिवारी भी थे।

### मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने किया सामुदायिक भवन व लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास



**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन एवं आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्माण हेतु लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास किया गया ।इस मौके पर मंत्री श्री उरांव ने कहा कहा कि हमारा प्रयास है की सभी वर्गों का विकास हो। प्राथमिकता को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं फलस्वरूप विधायक मद से दो कमरों का शिलान्यास किया जा रहा है ।राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मेरे द्वारा एवं मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है इसके साथ साथ आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक निधि से पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे स्थानीय विद्यार्थी पढ़ाई के माध्यम से अपना भविष्य उज्वल कर सकेंगे और मेरे विधायक निधि से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विभिन्न पुस्तक भी प्रदान किया जाएगा ताकि शैक्षिक विकास के माध्यम से मानव संसाधन का विकास किया जा सके। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लाइब्रेरी भवन बनने से जिले के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और जिले राज्य एवं देश का विकास करेंगे लाइब्रेरी के बनने से युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सकेगा और प्रतियोगी परीक्षा में इसका लाभ भी मिलेगा। इससे पूर्व बलदेव साहू कॉलेज में भी लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है हमारा प्रयास है लोहरदगा जिले का चहोमुखी विकास हो। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल भी थे।

---

### सरकार आपके द्वार : लोहरदगा के चिरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# हमारी सरकार ने आदिवासी, दलित और पिछड़ों को दिलायी उनकी असली पहचान : हेमंत सोरेन

- 133 करोड़ 74 लाख 73 हजार की योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास
- कार्यक्रम के दौरान 80 हजार 187 लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्तियां

**रोशन शाहदेव**

**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के चिरी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। जिसमें उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई गांव ऐसे थे, जहां न तो पदाधिकारी पहुंचते थे और न ही विकास बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं तक से महरूम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर हमारी सरकार योजनाएं बना रही है। फलस्वरूप आज सरकार की योजनाएं गांव-गांव में पहुंच रही है, विकास की जड़े गांवों में, किसानों में मजदूरों में हैं। हम उसे मजबूत करने में जी जान से जुटे हैं, हमारी सरकार में आदिवासी, दलित और पिछड़ों को पहचान मिली है, अपना झारखंड विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम ने उत्तराखंड में मजदूर जो एक टनल में फंसे हैं, उन्हें निकालने में सरकार अभी तक फेल है। देश के वैज्ञानिक और इंजीनियर फेल हो गये हैं। तब दूसरे देशों से बुलाया गया, फिर भी सफलता नहीं मिली है। झारखंड के भी 14,15 लोग इसमें फंसे हुए हैं।

उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट के द्वारा कोरोना वैक्सीन में भी घोटाला होने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज आजसू को इस मंच पर होना चाहिए था पर वो अलग राह में चल रही है। उन्होंने कहा कि नेतरहाट में फायरिंग रेंज को रद्द करते हुए ग्रामीणों को जमीन वापस किया।



## हम आपको सपना भी दिखा रहे हैं और उसे पूरा भी कर रहे हैं : हेमंत सोरेन



### राज्य की हर बच्ची को मिलेगा सावित्री बाई फुले योजना का लाभ

- मुख्यमंत्री ने की दो बच्चियों की बाध्यता को समाप्त करने की घोषणा

सीएम ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद भी दी जा रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सकें, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। राज्य की बच्चियों को बेहतर शिक्षा देने को सरकार कृत संकल्पित है। किसी भी कीमत पर बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बच्चियां अपनी पढ़ाई न छोड़ें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। इसके तहत परिवार की हर बच्चियों को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि योजना का लाभ लेने के लिए एक परिवार से दो बच्चियों की बाध्यता को सरकार ने खत्म करने का निर्णय लिया है।

### योजनाओं के लाभ से कोई वंचित नहीं रहे

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन दे रही है। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड राशन जारी कर लोगों को अनाज दे रहे हैं। गरीबों को धोती-साड़ी मिल रही है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता दे रहे हैं। हजारों नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां दे रहे हैं तो स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद दी जा रही है। किसानों-पशुपालकों और श्रमिकों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई योजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के इरादे से योजनाएं बना रही हैं। कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने 133 करोड़ 74 लाख 73 हजार की योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास किया साथ ही 80 हजार 187 लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया। मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सीएम के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विनय चौबे, गुमला विधायक भूषण तिर्की, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, बंधु तिर्की, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, झामुमो जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद समेत डीसी, एसपी व तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

---

# घाघरा प्रखंड की कई पंचायतों में सोलर जलमीनार लगाने के नाम पर मची है लूट

- कमीशन की चाह में योजना को तीन गुना अधिक रेट में लगाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड की कई पंचायतों में सोलर जलमीनार लगाने के नाम पर लूट मची हुई है। कई योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है। लेकिन इसे देखने वाला कोई नही है। जी हां, 15 वे बीत आयोग की राशि से कई पंचायतों में सोलर पानी टंकी ढाई लाख और 4 लाख 94 हजार की लागत से लगाया गया है। जिसमें प्राक्कलन के विपरीत पूरा कार्य किया गया। घटिया किस्म और लोकल कंपनी के सोलर पानी टंकी के साथ साथ लोहे के पाइप न लगाकर प्लास्टिक के पाइप का उपयोग बिचौलया ने किया। लेकिन इस बड़े स्कैम को कोइ नही देखने वाला है। जिस योजना का मार्केट में मूल्य 80 हजार और डेढ़ लाख है। उसे कमीशन के फेर में पंचायतों में तीन गुना अधिक रेट में लगा दिया गया।



खास बात यह है कि इस लूट में प्रखंड प्रशासन की चुपी भी बहुत कुछ व्या कर रहा है। बिचौलया प्रखंड और पंचायत के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से हर दिन संपर्क में लगे है। खेल जो भी हो लेकिन कमीशन के कारण सब लगे समान सही साबित हो रहा है। इस योजना में शामिल सभी टेबल का कमीशन तय होता है जो भी इस योजना के पैसे भुगतान में शामिल होते है।अब देखना है इस ओर जिले के अधिकारी क्या ध्यान देते है या खुला छूट बिचौलया को सरकारी मुलाजिम के सहयोग से लूटने का छोड़ देते है। वही ग्रामीणों ने कहा कि बिचौलिया ठेकेदारों को बोलने के बावजूद भी सही कार्य नहीं किया जाता है ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस पर संज्ञान लेने और जांचोपरांत कार्रवाई करने की बात कही। भाजपा युवा मोर्चा घाघरा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि घाघरा प्रखंड के कई पंचायत में सोलर जलमीनार लगाने के नाम पर भारी अनियमितता कार्य में बरती जा रही है। घटिया किस्म का सामान लगाया जा रहा है। उपायुक्त से मांग करता हूं कि इस पर संज्ञान ले उचित कार्रवाई करें ताकि सरकारी योजना में राशि का घपला बाजी को रोका जा सके।

**अभियंता अपने आवास में बैठकर बनाते हैं मापी पुस्तिका**

प्रखंड क्षेत्र की कई योजनाओं में भारी अनियमितता बरती जा रही है। घटिया निर्माण हो रहा है। घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद योजना में अधिकृत अभियंताओं के द्वारा प्राक्कलन को हूबहू मापी पुस्तिका में प्रविष्ट कर दिया जाता है। कार्य चाहे कैसा भी निर्माण कार्य हो, जिस तरह से तैयार किया जाता है, अभियंता के द्वारा घर में बैठकर चाय की चुस्की लेते हुए उसी को माफी पुस्तिका में उतार दिया जाता है। इस पूरे घोटाले में यह भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### 20 किसानों के बीच चना बीज का वितरण

**कैरो।** जिला कृषि विभाग सह आत्मा ने प्रखंड के टाटी में किसानों के बीच प्रत्यक्षण को लेकर चना बीज बांटा। वितरण कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता उपस्थित होकर किसानों से कहा इस बार धान की खेती अच्छी नहीं हो सकी ऐसे में सरकार द्वारा चना बीज वितरण होने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। किसानों को चाहिए कि उन्नत बीज की खेती उन्नत व जैविक रूप से करे, साथ ही अपने खेतों में सिंचाई के लिए टपकन बिधि का प्रयोग करें ताकि कम पानी मे ज्यादा सिंचाई किया जा सके। गांव के 20 किसानों के बीच बीज बांटा गया। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, वार्ड सदस्य अनिल हजाम, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, कृषक मित्र विजय उरांव पिंटू मुंडा, संजय महली सहित किसान मौजूद थे।

### खेल को खेल भावना से खेलें खिलाड़ी : दीपक



**रायडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बख्तर साय मुंडल सिंह स्टेडियम में मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि उपप्रमुख दीपक कुजूर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। कहा कि मैच को खेल भावना से खेलें। इससे आपसी भाइचारा बढ़ती है। उद्घाटन मैच कुड़ोछतरपुर बनाम सुरसांग पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें कुड़ोछतरपुर की टीम 1-0 से विजयी रही। आयोजन समिति के संयोजक नॉर्बट कुजूर ने बताया कि प्रखंड में सभी पंचायतों के बीच मैच कराया जा रहा। जो 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक होगा। इसमें विजेता टीम प्रखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए जिला जायेगी। मौके पर अनुप बाड़ा, संदीप टोप्पो, प्रिंस एक्का, सुजीत टोप्पो, नवीन एक्का मौजूद थे।

### नौ पशुओं के साथ दो तस्कर किये गये गिरफ्तार



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र में गौवंशीय पशु तस्करी के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुए नौ गौवंशीय पशुओं से भरा एक पिकअप वैन को जब्त किया है साथ ही दो पशु तस्कर को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है लोहरदगा जिले में लगातार पशु तस्कर की सूचना मिल रही थी वही लोहरदगा जिले के कुरैशी मोहल्ला से गौवंशीय पशुओं को पिकअप वैन में ठुसकर बाहर भेजा जा रहा था। जिसकी सूचना पर सदर थाना पुलिस ने आधी रात को करवाई करते हुए पशु से लदे पिकअप को जब्त कर थाने लेकर आई। वही दो पशु तस्कर को भी पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया है। वही करवाई के बाद सदर थाना पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है।

### आवेदनों के त्वरित निष्पादन में कोताही बर्दाश्त नहीं : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बिमरला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, अंचल विभाग व अन्य विभागों से कई स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ जांच व निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद हुए और अपनी समस्या से संबंधित आवेदन संबंधित विभाग को सौपा। मौके पर डीडीसी हेमंत सती ने कहा जितने भी आवेदन ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त हुआ है उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को लाभ दे।

### बैठक आज

**गुमला।** मूली पड़हा गुमला व अतखा पड़ा अरमई की बैठक बुधवार को ढोल टंगरा में आयोजित किया गया है। यह जानकारी राजू उरांव ने दी है।

### किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के दो कार्यकर्ताओं विष्णु गुप्ता और सुमन ठाकुर ने बी पॉजिटिव रक्तदान किया। दोनों ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान किया। मौके पर रविंद्र सिंह, यश राज सिंह, अशोक साहू, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल और मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### शिविर में बुजुर्गों को मिल रही ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिले भर के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत 10 पंचायतों में आपकी योजन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। 24 नवंबर से प्रारंभ हुए उक्त शिवर के माध्यम से सैंकड़ों की संख्या में लाभुकों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण किया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त करने के अलावा लाभुकों का हेल्थ चेकअप एवं परिसंपत्ति वितरण के साथ आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है। अब तक प्त आवेदनों में लगभग 1800 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है।

---

### सिसई प्रखंड के लकेया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# जनहित में राज्य सरकार ने चलायी कई योजनाएं,उठायें लाभ : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय के लाकया पंचायत मे मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिसई विधायक ने जिग्गा सुसारन होरो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।इस मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने जनहित मे बेहतर योजना को चला रही जो सीधे आप सभी को अपने ही पंचायत मे इसका लाभ मिलेगा। सभी कोई इसका लाभ उठायें। वहीं योजना की विस्तृत जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने सभी उपस्थित लोगो को दी।

इस कार्यक्रम मे सभी विभागों ने स्टॉल लगाया था। जहां लाभुकों का आवेदन लिया गया। हालांकि कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो का कहना था कि सरकार आप का द्वार कार्यक्रम के तहत पिछले साल भी प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में आयोजित किया गया था। जहां जरूरत अनुसार आवेदन दिया गया था लेकिन उस योजना का लाभ आवेदकों को मिला ही नहीं। फिर इस साल यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा लेकिन उम्मीद नहीं लगता है कि इस बार भी हम गरीबों का इसका लाभ मिल सके।

मौके पर जिप अध्यक्ष किरण बाडा, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, अंचल अधिकारी नीतीश कुमार खलखो, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, प्रखंड रवि उरांव, उपाध्यक्ष शशि साहू, जाकिर अंसारी, रजा अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक।

# गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच के लिए जंगल बचाओ समिति ने दिया धरना

- सरकार के लापरवाही के कारण जंगल की कटाई तेजी से हो रही है : विजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जंगल बचाओ अभियान समिति गुमला रेंज एरिया के कार्यकर्ताओं ने भ्रष्ट अधिकारियों की तीन दवाई : लाथम, जूतम और पिटाई के नारे के साथ गुमला रेंजर के घपले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर जिला मुख्यालय गुमला में एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माले के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण जंगल की कटाई तेजी से हो रही है और जंगल पहाड़ मिट्टी व पत्थर ढेर में तब्दील होते जा रही है। उन्होंने गुमला रेंजर का कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वृक्षारोपण व चेकडैम इत्यादि कार्यों में भारी गड़बड़ी कर करोड़ों रुपये का घपला किया गया है।



धरना में शामिल लोग।

**खास बातें :** 4 साल से रेंजर गुमला में जमे हुए हैं और वन विभाग की योजनाओं को उन्होंने अपना पॉकेट भरने का साधन बना लिया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री सिंह ने 15 दिनों का गुमला वन क्षेत्र में वृक्षारोपण इत्यादि कार्य में गड़बड़ी के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल अभियान चलाते हुए वन विभाग गुमला के समक्ष 14 दिसंबर 2023 को रोष प्रदर्शन करने की भी घोषणा की है। वहीं भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला सचिव प्रकाश उरांव ने कहा कि गुमला रेंज एरिया में वृक्षारोपण, चेकडैम इत्यादि योजनाओं में विवरणी बोर्ड नहीं लगी है।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर का किया औचक निरीक्षण



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय की साफ–सफाई, पेंयजल, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति का जांच किया। जांच कर उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रह कर अपने–अपने कार्यो का निष्पादन करेंगे। वहीं प्रखण्ड मुख्यालय में आये हुए आम जन से मिल उनकी समस्याओं को भी सुना।

### बच्चों के बीच हुआ स्वेटर का वितरण



**टंडवा( चतरा)।** गाड़ीलौंग पँचायत अंतर्गत ग्राम चट्टी गाडीलौंग में पँचायत की मुखिया सबिदा खातुन ने विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रो में जाकर अपने हाथों सभी बच्चों के बीच दो–दो स्वेटर का वितरण की। ताकि आंगनबाड़ी में पढ़ रहे बच्चों को ठंढ से राहत मिल सके। मौके पर पंचायत के उप मुखिया प्रयाग राम मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेवीका सहायका उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम के पश्चात एनटीपीसी दो नंबर गेट से भामाशाह साह चौक तक एवं भामाशाह चौक से शिव मंदिर चटी गाडीलौंग तक एनटीपीसी द्वारा पीसीसी रोड का निर्माण कराया जायेगा इस कार्य के लिए मुखिया सबिदा खातून के उपस्थिति में एनटीपीसी के पदाधिकारीयों द्वारा रोड का निरीक्षण भी किया।

### डीसी ने आमजनों की समस्याएं सुनी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, आवास, मनरेगा से संबंधित, एनटीपीसी से संबंधित,शिक्षा विभाग समेत अन्य मामले शामिल है ।उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### मोबाइल नेटवर्क से परेशान ग्रामीणों में रोष

**धुरकी।** इन दिनों प्रखंड से लेकर गांव तक मोबाइल नेटवर्क बहुत ही धीमी गति से कार्य कर रही है। इससे परेशान ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीण दीपक कुमार, मोहम्मद आलम, नवाज अंसारी, एकलाख अंसारी, रामसूरत यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, आरिफ अंसारी, छोटू कुमार, रियासत अंसारी, नगीना विश्वकर्मा, ललन चंद्रवंशी, रूपेश कमलापुरी, संदेश साह आदि ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क से हम सभी ग्रामीण काफी दिनों से परेशान है। मोबाइल द्वारा बात करने पर भी बात ठीक से बात नहीं हो पा रही है तथा मोबाइल का डाटा भी बहुत धीमी गति से चल रही है। रोष व्यक्त करते हुए मोबाइल उपभोक्ताओं ने कहा कि एक तो कंपनी रिचार्ज में दो–तीन रुपए अधिक लेती है और ऊपर से मोबाईल डाटा की गति धीमी कर देती है, यह सरासर गलत है। सभी ने कहा कि यदि दो दिनों के अंदर डाटा की गति में वृद्धि नहीं होती है तो हम सभी बाध्य होकर जियो और एयरटेल के सिम को तोड़कर फेंक देंगे तथा जियो और एयरटेल के प्रबंधक के विरोध नारेबाजी एवं कंप्लेंन करेंगे।

### वार्ड बारह की टीम विजयी, संदीप सिंह को मैन ऑफ-द मैच

**डोमचांच (कोडरमा)।** छोटू स्पोर्ट्स डोमचांच नगर पंचायत क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा मुकाबला मंगलवार को वार्ड नंबर 12 और वार्ड नंबर 4 के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड नंबर 12 ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। वार्ड 12 की टीम 16 ओवरों में 127 रन बनाई। जिसमें सर्वाधिक रन संजीव कुमार और निशांत कुमार ने बनाया। वहीं संदीप कुमार ने शानदार बॉलिंग करते हुए चार विकेट झटके। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी वार्ड नंबर 4 की टीम 15 ओवर में 107 रन बना पाई और ऑल आउट हो गई। वहीं वार्ड नम्बर बारह की टीम ने 20 रनों से जीतकर मैच अपने नाम कर ली। मैच में मैन ऑफ–द मैच संदीप कुमार को मिला।

### मुख्यमंत्री के प्रति छात्राओं ने जताया आभार

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच प्रखंड ढाब पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में स्कूली बच्चियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कई बच्चियों ने ह्लसावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाह्ल का लाभ लेने हेतु आवेदन दिया। जहां बीडीओ व सीडीपीओ द्वारा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई बच्चियों को योजना का लाभ दिया गया। छात्राओं को योजना का लाभ मिलते हुए चेहरे खिल उठे और छात्राओं ने लाभान्वित होकर राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने राज्य की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की है। इसके तहत कक्षा आठ से 19 साल की उम्र तक छात्राओं को कुल 40 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी। इससे बाल विवाह पर रोक और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

# जहां कभी लगता था नक्सलियों का कैंप अब वहां पहुंच रही है सरकार : मिथिलेश

### रंका में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते मंत्री

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के दूधवल पंचायत के नगारी गांव में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पहुंचे। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाने जानेवाले इस सुदूरवर्ती गांव में पहली बार पहुंचे जनप्रतिनिधि का लोगों ने ढोल, मांदर एवं झूमर नृत्य के साथ फुल बरसाकर स्वागत किया ।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र में जनप्रतिनिधि और प्रशासन के लोग भी आने से कतराते थे। परंतु सरकार के सकारात्मक रवैए ने भटके हुए लोगों को भी मुख्य धारा से जोड़ दिया है। सरकार की नीतियों का प्रतिफल है कि सूदूरवर्ती गांव में प्रशासन निर्भिक होकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने की नियत से कैंप लगा रही है। इस कार्यक्रम से वैसे लोगों को अधिक लाभ मिलेगा जो प्रखंड और जिला का चक्कर लगाने में असमर्थ रहते हैं या उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं होती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगा तथा प्रखंड में हावी रहने वाले बिचौलियों से भी लोगों को निजात मिलेगा। पिछले वर्ष इसी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से 368 नए लोगों को पेंशन स्वीकृत हुआ था और लगभग 350 छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ प्राप्त हुआ था। केंद्र सरकार के भेदभाव के कारण राज्य की जनता को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा था लेकिन राज्य सरकार ने अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है। जिसके तहत प्रथम वर्ष ढाई लाख राज्यवासियों को इसका लाभ दिया जाना है। मंत्री ने पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत के जागरूक लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वैसे लोग जिन्हें योजनाओं को प्राप्त करने में जानकारी का अभाव है उन्हें सहयोग कर योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें।

## पिछड़ों की आवाज थे पूरन चंद : गिरिनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



पूरन चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोग

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश तेली समाज गढ़वा के तत्वाधान में स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मंत्री पूरन चंद की 99वीं जयंती मनाई गई। समाज के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को टंडवा के पूरन चंद चौक स्थित पूरन चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि पूरन चंद गरीबों, पिछड़ों की आवज थे। वे सम्पूर्ण जीवन आम लोगों की हक के लिए लड़ते रहे। उन्होंने पलामू , गढ़वा के लिए उल्लेखनीय काम किया है। यह बहुत ही गौरव की बात है कि ऐसे महापुरुष की प्रतिमा गढवा जिला के पूरनचंद चौक पर स्थापित है। अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि पूरन चंद महान स्वतंत्रता सेनानी, लोहिया वादी, पलामू के लाल , गरीबों के मसीहा थे। वे विपरित परिस्थितियों में भी गरीबों के लिए समर्पित रहे। वे पलामू प्रमंडल की समस्याओं को हमेशा सदन में रखते थे। यही वजह है कि लोग उन्हें पलामू का गांधी मानते हैं। पूरन चंद गरीब वैश्य समाज का बेटा होकर भी आजीवन शोषित समाज के लिए संघर्ष करते रहे। वे हमेशा कहा करते थे कि गरीबों की आवाज को गोली और बंदुक से नहीं दबाया जा सकता। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष सहित संरक्षक सतीश प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार केशरी, सूरज गुप्ता, लल्लु प्रसाद गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, धनंजय प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सोनू केशरी, उज्जवल दीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, गौतम गुप्ता, विजय गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रदीप केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

### चाय दुकानदार ने मोबाईल को वापस लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिशाल

**डंडई।** डंडई बाजार के चाय दुकानदार गणेश प्रसाद ने पाये हुए 11 हजार रुपए के मोबाईल को वापस लौटाकर ईमानदारी की मिशाल पेश किया है। मामला डंडई प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार का है। दरअसल मंगलवार सुबह करीब डंडई गांव निवासी रामेंद्र रवि सामान की खरीदारी करने बाजार आया हुआ था। इसी दौरान उसका मोबाइल बाजार समिति परिसर में गिर गया और उसे पता नहीं चला। इसी क्रम में डंडई गांव निवासी चाय दुकान वाले गणेश प्रसाद किसी काम से बाजार समिति गए हुए थे। उन्हें वहां मोबाइल गिरा हुआ दिखा।

### विश्वकर्मा समाज ने 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन

**कोडरमा ।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह के विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा समाज के लोगों के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन ने किया। हरि कीर्तन का उद्घाटन ध्वजाधारी धाम के महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष राणा, मुखिया उमा देवी, पंसस महेश यादव, समाज के प्रखंड अध्यक्ष मनोज राणा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं अखंड हरी कीर्तन में निरसोटांड़, खरीडीह, गोलवाढाब, गैयठीबाद, ढेबुवाडीह, कोटियाराबर, सिंगलोडीह, सलेईडीह, चितरपुर, झरीटांड, इंदरवा, काराखुट, खरकोटा एवं गैंदवाड़ीह आदि कीर्तन मंडली ने भाग लेंगे ।वहीं महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। वहीं सुभाष राणा ने कहा कि कीर्तन भजन से पुरानी सभ्यता एवं संस्कृति को जीवित देखा जा सकता है, तथा सामाजिक संगठित की जागरूकता लोगों के बीच आती है।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा आगमन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक तैयारी में युद्धस्तर से लगने का निर्देश दिया। बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक नही हो, सभी दायित्वों का निर्वहन गम्भीरतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के बीच योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया जाना है, ऐसे में वितरण किये जाने वाले परिसम्पत्तियों का सूची बना लें, ताकि कार्यक्रम के दौरान उसका वितरण सुनिश्चित किया जा सके, इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन आदि योजनाओं से भी योग्य लाभार्थियों को आच्छादित किया जाना है, ऐसे में इन योजनाओं से सम्बंधित आवश्यक तैयारी समय से पूर्व करें। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएमओ दारोगा राय, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## रोजगार मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला नियोजनालय द्वारा मंगलवार को समाहरणालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में जिले भर से आये युवक युवतियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार मेला एक बेहतर अवसर होता है, आपलोग अपनी क्षमता और प्रतिभा के आधार पर कम्पनियों में रोजगार पाकर आर्थिक रूप से निर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए समय समय पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों से 32 कम्पनियों, प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इन कम्पनियों के द्वारा अंतिम रूप से 89 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, वहीं 397 अभ्यर्थियों का शॉर्ट लिस्ट किया गया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, अरविंद कुमार, राजकुमार यादव, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जयनगर सीओ गौतम कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वहीं डायट के प्राचार्य विकेश कुणाल प्रजापति एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी एवं गौतम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वाद विवाद में ह्लवर्तमान समय में सोशल मीडिया का लाभ एवं हानिह्ल विषय दिया गया एवं भाषण प्रतियोगिता के लिए ह्लविद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की महत्ता ह्लविषय के रूप में दिया गया। वहीं मुख्य अतिथि श्री कुमार के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने वाद विवाद और भाषण प्रतियोगिता से होने वाले लाभ को बच्चों के बीच रखा। उन्होंने कम शब्दों में गागर में सागर भरने का काम किया और सभी बच्चे उनके बातों से प्रभावित हुए। वहीं प्राचार्य विकेश कुणाल प्रजापति के द्वारा बच्चों में वाद विवाद प्रतियोगिता से होने वाली बौद्धिक और मानसिक विकास पर जोर दिया। वहीं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने विचारों को रखा। वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में 6 प्रखंड के 40 छात्र एवं भाषण प्रतियोगिता में 60 छात्र के द्वारा प्रतिभागी के रूप में उपस्थित हुए। भाषण प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरहा, मरकच्चो के प्रेम कुमार ने प्रथम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय की निहारिका वर्मा मंधौतीमहुआ, डोमचांच द्वितीय स्थान एवं टिंकू गुप्ता उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदरवा देहाती तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मजबूर लोगों की बेटियों की पूरी जिम्मेवारी उठेगी संस्था : विकास माली

### कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी ने नव नियुक्त कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



गढ़वा ट्रेनिंग देते संस्था के सचिव विकास कुमार माली व अन्य

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की ओर से नवकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स स्थित संस्था के कार्यालय परिसर में सोमवार को सचिव विकास माली ने संस्था के लिए नियुक्त किए गए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। ज्ञात हो कि नियोजन विभाग की ओर से कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के लिए पलामू प्रमंडल स्तर पर वैकेंसी निकाली गई थी। पलामू में लगे रोजगार मेला में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 30 अक्टूबर को 74 युवक, युवतियों को ऑफर लेटर दिया था। जॉइनिंग के बाद सोमवार को सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सचिव ने संस्था के लक्ष्य एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी दिया।

उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करना है। जिसे लेकर संस्था जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था में जुड़े लोगों को तन, मन से कार्य करने की जरूरत है। अगर, तन मन से हमारे कार्यकर्ता कार्य करेंगे तो आने वाले समय में यह संस्था अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक अभी भी लोग दहेज और बेटी होने का बोझ समझते हैं। लोग बेटी होने का बोझ न समझे।

अगर किसी को बेटी होने का बोझ लग रहा, जो पूरी तरह से मजबूर हैं तो वैसे लोग कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। उनकी बेटियों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर विवाह तक का जिम्मा संस्था उठाएगी। मौके पर सहायक सचिव राजेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष उषा कुमारी सहित विभिन्न प्रखंड के काउंसिलर व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले भर में चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान

**चतरा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निवार्चान आयोग द्वारा नए मतदाता का निबंधन, 80 प्लस मतदाता का चिन्हित कार्य, दिव्यांगजनों के पंजीकरण समेत कई अन्य कार्य के लिए आभियान मोड में कार्य करने का निर्देश प्राप्त हुआ है ।इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान द्वार मंगलवार को कैंप के माध्यम से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह एवं दूरस्त क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन करने हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चतरा,सिमरिया एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। दिनांक–29 .11.2023 (बुधवार) को जिलान्तर्गत सभी रैन बसैरों और आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों तथा सभी पात्र बेघर लोग का निबंधन हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया। दिनांक–30 .11.2023 (गुरुवार) एवं दिनांक 01.11.2023 (शुक्रवार) को 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के निबंधन एवं मतदाता सूची में अंकन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### मतदाता पुनरीक्षण शिविर का डीसी ने किया निरीक्षण

**चतरा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले भर में बिरहोर व आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसे लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने चतरा प्रखण्ड के ग्राम चटनियां पहुंच कैंप का निरीक्षण किया। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व बी.एल.ओ. से अभी तक भरे गए फार्म 6 की विस्तृत जानकारी ली। वहीं बढ़ते ठंड को देखते हुए उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया। उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच कैंप का जायजा लिया। जांच कैंप में उपलब्ध दवाओं की उन्होने जांच किया और निर्देशित किया कि कैंप में बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच शत प्रतिशत करें और अगर जांच के क्रम में वैसे मरीज पायें जाते है जिनका इलाज कैंप में संभव नहीं है तो उसे अविलम्ब सदर अस्पताल रेफर करते हुए समुचित इलाज कराना सुनिश्चित करें।

### दो बाइक के सामने सामने के टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर–खरौंधी मुख्य मार्ग पर जिरहुल्ला मोड़ के समीप मंगलवार की शाम दो बाईको के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक महिला व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनी गांव के चिरैयाटांड टोला निवासी ऋषि कुमार प्रजापति पिता जवाहिर प्रजापति है। घायलों में मृतक की मां कबूतरी देवी तथा रंका थाना क्षेत्र के दुधवल जून निवासी रामचंद्र सिंह 31 वर्ष पिता रामवतार सिंह का नाम शामिल है। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। **जानकारी के अनुसार ऋषि अपनी मां का इलाज कराकर :** बाइक से अपने घर चंदनी चिरैयाटांड़ लौट रहा था, जबकि रामचंद्र सिंह अपनी बाईक से खरौंधी की ओर से आ रहा था। तभी भवनाथपुर खरौधी मुख्य मार्ग पर जिरहुल्ला मोड़ के समीप तेज रफ्तार दोनों बाईक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर थाना ले आयी है।

### विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**मझिआंव।** प्रखंड के सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारे जाने को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ सतीश भगत एवं सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर प्रशिक्षक सह प्रखंड समन्वयक कार्तिक कुमार एवं गणेश कुमार सिंह ने उपस्थित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही इस अभियान के तहत त्रिस्तरीय पंचायत के वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सबकी योजना सबका विकास एवं ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत संकल्प लेकर इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए भी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा के सशक्त बनाते हुए गांव के अंतिम पैदान पर खड़े लोगों तक विकास योजना को उतारने पर बल दिया गया और साथ ही पंचायत स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाना है। इसके बाद ग्राम पंचायत का संकल्प अपलोड कराना अनिवार्य है। बताते चले की मझीआंव प्रखंड में कुल 9 पंचायत, कांडी प्रखंड में कुल 16 पंचायत, एवं बरडीहा प्रखंड में कुल 6 पंचायत एवं मेराल प्रखंड में कुल 20 पंचायत कुल मिलाकर 51 पंचायत के मुखिया जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण में भाग लिए। मौके पर मौजूद प्रशिक्षणार्थी मुखिया जनप्रतिनिधि फूलमती देवी, रामसागर महतो, महेंद्र सिंह, मीनू देवी, उमेश प्रजापति, सलमा बीवी, मोसरत जहां, अख्तर खान, रीता देवी, कुमारी छाया, ऋषा देवी, शंभू पासवान, पूनम देवी, कौशल्या देवी, सुबोध कुमार वर्मा, सोनी देवी, निर्मला देवी, शशि कुमारी, अनीता देवी, पूजा कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### जनता दरबार में जन समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त, दिया समाधान का आश्वासन

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आये ग्रामीणों ने बारी–बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की गुहार लगाई। जनता दरबार में उपायुक्त ने बारी–बारी से लोगों की समस्याएं सुन कर जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक निर्देश दिया।

### क्रिकेट टूनार्मेंट फाइनल मैच में तेतरियाडीह की टीम विजय



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ककरचोली पंचायत के तरवन स्थित बिरसा मुंडा खेल मैदान में टीएसपीएल की ओर से आयोजित सीजन–3 चल रहे पंचायत स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच मंगलवार को संपन्न हो गया। फाइनल मैच में हीरोडीह पंचायत के तेतरियाडीह की टीम ने खरकोटा टीम को 113 से हराकर चैंपियन बनी। वहीं मैच की शुरूआत खरकोटा की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षक लिया। वहीं तेतरियाडीह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट खोकर 206 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी खरकोटा की टीम ने मात्र 8 .5 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 93 रन ही बनाए और तेतरियाडीह ने सीरीज पर कब्जा जमा लिया। मैच में मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रमुख अंजू देवी, मुखिया राजकुमार यादव सहित अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं जिप उपाध्यक्ष ने कही कि खेलकूद से एक अलग पहचान बनाने के साथ–साथ आपसी भेदभाव भी मिटता है, यहां तक कि खेल से मानसिक विकास होता है। खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए, हार जीत मायने नहीं रखता है। मैच में अंपायर के रूप में शहंशाह खान व कैफ खान तथा उद्घोषक ने निभाया।

स्पीड न्यूज

## टेम्पू अनियंत्रित होकर पलटा एक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मनातू ग्राम में सोमवार की देर शाम एक टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार सुरेश गंझु 30 वर्ष पिता सीताराम गंझु ग्राम अमरवाडीह थाना बरियातू निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुरेश गंझु टेंपो में सवार होकर मनातू से अपने घर अमरवाड़ीह जा रहा था। इसी दौरान मनातू ग्राम के समय टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सुरेश गंजू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल सुरेश गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## पंसस ने उमवि चटुआग का किया निरीक्षण


विद्यालय का निरीक्षण करते पंसस।

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटुआग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह से ठंड में लगातार बढ़ोतरी के साथ कनकनी ठंड पड़ रही है, पहाड़ी क्षेत्र है, स्कूल में बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं, शिक्षकों को निर्देश दिया है कि स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच जल्द से जल्द स्वेटर का वितरण करें। बताया कि स्कूल में तीन शिक्षक मे दो अजीत कुमार सिंह, रुपाली सुमन पाए गए, प्राध्यापक बीनोद राम के बारे में बताया गया कि वह दो दिनों की छुट्टी पर हैं, अयुब खान ने हेडमास्टर से दुर्भाष पर बात कर उन्हें भी स्वेटर वितरित करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों ने बताया कि बताया कि स्कूल में तीन रुम है इसमें एक आफिस है, दो कमरों में पढ़ाई का कार्य चल रहा है, एक से आठ तक के बच्चे यहां पठन पाठन कर रहे हैं, 152 नामांकित बच्चों में 120 बच्चे उपस्थित पाए गए, शौचालय जर्जर अवस्था में है, शिक्षकों का चार पद है इसमे एक रिक्त है। अयूब खान ने कहा कि पंचायत में जल्द ही स्कूल के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण नहीं किया गया तो इसकी शिकायत जिला प्रशासन से किया जाएगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में स्वास्थ्य सहियाओं के साथ की गई बैठक


बैठक में शामिल स्वास्थ्य सहिया।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ अशोक बड़ाइक के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य सहियाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए बीटीटी हीरामन पांडेय व दिलीप दांगी, शांति देवी ने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर से कम से कम 40 महिला व एक पुरुषों को बंध्याकरण करवाना अनिवार्य है। वही स्वास्थ्य सहियाओं को अपने-अपने कार्य क्षेत्र का भीएचएनसी, संस्थागत प्रसव, एएनसी, पीएलए बैठक टीकाकरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की गई। चर्चा के दौरान कार्य से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। साथ ही बताया कि 30 नवंबर को बालूमाथ सीएचसी केंद्र भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें निशुल्क सभी बीमारियों का इलाज व दवा उपलब्ध किया जाएगा। बालूमाथ बारियातू व हेरंज प्रखंड के सभी सहियाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने कार्यक्षेत्र से कम से कम पांच मरीज को चिन्हित करते हुए स्वास्थ्य मेला में लाकर निशुल्क दवा और इलाज का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी माया देवी, सईया की किरन्ति देवी, पूनम देवी, हलीमा खातून, सुनीता देवी, पार्वती देवी सहिया काफी संख्या में सहिया उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ पर हराफु मोड़ के समीप मंगलवार देर शाम मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आशीष गंझु 17 वर्ष पिता रंथु गंझु, हीरालाल उरांव 23 वर्ष पिता जगरनाथ उरांव दोनों ग्राम थालिया थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ बाजार से मोटरसाइकिल से अपने घर वापस थालिया जा रहे थे। इसी दौरान हराफु मोड़ के समीप एक बाइक में अनियंत्रित होकर टकरा गए। और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मकईयाटांड पीकेट प्रभारी राम जी ठाकुर के सहयोग से दोनों घायल युवको को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## बेतला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज

**बेतला।** झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाई जा रही है। जो आज बुधवार को बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निर्धारित की गई है। इस कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, समेत प्रखंड व अंचल के सभी विभागों की स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या का निदान किया जाएगा।

### राजद जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

# मनिका और लातेहार में मजबूती से लड़ेगा राजद : आरपी चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल राजद के लोग।

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के करकट स्थित राजद कार्यालय में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने अपने संबोधन में बताया की इस कार्यकारणी की बैठक में तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर हर प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन करने, लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण शून्य है पूरे झारखंड में ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। जिसे लातेहार जिला में भी 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मांग किये जाने व जमीन से जुड़े समस्याओं का निष्पादन करवाना जैसे की नया सर्वे और पुराना सर्वे में जो त्रुटि है उसे सुधारा जाए 2014-15 में जिस प्रकार रसीद कट रहा था, उसका उसी प्रकार रसीद कटता रहे, जिसका ऑफलाइन लाइसेंस रसीद कट रहा था उसको ऑनलाइन काटा जाए। उन्होंने आगे बताया कि लातेहार जिला में आरक्षण ओबीसी को दिलाने के लिए और लातेहार में री-सर्वे सहित जमीन समस्या के लिए हम लोग आंदोलन करेंगे। इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही हम लोग मनिका और लातेहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। दोनों विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सर्व समिति से बैठक कर प्रस्तावित पारित किया गया। लोकसभा की भी हम तैयारी कर रहे है। इन्होंने आगे कहा कि लातेहार जिला राजद का जनाधार वाला जिला रहा है। राजद पार्टी मजबूती के साथ जनता से मिलकर बात विचार किया जा रहा है।

वही जिला प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी ने बताएं कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती है। जिला में ओबीसी की आरक्षण दिलाने के लिए हम लोग प्रयासरत है। साथ ही जाति आधारित जनगणना के हम मांग करते हैं। जिस जाति को जितनी संख्या भागीदारी उतना उस जाती का अधिकार है।

भावि प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने बताएं कि मनिका के लोग राजद के विचारधाराओं से प्रभावित हो रहे हैं। राजद मनिका विधानसभा से कई विधायक दिए है। वही इस बार भी मनिका विधानसभा क्षेत्र से विधायक देने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

लातेहार विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने अपने संबोधन में बताया कि राजद गरीब गुर्वा कमजोरो समाजीक न्याय की पार्टी है। और उनके हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती है, और लड़ते रहेगी लातेहार में कई महत्वपूर्ण समस्याओं के लिए राजद जन आंदोलन करेगी। मोके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, लातेहार जिला के संगठन प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी एवं सह प्रभारी चंद्रिका यादव, देवबंश यादव, बली यादव, प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव दीपक नाथ शाहदेव, प्रदेश सचिव ब्यास यादव, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला सचिव दामोदर यादव, मनिका विधानसभा का भावी प्रत्याशी रघुपाल सिंह, लातेहार विधानसभा का भावी प्रत्याशी सुरेश राम, मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज यादव, रंजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष बबलू गिरी, राजद प्रखंड अध्यक्ष मनिका रामसेवक उरांव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, हेरहँज प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, गारू प्रखंड अध्यक्ष अलाउद्दीन मियां, महुआडाड प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप बड़वाईक, दीपक यादव, हरिहर यादव, बाबूलाल राम, कन्हैया यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निसार अंसारी, चिंटू यादव, बिसुन्देव यादव, बिट्टू सिंह, विपन यादव, संतोष सिंह, वीडियो सिंह, संतोष यादव, उमेश यादव, विवेकानंद कामेश्वर सिंह एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माल्हन, केकराही व मरमर गांव में जंगली गजराजों ने दर्जनभर किसानों के धान के फसल को रौंदा

▸▸ मुखिया जतरू मुंडा ने भुक्तभोगी किसानो से मुलाकात कर ली नुकसान की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता


हाथियों के द्वारा नष्ट किये गये फसल को दिखाते मुखिया व भुक्तभोगी।

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में एक फिर से जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। बीती रात्रि माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन, केकराही और मरमर में जंगली हाथियों के झुंड ने किसान भीम गंझू, लालजी गंझू, अर्जून गंझु, लंगड़ा गंझू, पुजरा गंझू, शिबू लोहरा, बुधन लोहरा समेत कई किसानों ने खेतों में तैयार धान की फसल खाकर चट कर दिया साथ फसल को रौंद कर बर्बाद भी कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मुखिया जतरू कुमार मुंडा भूक्तभोगियों एवं किसानो से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि प्रति दिन शाम होते हीं जंगली हाथियों का झुण्ड गांव में प्रवेश कर जाता है व जमकर उत्पात मचाता है। इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण वैसे ही खेती कम हुई है, किसी प्रकार कड़ी मेहनत से धान की फसल को तैयार किया है उसे भी जंगली हाथी इसी प्रकार नुकसान पहुंचाते रहेंगे तो हम लोगो के समक्ष भूखे मरने की स्थित उत्पन्न हो जाएगी। वन विभाग के अधिकारी अगर जल्द उचित कदम नहीं उठाती है तो किसानों का फसल जंगली हाथियों के द्वारा नष्ट कर दी जाएगी। मुखिया जतरू मुंडा ने किसानों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि आप लोग का जितना भी फसल क्षति हुआ है, सभी का आवेदन वन विभाग में जमा करें, आप लोगों को क्षति के अनुकूल वन विभाग से मुआवजा दिलाया जाएगा। मौके पर दिलीप गंझू, भीम गंझु, हरिबंस गंझू समेत कई किसान मौजूद थे।

## डीएसओ ने पीवीटीजी लाभुकों के बीच राशन वितरण का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


लाभुको के बीच खाद्यान वितरण करते डीएसओ व अन्य।

**चंदवा।** मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने प्रखंड के सेरक,चेटर व सासंग पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आदिम जनजाति लाभुकों के बीच डाकिया योजना के तहत राशन वितरण का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्यान्न वितरण से सम्बंधित जानकारी एमओ से प्राप्त की। सबसे पहले वे सेरक के परहिया टोला पहुची वहां उन्होंने पीवीटीजी लाभुकों के बीच 35-35 केजी के चावल पैकेट का वितरण कराया। उन्होंने लाभुकों से वितरण सम्बंधी कोई भी परेशानियों के बाबत बात की। लाभुकों ने बताया कि उन्हें प्रति माह ससमय खाद्यान डाकिया योजना के तहत मिल जाता है। इसी क्रम में वे चेतर व सासंग पंचायत अंतर्गत परहिया टोला पहुची यहाँ भी उन्होंने पीभीटीजी डाकिया योजना के अंतर्गत मिलने वाले खाद्यान्न के बाबत उपस्थित लाभुको से जानकारी ली। उन्होंने लाभुकों के बीच एनएफएसए योजना के अंतर्गत मिलने वाले मुफ्त अनाज का वितरण किया। मौके पर मौजूद एमओ को उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लाभ लाभुकों तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर एमओ रामनाथ यादव सहायक गोदाम प्रबंधक रंजीत यादव स्थानीय पीडीएस दुकानदार समेत कई लाभुक मौजूद थे।

## आदिम जनजाति क्षेत्र में मतदाता सूची मे नाम जोड़ने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन


शिविर में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसु पंचायत अंतर्गत मुक्की बिरहोर क्लोनी व शिबला पंचायत के जीरहुल में बिरहोर आदिम जनजाति परिवार को मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। बूथ संख्या 45 और 37 दोनों बूथ मे पहुंचकर 18 वर्ष से के आयु वाले मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए मुक्की में एक मतदाता तथा शिबला के जिरहुला में पांच लोग कुल 6 लोगों को चिन्हित किया गया। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, प्रेमनी देवी, सुधा देवी सहित कई बिरहोर आदिम जनजाति परिवार मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने डिलर पर राशन गबन करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


आरोप लगाते ग्रामीण।

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के पंचायत कोपे ग्राम जेरूवा, भट्ठको ओर जगतु के ग्रामीणों फूला देवी, गणेश भुइयां, सुनैना देवी, मालती देवी, प्रभावती देवी, बुधनी देवी, रवीना बीवी समेत दर्जनों महिलाएं पुरुष ने उपायुक्त हिमांशु मोहन को आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने आवेदन में डीलर शबाना एस एच जी पीडीएस दुकान के डीलर पर आरोप लगाते हुए आवेदन में बताया कि पिछले दो माह से डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया। आवेदन में आगे बताया गया है कि जुलाई माह से नवंबर माह तक का प्रत्येक माह अंगूठा लगाते आए हैं परंतु हम सभी कार्ड धारी को एक माह 2 माह का राशन दिया जा रहा है। जब हम सभी कार्डधारी नवंबर माह का राशन उठाने गए तो डीलर द्वारा अंगूठा लगवाकर हम सभी को राशन नहीं दिया। और बहाना बनाकर हम लोगों को भगा दिया। जब हम ग्रामीण गोदाम प्रबंधक से इस बारे में पूछे तो गोदाम प्रबंधक ने बताया डीलर के द्वारा नवंबर माह का राशन उठा लिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से गुहार लगाई की हम सभी कार्ड धारी के बकाया राशन दिलवाया जाए साथ ही शबाना एस एच जी डीलर पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## विदाई समारोह आयोजित कर बीडीओ को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता


बीडीओ को विदाई देते अतिथि।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के सभागार में मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं जिप सदस्य बुधेश्वर उराँव, प्रमुख अमिता देवी, उपप्रमुख सुनिल उरांव, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, राजेश सिंह, सासंद प्रतिनिधि, सुनिल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर हुसैन, पंचायत सचिव अनु कुमारी, जितेन्द्र पाठक, रोजगार सोवक धन्देव सिंह, लालमुनी तिवारी, नइम खान, जेई विवेक कुमार ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भावभिनी विदायी दिया। इस मौके पर श्री हेम्ब्रम ने कहा कि इस प्रखण्ड में कार्य करना मेरे लिए सुखद अनुभव रहा है। यहां के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ-साथ आम जनता का हमेशा ही सहयोग रहा है। जिप सदस्य ने कहा कि श्री हेम्ब्रम इस नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के प्रथम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रहे है। ऐसे कार्यशिल पदाधिकारी का यहां से जाना हमलोगों के लिए बहुत ही दुख की बात है। इन्होंने अपने कार्यकाल में जिस प्रकार से हरेक गली-मुहल्ला में जाकर जो कार्य किया है, वो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं सरयू प्रखण्ड का प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का प्रभार गारू अंचलाधिकारी शंभु राम को दिया गया। इसी के साथ सभागार मे ही गारू के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो के आकस्मिक निधन पर मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया।

## सीसीएल द्वारा सीएसआर फंड के तहत ग्रामीणों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन



नेत्र जांच के मौके पर मौजूद अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना के चमातु ग्राम स्तिथ गुणवत्ता कार्यालय मे सीएसआर फंड के तहत नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें से 6 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए थे। मोतियाबिंद पाए गए मरीजो को सीसीएल द्वारा संचालित गांधी नगर अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। जिसके बाद मगध परियोजना पदाधिकारी एस सतनारायण एवं मगध परियोजना, मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबन्धक के द्वारा चश्मा वित्तरण किया गया। जिसमे रामलखन साव, जगेश्वर साव, फुलुवा देवी, कईल यादव, रामेश्वर साव, सुगो देवी सभी ग्राम आरा निवासी शामिल है। मौके पर बोलते हुए परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि सीसीएल द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### सरकार के वादा खेलाफी को लेकर 3 दिसम्बर से चरणवद्ध आंदोलन की होगी शुरूआत : बेलाल

# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्यस्तरीय बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल सहायक अध्यापक।

**लातेहार।** सरकार के वादा खिलाफी को लेकर आगामी 3 दिसंबर से सहायक अध्यापाकों (पारा शिक्षको) का चरणवद्ध आंदोलन शुरू होगा। उक्त जानकारी सहायक अध्यापक संघ से प्रदेश उपाध्यक्ष बेलाल अहमद ने दी है। उन्होने बताया कि झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्यस्तरीय बैठक मोराबादी के दादा दादी पार्क राँची में सम्पन्न हुई थी। जिसमें सरकार के वादा खिलाफी के कारण राज्य के पारा शिक्षकों ने आक्रोश जताया है। राज्य के 62000 हजार पारा शिक्षकों को बेतनमान, आकलन उतीर्ण एवं सी टेट को जे टेट का समतुल्य लाभ, आचार्य शिक्षक नियुक्ति में विभिन्न त्रुटियों में संसोधन, 15 नवंबर 2018 को भाजपा सरकार द्वारा पारा शिक्षक एवं परिजनों पर राँची एवं राज्य के विभिन्न थानों पर मुकदमा दर्ज वापास लिया जाए, पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली में संसोधन कर अनुकम्पा, ई पी एफ का लाभ, 4% वार्षिक बृद्धि सहित अन्य मांग लंबे समय से की जा रही है।

बैठक में निणर्य लिया गया है कि 3 दिसम्बर राज्य के सभी सत्ता पक्ष/विपक्ष विधायक/मंत्री के आवास पर विधानसभा के सभी प्रखण्ड इकाई की संयुक्त बैठक एवं विधायक/मंत्री को संयुक्त मांग पत्र ज्ञापन सौंपा जायेगा। 19 दिसम्बर को एक दिवसीय झारखंड विधानसभा घेराव, 28 दिसम्बर 2023 से अनिश्चित कालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में बिनोद बिहारी महतो, बिनोद तिवारी, ऋषिकेश पाठक, सिद्दीक शेख, प्रदुमन सिंह (सिंटू) विकास चौधरी, बेलाल अहमद, सुमन कुमार, शुशील पांडेय, नीरेंज दे, नेली लुक्स, पिंकी राय, शकील अहमद, बीरेंद्र राय, भगवत तिवारी, प्रदीप दुबे, संतोष कुमार, राजू महतो, गोविंदा कुमार, वीगन राम, जगदीश उरांव, इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

एक नजर में

## टोरी जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज को लेकर हुआ लेआउट मार्किंग

**चंदवा।** धनबाद रेलमंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामलों में अग्रणी स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की कवायत शुरू हो गयी है। सोमवार को रेल मंत्रालय भारत सरकार के महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना के तहत फुट ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर लेआउट मार्किंग का काम शुरू हुआ। गति शक्ति योजना के कर्मी मकसूद आलम, अबुद्दीन खान, अमर गुप्ता, जितेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन से उत्तर दिशा में आईओडब्ल्यू कार्यालय के समीप से दक्षिण छोर पर सरोज नगर हाई स्कूल की ओर जाने वाली मार्ग के तरफ एफओबी बनेगी। फुट ओवर ब्रिज की लंबाई करीब 70 मीटर व चौड़ाई 10 फिट होगी। जंक्शन के सभी प्लेटफार्म में जाने के लिए सीढ़ियां होगीं, अगर कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो तो करीब छह माह में फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। विदित हो कि टोरी जंक्शन में फुट ओवर ब्रिज में अभाव में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी एवं आमजन जान जोखिम में डालकर विभिन्न स्कूल व प्रखण्ड मुख्यालय आवागमन करते हैं, ऐसे में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वर्तमान में शुक्रवार बाजार, हरैया, औलोदिया, कामता, कुजरी, भूसाड, चटूआग समेत कई गांवों के ग्रामीण आवागमन करते है। एफओबी निर्माण की कवायत शुरू होने के बाद लोगो मे खुशी देखी जा रही है।

## पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत प्रकाश उरांव को मिला 2 लाख का चेक


चेक देते मैनेजर व जेएसएलपीएस के अधिकारी।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत चकला ग्राम के जय चला समूह की सदस्य सुको देवी के आकस्मिक देहांत के बाद उसके आश्रित पुत्र प्रकाश उरांव को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 200000 रुपये का लाभ झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक टोरी और जेएसएलपीएस के प्रयास से दिया गया। ब्रांच मैनेजर रोहित कुमार सिंह व जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजिबुल आरफीन के द्वारा बैंक सखी सुल्ताना खातून की मौजूदगी में 2 लाख रुपये का चेक प्रकाश उरांव को दिया गया। इन्होंने बताया कि पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत यदि किसी भी बीमाधारक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को निर्धारित बीमा राशि प्रदान की जाती है, सबसे अच्छी बात यह राशि परिवार की आर्थिक सहायता करने में मदद करती है, इसका प्रीमियम काफी कम होता है। इधर प्रकाश उरांव ने राशि मिलने के बाद जेआरजीबी व जेएसएलपीएस को आभार व्यक्त किया है।

## पीएचईडी कार्यालय व प्रखंड मुख्यालय से महज चंद कदमो की दूरी पर सड़क पर बह रहा है नल जल का पानी


सड़क पर बह रहा नलजल का पानी।

**चंदवा।** प्रत्येक घर से स्वच्छ पेयजल मुहैया को इस उदेश्य के साथ केन्द्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना चंदवा प्रखंड में उपयोगिता के मामले में हाथी का दांत साबित हो रहा है। प्रखंड के सभी पंचायतों में कमो वेश नलजल योजना का काम हुआ है, जगह-जगह पर नलजल योजना का युनिट भी लगा है लेकिन अधिकांश युनिट की उपयोगिता कम हीं देखने को मिल रही है। कहीं पर नलजल के लगाये गये युनिट से पानी हीं नहीं आता है तो कई स्थानो पर खराब क्वालिटी के सामग्री का उपयोग होने से पानी बह कर बर्बाद हो रहा है। ताजा मामला प्रखंड मुख्यालय व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय से महज 200-300 मीटर की दुरी पर स्थित बीआसी कार्यालय के समीप अंबेडकर नगर से आया है, जहां नल जल का युनिट लगने के चंद दिनो के बाद हीं पाईप तीन जगहो पर फट गया है, जिस कारण विगत एक सप्ताह से 24 घंटे पानी सड़क पर बह रहा है, आसपास के लोगो से बताया कि सड़क पर बह रहे पानी की समस्या को कई बार उन्होने युनिट लगाने वाले संवेदक से की पर कोई सुधार नहीं हुआ। एक सप्ताह से सड़क पर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है, लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है। इधर मामले को लेकर पेयजल एवं स्चछता विभाग के कनीय अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

स्पीड न्यूज

## गिरगिट की तरह रंग बदलते रहते हैं बाबूलाल : प्रदीप यादव

**दुमका।** बाबूलाल के इस बयान पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने पलटवार किया है। दुमका परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को कुत्ता तो नहीं काटा है, लेकिन गिरगिट जरूर छू लिया है। तभी तो वे गिरगिट की तरह रंग बदलते रहते हैं। प्रदीप ने कहा कि कभी पानी पी-पी कर भाजपा की बखिया उधेड़ते थे। कहते थे कि अगर भाजपा दूसरी बार केंद्र में सत्ता में आई, तो जनता को कटोरा लेकर भीख मांगना पड़ेगा। वही बाबूलाल आज भाजपा और नरेंद्र मोदी की तारीफ करते नहीं थकते। जो भी हो चुनाव जैसे जैसे नजदीक आएगा नेताओं के सुर बदलते रहेंगे।

## ट्रेन से कटने पर युवक की मौत

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हँसडीहा-दुमका रेलखंड पर नोनीहाट रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर दुमका की ओर चंपातरी रेलवे पुल के समीप रेलवे पटरी पर मंगलवार दोपहर एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। घटना में उसकी बायां हाथ कटकर अलग हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नयाबाजार (नोनीहाट) संतोष कुमार साह,पिता किशुन साह के रूप मे हुई ग्रामीणों की सूचना पर हँसडीहा थाना मोके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे ले कार्रवाई में जुट गई है।

## बस को बाइक चालक ने मारी ठोकर, मौत

**रानेश्वर।** प्रखंड के सलतोला पंचायत के समीप मंगलवार को खड़ी बस को बाइक चालक द्वारा ठोकर मारने से बाइक चालक का मौके पर ही मौत हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बाइक चालक का नाम जोसेफ सोरेन है। व्यक्ति पश्चिम बंगाल के मुरालपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति बाइक में सवार होकर जा रहा था। एक बस खड़ी थी। खड़ी बस को बाइक चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही व्यक्ति का मोत हो गया है। समाचार लिखे जाने तक थाना से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक के शव को कब्जे में लिया गया है।

## सड़क सुदृढ़ी करण का शिलान्यास विधायक ने किया

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के भगैया पंचायत अंतर्गत खंधार मोड पी डब्लू डी रोड से खंधार गांव होते हुए भगैया तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक दीपिका पांडे सिंह ने किया ।मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत इस सड़क का सुदृढ़ीकरण, मजबूतीकरण कार्य किया जाएगा ।सड़क की लंबाई 1.870 किलोमीटर है। एक करोड़ 41 लख रुपए की लागत से इस सड़क का मरम्मतीकरण, सुदारीकरण कार्य किया जाएगा ।यह मार्ग जर्जर हो गया था ।खंधार भगैया,हीरा खूटहरी, बोधराय खुटहरी,कौड़ी खुटहरी,बिशनपुर, मानिकपुर आदि गांव के ग्रामीणों ने विधायक दीपिका पांडे सिंह से सड़क मरम्मती कराने का मांग किया था ।जिस पर की त्वरित गति से सुधि लेते हुए विधायक द्वारा इस योजना की स्वीकृति दिलाई गई और अब सुदृढ़ीकरण कार्य जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा ।इस सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य संबंधी शिलान्यास होने से खंधार,भगैया सहित निकटवर्ती कई गांव के ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

## नालंदा में पुलिस जीप से टकराई तेज रफ्तार बाइक, तीन की मौत

**पटना।** बिहार के नालंदा में मंगलवार शाम पुलिस जीप और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने पुलिस की गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की। बताया गया है कि जिले में एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार गांव के पास एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एकंगरसराय थाना पुलिस की जीप से टकरा गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है।

# बम विस्फोट से दहला बेगूसराय, पांच बच्चे घायल, चार गंभीर



**बेगूसराय (हि.स.)।** बिहार के बेगूसराय में मंगलवार को संदिग्ध बम विस्फोट में पांच बच्चे घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ता एवं एफएसएल टीम को बुलाया गया है। बताया जाता है कि पहसारा गांव निवासी बैद्यनाथ सिंह के खंडहरनुमा घर के समीप कुछ बच्चे खेल रहे थे। घर के अंदर गेंद चले जाने पर उसे निकालने के लिए बच्चा घुसा तथा गेंद के साथ एक टेप लगा डिब्बा लेकर बाहर आया। पटक कर डब्बा खोलने के दौरान तेज धमाके के साथ सभी बच्चे घायल हो गए। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल थे। इसके बाद घायल बच्चे विजय साह के पुत्र नितीश कुमार, सुनील साह के पुत्र सिंटू कुमार, सुनील साह की पुत्री मौसम कुमारी उर्फ भुल्ली कुमारी एवं पुत्र अंकुश कुमार, जितेन्द्र महतों की पुत्री स्वाति कुमारी को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें चार बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। एक बच्चे का दोनों पंजा उड़ गया है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा में बैद्यनाथ सिंह के खंडहरनुमा घर के पास खेल रहे बच्चों द्वारा घर के अंदर मिले एक डिब्बा को उठाकर दिवार पर फेकने के दौरान विस्फोट में पांच बच्चे घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल को सील कर बम निरोधक एवं एफएसएल को बुलाया गया है। एसपी ने बताया कि उक्त घर में कोई नहीं रहता है, पांच-छह बच्चे वहीं खेल रहे थे। उसमें से एक बच्चा घर के अन्दर गेंद निकालने के लिए घुसा एवं गेंद के साथ एक टेप लगा डिब्बा लेकर बाहर आया। डिब्बा खोलने के दौरान दिवार पर पटकने से विस्फोट हुआ। जिसमें पांचों बच्चे घायल हुए। ग्रामीणों के सहयोग से तत्परता पूर्वक ईलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बखरी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। उक्त खंडहरनुमा घर को सील कर दिया गया है। घर में और बम या संदिग्ध वस्तु की संभावना के मद्देनजर बम निरोधक दस्ता एवं घटित घटना की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के संबंध में जानकारी ली है।

## हिंदू पर्व छुट्टी विवाद से सरकार ने पल्ला झाड़ा, मंत्री बोले

# संज्ञान में आते ही सीएम ठीक कर देंगे

एजेंसी

**पटना।** बिहार में हिंदू पर्वों पर छुट्टियां घटाने और मुस्लिम त्योहारों पर छुट्टियां बढ़ाने के फैसले से नीतीश सरकार ने पल्ला झाड़ लिया है। मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को कहा कि यह निर्णय सरकार के स्तर पर नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संज्ञान में जैसे ही यह आएगा, वे इसमें सुधार कर लेंगे। बता दें कि शिक्षा विभाग ने हाल ही में छुट्टियों का नया कैलेंडर जारी किया है, जिसमें रक्षाबंधन, तीज जैसे हिंदू पर्वों कों छुट्टी खत्म कर दी है। साथ ही ईद और बकरीद की छुट्टियां बढ़ा दी है। बिहार के भवन निर्माण मंत्री एवं जेडीयू नेता अशोक चौधरी ने मंगलवार को छुट्टी विवाद से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छुट्टियों को लेकर जो नया आदेश जारी हुआ है, उस



पर सरकार के स्तर से फैसला नहीं हुआ है। यानी कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने स्तर पर ही यह बदलाव किया है। मंत्री ने साल 2024 में स्कूली छुट्टियों के कैलेंडर की समीक्षा के भी संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है। सीएम इस मामले को देखेंगे तो इसका समाधान कर देंगे ।बता दें कि, शिक्षा विभाग द्वारा जारी अगले साल के छुट्टी कैलेंडर में रक्षाबंधन, तीज जैसे पर्व की छुट्टियां खत्म कर दी गई है। साथ ही दुर्गा पूजा की छुट्टी घटा दी गई है। वहीं, ईद और बकरीद पर छुट्टियों की संख्या बढ़ गई है। इससे राज्य में हिंदू-मुस्लिम की राजनीति को बल मिल गया है। बीजेपी समेत अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाए हैं कि नीतीश सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। बीजेपी नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महागठबंधन सरकार को हिंदू एवं सनातन विरोधी करार दिया। साथ ही बिहार को इस्लामिक स्टेट और पाकिस्तान बनाने की भी बात कह दी।

## फूल गोभी चोरी के शक पर अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले में मधुबन थाना क्षेत्र के दुलमा पंचायत के वार्ड 09 बारा पाकर गांव में फूलगोभी चुराने के शक में एक किसान ने 55 वर्षीय रघुनाथ भगत की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक के चेहरे तथा दोनों पैरों पर धारदार हथियार के जख्म का भी निशान मिला हैं। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। घटना के संदर्भ में मृतक की पतोहू आशा देवी ने बताया कि गांव के ही नंद किशोर भगत व उनके दो पुत्रों ने मिलकर उनके ससुर की पीट-पीट कर शव को घर के 300 मीटर पीछे बांसवाड़ी में फेंक दिया । उन्होंने बताया कि मारने के बाद आरोपी ने घर में आकर हमलोगों तथा ग्रामीणों से कहा कि मैंने रघुनाथ को पिटा है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**पटना(हि.स.)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को आपदा पूर्व तैयारी व प्रबंधन विषय पर मीडियाकर्मियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ज्ञान भवन में किया गया। कार्यक्रम में एसडीआरएफ ने भूकंप तथा आग जैसी आपदा से बचने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। वरिष्ठ पत्रकार पुष्यमित्र ने बाढ़ आपदा में मीडिया कर्मियों का दायित्व क्या है? इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी बाढ़ से पूर्व सरकार की तैयारियों की रिपोर्टिंग करें तो आपदा को बहुत कम किया जा सकता है। मनीषा प्रकाश, सहायक अध्यापक, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने कहा कि आपदा सापेक्ष गलत और भ्रामक जानकारी के प्रति पत्रकारों का सजग रहना होगा। उन्होंने मीडिया कन्वर्जेंस को व्याख्यायित करते हुए कहा कि भौगोलिकीकरण के युग में फेक न्यूज से बचकर आपदा सापेक्ष जन जागरुकता पर कार्य करना चाहिए। आईआईटी, पटना के कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा ने प्राधिकरण के सहयोग से नव तकनीक के माध्यम से निर्माण किए जा रहे आपदा पूर्व सूचना देने वाले टूल के बारे में जानकारी मीडिया कर्मियों से साझा की। सदस्य मनीष कुमार वर्मा ने प्राकृतिक आपदा को हेजार्ड की संज्ञा दी तथा कहा कि जब यह आपदा सघन आबादी को प्रभावित कर ले तब यह डिजास्टर की श्रेणी में आ जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि समाज को जागरूक बनाया जाए। सदस्य पीएन राय ने कहा कि मीडिया का प्रमुख दायित्व है कि समाज में आपदा बचाव से तरीकों के प्रति जन जागरूक करें।

## इम्पैक्ट ऑफ डिजिटलायजेशन ऑन स्टूडेंट्स विषय पर सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में इम्पैक्ट ऑफ डिजिटलायजेशन ऑन स्टूडेंट्स विषय पर विभागीय सेमिनार आयोजित हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान में छात्रों का डिजिटलायजेशन पर निर्भरता, जहाँ अकादमिक सीमा अर्थात ज्ञान, विज्ञान आदि तक रहना चाहिए। वहां वो इसपर अत्यधिक निर्भरता के कारण दुष्प्रभाव का शिकार हो रहे हैं । छात्र ऑनलाइन क्लास के बहाने फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सप, ट्विटर आदि से जुड़कर न केवल सोशल व संज्ञानात्मक इंटरएक्शन से दूर होकर मनोविकारी लक्षणों को घर कर रहे है, बल्कि सांवेगिक कुंठा का शिकार हो रहे है। एक मूक पीढ़ी को दावत दे रहे हैं, बल्कि शॉर्ट कट जीवन शैली को अपना कर अप्रत्याशित आचरणों व अपराध को भी जन्म दे रहे हैं। मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता से बच्चे जहां अकादमिक ज्ञान, आचरण, अनुशासन आदि से विपथ हो रहे है, तो वही वो सेक्स व नशा जैसी घृणित व्यवहारों में लिप्त भी पाए जाते हैं । पाशविक इड की चाह में बच्चे किसी भी हद से गुजरने को आतुर दिखते हैं। अभिभावकों की अनदेखी से साइबर क्राइम, डीपफेक, ट्रॉलिंग, बुलिंग, आदि जैसे विचलित व्यवहारों को करने को अभिप्रेरित भी करता हैं । सामाजिक वातावरण छात्रों में एक ओर जहां प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करता हैं और जिसकी विफलता में हीनता का भाव उत्पन्न करता हैं ।वही वह उसकी क्षतिपूर्ति में आवेग में आकर विभत्स घटनाओं को अंजाम देता हैं। यही कारण हैं कि आज किशोर से लेकर युवाओं तक में विचलनशीलता की बाढ़ - सी दिखती हैं ।

# बीडीओ ने बैठक कर दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आलोक वरन केसरी ने विभिन्न विभागों के कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में प्रखंड,अंचल,बाल विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, अबूआ आवास, स्वच्छ भारत मिशन ,पेयजल, बिजली ,पशुपालन, शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा,15 वा वित्त आयोग,आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया जाएगा। सभी स्टालों पर संबंधित विभाग के अधिकारी, सहायक और कर्मी विधिवत ग्रामीणों के आवेदन को जमा लेंगे और उसपर त्वरित कार्रवाई करेंगे ।यह भी कहा कि शिविर में आने वाले ग्रामीण,किसानों, मजदूरों,जरूरतमंदों के सभी प्रकार के आवेदनों को पंजीकृत करते हुए ऑनलाइन भी किया जाएगा ।ताकि यह पूर्ण रूप से



जानकारी हो सके कि कितने आवेदको के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई ऑन द स्पॉट किया जा रहा है। और कौन से आवेदकों का आवेदन पर विलंब से सुनवाई होगी और वह किस विभाग के किस कार्यों से संबंधित है बताया कि ग्रामीण, किसानों,मजदूरों, जरूरतमंदों द्वारा जिस भी विभाग के जिन भी कार्यों,योजनाओं से संबंधित आवेदन दिया जाएगा सबों का यह प्रयास रहेगा की जल्द से जल्द त्वरित गति से उसे पर कार्रवाई करते हुए कार्यों का निष्पादन किया जाए।

## एमटी प्रभारी का एससी एसटी महिला थाना बैरक के ऊपर मिला शव

**भागलपुर (हि.स.)।** जिले के एससी एसटी महिला थाना के ऊपर बैरक में मंगलवार को एमटी प्रभारी अभिषेक कुमार का फंदे से लटका हुआ शव मिला है। जिससे पूरे पुलिस खेमा में अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलते ही डीआईजी विवेकानंद, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। इस मामले को लेकर भागलपुर के डीआईजी विवेकानंद ने बताया भागलपुर के एमटी प्रभारी अभिषेक कुमार जो गया जिला के जमरी मगध थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वह पुलिस लाइन में एमटी प्रभारी के रूप में पदस्थापित थे। जब विभागीय कार्य के लिए उन्हें खोजा गया तो पता चला उनका दरवाजा बंद है। पुलिस जवानों द्वारा उनके कमरे के दरवाजे को तोड़ा गया तो वह पंखे से लटके हुए मिले। जबकि अभिषेक सुबह लोगों से सामान्य तरीके से बातचीत किए हैं। उनके भाई का एग्रीकल्चर कॉलेज में नामांकन हैं। उनसे भी बातचीत हुई है। डीएसपी पुलिस लाइन से भी बात हुई है। सरकारी विभागीय काम के लिए जब उनकी खोजबीन तेजी से होने लगी। तब पता चला कि वह अपने कमरे में बंद हैं। दरवाजा तोड़ा गया तो वह पंखे से लटके मिले। कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

# एसपी कॉलेज के चहारदीवारी निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी कॉलेज की चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक बसंत सोरेन ने किया। इसके निमित करहड़बिल मौजा के ग्राम प्रधान प्रधान बेसरा के नेतृत्व में पारंपरिक विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। विधायक बसंत सोरेन के कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्वागत किया। संताली विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ होलिका कुमारी मरांडी एवं फूलों झानो बालिका छात्रावास की सहायक अधीक्षका डॉ बसंती हांसदा की देखरेख में पारंपरिक रूप से नृत्य -संगीत से विधायक का स्वागत करते हुए कॉलेज



कॉलेज परिसर में विधायक का स्वागत करते छात्र-छात्राएं

संस्थापक सह दुमका के प्रथम सांसद स्व बाबा लाल हेंब्रम की आदमकद प्रतिमा तक पहुंचे। जहां विधायक एवं अतिथियों ने बाबा लाल हेंब्रम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद विधायक श्री सोरेन ने ग्राम प्रधान सहित कॉलेज के प्राचार्य की उपस्थिति में पूजा कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत चहारदीवारी का शिलान्यास किया। विधायक ने शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं से युक्त सभा कक्ष पहुंचे। वहां छात्राओं ने पारंपरिक स्वागत गान एवं नृत्य से समां बांध दिया। प्राचार्य डॉ केपी यादव ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से मुख्य अतिथि विधायक एवं ग्राम प्रधान श्री प्रधान बेसरा का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यादव ने उनके योगदान के प्रति आभार जताते हुए कॉलेज के कई मूलभूत आवश्यकताओं की ओर विधायक का ध्यान भी आकृष्ट कराया। कॉलेज के पुरानी जर्जर इमारत के छत का गिरना, जीर्ण शीर्ण परीक्षा प्रशाल एवं वर्ग कक्षा का अभाव, लैब लाइब्रेरी की समस्या आदि कमियों की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके संबंध प्राचार्या एक मांग पत्र भी सौंपा। मौके पर कॉलेज की आवश्यकताओं को देखते हुए विधायक ने इसे पूरा करने का आश्वासन दिया। यहां बता दें कि विधायक एवं ग्राम सभा की अनुशंसा पर जिला प्रशासन की निधि कोष से कॉलेज के चहारदीवारी के निर्माण के लिए लगभग एक करोड रुपए की लागत से योजना की निविदा हुई है। उक्त प्रकल्लित राशि से जिला प्रशासन के द्वारा विशेष कार्य प्रमंडल की देखरेख में उक्त कार्य किया जाना है ।कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ यदुवंश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सत्यम कुमार ने किया। इस अवसर पर विभागीय कार्यपालक अभियंता उदय सिंह, शिक्षक डॉ संजीव कुमार, डॉ कुमार पियूष, डॉ वेद प्रकाश सहाय, डॉ पूनम बिंझा, डॉ कलानंद ठाकुर, डॉ इंद्रनील मंडल, प्रो के बी टोप्पो, डॉ कुमार सौरभ,प्रो निर्मल मुर्मू, डॉ कमल, सिद्धोर हांसदा, कार्यालय प्रधान मरियम टुडू, संगीता गांगुली, गोपाल झा, अमियो पंजियारा, कुर्बान अंसारी आदि कर्मी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में 1220 आवेदन हुए प्राप्त

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत बढ़ेत पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन उपसमाहर्ता गौरव कुमार,जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, जिला परिषद सदस्य राधिका देवी प्रमुख प्रतिनिधि शंभु हेम्ब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान स्थानीय विधायक प्रदीप यादव भी कार्यकम में शामिल हुए जहां उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे इसके लिये सरकार प्रयासरत है वहीं लोगों के गांव घरों तक पहुँच सरकार योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही है।उन्होंने लोगों से शिविर में पहुँच सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में कुल 1220 आवेदन प्राप्त हुए।जिसमें सर्वाधिक अबुवा आवास योजना के 767 पेंशन के 31 मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 68 सावत्री बाई फुले के 160 राशनकार्ड व सोना-सोबरन योजना के 162 मत्स्य पालन के 13 आयुष्मान कार्ड के 37 जॉबकार्ड के 27 जाती प्रमाण पत्र के 3 जबकि 3 आवेदन बिजली विभाग से संबंधित थे। इस दौरान कल्याण विभाग द्वारा 10 बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से साइकिल के लिए साढ़े चार हजार रुपये का चेक दिया गया।जबकि 30 लाभार्थियों को कंबल, दो लाभार्थियों को एक लाख बीस हजार का केसीसी ऋण व दो एसएचजी ग्रुप की महिला को 3 लाख का चेक प्रदान किया गया। वहीं स्वास्थ विभाग के द्वारा लगाये स्टॉल में कुल 150 लोगों का जांच कर ईलाज किया गया।शिविर में सीडीपीओ पूनम टोप्पो, बीपीओ कन्हैयालाल झा,गौरव कुमार मुखिया अरविंद कुमार मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिता मुर्मू,पंचायत सचिव शंभुनाथ गण, रोजगार सेवक मो जसीम सहित अन्य प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## शिक्षक संघ के नेता ने कई लाभों से वंचित रहने का आरोप लगाते हुए आपदा राहत कोष राशि संग्रह की बात की

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी झारखंड सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों के हितों में सेवा शर्त नियमावली जो 2021 झारखंड प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की अधिसूचना संख्या 222/ 2022 में निहित प्रावधान के तहत सहायक अध्यापकों को लाभ मिलना था। इसका लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल सचिव कौशल किशोर ठाकुर ने उपरोक्त बातों की जानकारी देते हुए बताया कि 60 वर्ष तक स्थाई सेवा,आकलन परीक्षा उत्तीर्ण पर वेतन वृद्धि,योग्यता के आधार पर अनुकंपा,चिकित्सा अवकाश मातृत्व चिकित्सा आदि की सुविधा संबंधी प्रावधान बनाया गया था ।लेकिन इसमें से तीसरा नियम योग्यता के आधार पर अनुकंपा का लाभ सहायक अध्यापकों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन भी सहायक अध्यापकों का बीते एक वर्ष के अंतराल में असामयिक निधन हुआ है वैसे सहायक अध्यापकों के स्वजनों को योग्यता के आधार पर अनुकंपा का लाभ नहीं मिल पाया है। अभी बीते एक सप्ताह के अंदर ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के तीन सहायक अध्यापकों का असायिक निधन हो गया।और तीनों सहायक अध्यापक सिकंदर अंसारी,विनोद कुमार ठाकुर और प्रेम कुमार पवन की आयु लगभग 40 वर्ष ही थी। उन्होंने कहा कि शिक्षक आपदा राहत कोस नहीं चलाया जा रहा है। पूर्व में जब शिक्षक आपदा राहत कोष में राशि थी तो तीन असमिक निधन वाले सहायक शिक्षकों के स्वजनों को राशि का लाभ दिया गया था। अब राशि की संग्रह नहीं हो पा रहा है ।उन्होंने कहा कि इस कोस में राशि संग्रह होनी चाहिए ।ताकि किसी भी सहायक अध्यापक के असामयिक निधन पर उनके स्वजनों को शिक्षक आपदा राहत कोस से राशि सहयोग दिया जा सके।

## नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएंगे भाजयुमो कार्यकर्ता, तय की रुपरेखा

**बेगूसराय(हि.स.)।** आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी की अध्यक्षता में बेगूसराय विधानसभा के कपस्या चौक स्थित विधायक कार्यालय एवं तेघड़ा विधानसभा के निजी सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में आयोजित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा कई जरूरी निर्देश दिए गए। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी ने कार्यकताओं को प्रस्तावित कार्यक्रम से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए तमाम मंडलों में कार्यकर्ता की बैठक हो। जिसमें जिले एवं प्रदेश के पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए भी कहा कि चुनाव अगले वर्ष प्रस्तावित है।

पेज 1 का शेष

## टिन का चश्मा लगानेवालों...

कार्यक्रम में 266 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। **विपक्ष जीरो बटा जीरो :** सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार सभी बुजुर्गों, महिलाओं को पेंशन पेंशन दे रही है। बच्चियों युवाओ को सरकारी खर्च पर पढ़ा रहे हैं। साबित्रीबाई फूले योजना एक परिवार की बच्चियों को लाभ दे रहे हैं। पर हमारे विपक्ष को क्या हो गया। कहते हैं कि हम ढोंग रच रहे है। विकास उन्हें दिखता ही नहीं। इतना कुछ होने के बावजूद विपक्ष के लोग छाती पीट रहे हैं। तरह तरह के लांक्षण लगा रहे हैं। जनता ने जब उन्हें मौका दिया था तो राज्य के लिए कुछ किया नही। लोगों को भूखा मरने छोड़ दिया। जब काम कर रहे हैं तो काम पर धूल डाल रहे हैं। वहीं सहयोग के नाम पर वे जीरो बट्टा जीरो हैं। जिनको राज्य से कोई लेना देना नहीं वो क्या करेंगे। वे लोगों को बरगला रहे हैं। सीएम ने कहा कि जब गांव, किसान, मजदूर मजबूत हो जायेगा तो यह राज्य खुद मजबूत हो जायेगा। हमें अपनी जड़ को मजबूत करना होगा। **परेशान करना है, जांच एजेंसी लगा दो :** मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा, इनकी तो हालत ऐसी है कि जिनको परेशान करना है, जांच एजेंसियों को पीछे लगा दो। केंद्रीय योजनाओं को लेकर कहा कि अब 4 साल के लिए अग्निवीर में नौकरी मिलती है। फिर सड़क पर धक्के खाईये। बैंक की नौकरी खत्म हो चुकी है। रेल बिक गया है। पुराने ट्रेन को रंग-रोगन कर बुलेट ट्रेन बना दिया गया है। आम आदमी जाये तो जाये कहां।

## आधुनिक टेक्नोलॉजी हुई फेल...

**कैसे की जाती है रैट होल माइनिंग :** रैट होल माइनिंग के लिए किसी बड़ी मशीन का इस्तेमाल नहीं होता, बल्कि इसके लिए रैट होल माइनर्स हाथ के औजारों का इस्तेमाल करते हैं। वो धीरे-धीरे एक पतली सुरंग खोदते हैं और उसका मलबा बाहर निकालते जाते हैं. ये बिल्कुल वैसा ही होता है जैसे चूहे अपना बिल बनाते हैं। ये छोटी सुरंगों की मदद से खदान के अंदर से खनिजों को बाहर निकालते हैं। ये पतले होते हैं, ताकि पतली सुरंगों में आराम से घुस सकें। इन्हीं की मदद से उत्तरकाशी के टनल में फंसे मजदूरों को निकाला गया।

## बाबूलाल को गिरगिट ने...

मेरे पास सैकड़ों ऐसे क्लिप और कतरन हैं जिसमें बाबूलाल भाजपी और नरेंद्र मोदी की आलोचना करते नजर आ रहे हैं। पर आज वे उन्हीं के साथ होकर उनकी प्रशंसा में लग गये हैं। लगता है शायद गिरगिट ने उन्हें छू लिया है। दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि मरांडी और उनकी पार्टी सीएम पर खनिज-संपदा के लूट का आरोप लगा रही है, लेकिन इसकी जन्मदाता खुद भाजपा ही है। यह भाजपा के ही शासन काल में शुरू हुआ था। केंद्र में जो भाजपा की सरकार है वह तो पूरे देश को लूटने में लगी है और जनता को लूटकर सारा खजाना अंबानी और अडानी को देने में जुटी है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार में तो खनिज संपदा लूटने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जनता को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह सब विपक्षी भाजपा को पच नहीं रहा है।

# एस्ट्रोसैट ने 600 से अधिक गामा किरण विस्फोटों का लगाया पता

## ये विस्फोट कम समय में भारी मात्रा में करते हैं ऊर्जा उत्सर्जित

- प्रत्येक विस्फोट विशाल तारे की मृत्यु या न्यूट्रॉन तारों के विलय का प्रतीक
- वैज्ञानिकों ने एस्ट्रोसैट के योगदान को दी मान्यता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की एस्ट्रोसैट अंतरिक्ष दूरबीन ने 600 से अधिक गामा किरण विस्फोटों (जीआरबी) का पता लगाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिनमें से प्रत्येक विस्फोट किसी विशाल तारे की मृत्यु या न्यूट्रॉन तारों के विलय का प्रतीक है। सीजेडटीआई के प्रमुख अन्वेषक दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 600वें जीआरबी का पता लगाना प्रक्षेपण के आठ साल बाद और निर्धारित जीवनकाल के बाद भी कैडमियम जिंक टेलुराइड इमेजर (सीजेडटीआई) के निरंतर जारी असीमित प्रदर्शन का एक बड़ा उदाहरण है। एस्ट्रोसैट के माध्यम से जीआरबी अध्ययन का नेतृत्व करने वाले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के पीएचडी छात्र गौरव वरातकर ने कहा कि लघु महाविस्फोट (मिनी बिग-बैंग्स) कहे जाने वाले जीआरबी ब्रह्मांड में सबसे ऊर्जावान विस्फोट हैं, जो सूर्य द्वारा अपने पूरे जीवनकाल में उत्सर्जित की जाने वाली ऊर्जा से अधिक ऊर्जा मात्र कुछ सेकंड में उत्सर्जित करते हैं। जीआरबी एक सेकंड के एक अंश से लेकर कई मिनट तक रहता है। आईआईटी-मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर वरुण भालेराव ने कहा कि एस्ट्रोसैट ने जो हासिल किया है उस पर हमें गर्व है। इस



सफलता को आगे बढ़ाने के लिए, कई संस्थान एक साथ आए हैं और अगली पीढ़ी की जीआरबी अंतरिक्ष दूरबीन दक्ष के निर्माण का प्रस्ताव रखा है, जो दुनियाभर में ऐसे किसी भी उपग्रह से कहीं बेहतर होगी। दक्ष दूरबीन इतनी संवेदनशील होगी कि सीजेडटीआई ने जो काम आठ साल में किया है, वह एक साल में ही इतना काम कर लेगी। एस्ट्रोसैट के सीजेडटीआई डिटेक्टर द्वारा 600वें जीआरबी का पता 22 नवंबर को लगाया गया था। इस बारे में दुनिया भर के खगोलविदों को सूचित किया गया था जो इस तरह की घटना पर अपने शोध में इसका उपयोग कर सकते हैं और इससे इन उच्च-ऊर्जा से जुड़ी चरम स्थितियों का पता लगाने के लिए खगोलविदों को महत्वपूर्ण डेटा मिल सकता है। वरातकर ने कहा कि डेटा को देखना आश्चर्यजनक है और अरबों साल पहले हुए इन विस्फोटों को सबसे पहले देखने का का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 600वें जीआरबी के बाद से, सीजेडटीआई ने तीन और ऐसी घटनाओं का पता लगाया है जिनमें नवीनतम घटना सोमवार की है। इन जीआरबी का पता लगाने और एस्ट्रोसैट पर मौजूद विभिन्न उपकरणों से मिले विज्ञान संबंधी परिणाम 400 से अधिक शोध लेखों में प्रकाशित किए गए हैं।

### इसरो ने 2015 में किया था स्थापित

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 2015 में प्रक्षेपित एस्ट्रोसैट की कार्य अवधि पांच साल के लिए निर्धारित थी, लेकिन यह अवलोकन कार्य में खगोलविदों के लिए अब भी अच्छी स्थिति में बना हुआ है। यह उपग्रह भारत की पहली समर्पित बहु-तरंगदैर्ध्य अंतरिक्ष वेधशाला है, जो पराबैंगनी किरणों से लेकर एक्स-रे तक विभिन्न तरंगदैर्ध्य में अंतरिक्ष संबंधी वस्तुओं का एक साथ अवलोकन करने के लिए उपकरणों से लैस है।

# 2026 तक सात प्रतिशत होगी भारत की वृद्धि दर

## चीन की जीडीपी में होगी सुस्ती : एसएंडपी

- अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने कहा- वृद्धि दर चीन से हटकर दक्षिण-पूर्व एशिया की तरफ होगा स्थानांतरित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मंगलवार को कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वर्ष 2026 तक बढ़कर सात प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जबकि चीन के लिए इसके सुस्त पड़कर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चाइना स्लोज इंडिया ग्रोथ शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में उम्मीद जताई है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र का वृद्धि इंजन चीन से हटकर दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की तरफ स्थानांतरित हो जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हमारा अनुमान है कि वर्ष 2024 में चीन की जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर 4.6 प्रतिशत हो जाएगी जबकि 2025 में यह 4.8 प्रतिशत और 2026 में 4.6 प्रतिशत रहेगी। इसी के साथ हम भारत को वर्ष 2026 में 7.0 प्रतिशत की दर से वृद्धि करते हुए देख रहे हैं। इसके साथ ही एसएंडपी ने वर्ष 2026 में वियतनाम की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत, फिलीपीन की 6.4 प्रतिशत और इंडोनेशिया की वृद्धि दर पांच प्रतिशत रहने का अनुमान भी जताया है। रेटिंग एजेंसी ने एक दिन पहले कहा था कि चालू वित्त




वर्ष और अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2025 के लिए यह दर बढ़कर 6.9 प्रतिशत और फिर 2026 में सात प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। एशिया-प्रशांत देशों के केंद्रीय बैंकों की तरफ से ब्याज दरें ऊंची रखने की संभावना है जिससे कर्जदारों के लिए कर्ज महंगा हो जाएगा। पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ने की आशंका है। ऊर्जा लागत बढ़ सकती है जो मुद्रास्फीति बढ़ाने का काम करेगी।



### राष्ट्रपति को मिला नया मतदाता पहचान पत्र

**नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने उनका नया मतदाता पहचान पत्र सौंपा। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले 10 नवंबर को कृष्णमूर्ति राष्ट्रपति भवन गए थे ताकि राष्ट्रपति मुर्मू के मतदाता पहचान पत्र में उनका पता बदला जा सके। पहले उनके मतदाता पहचान पत्र पर ओडिशा का पता था।**

# राजनाथ सिंह ने विध्वंसक मिसाइल इंफाल क्रेस्ट का किया अनावरण

- ब्रह्मोस मिसाइलों और पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लांचर से सुसज्जित है शिखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भारतीय नौसेना की स्टील्थ निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल के क्रेस्ट (शिखा) का अनावरण किया। इंफाल मिसाइल विध्वंसक सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों और पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लांचर से सुसज्जित है। दिल्ली में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की उपस्थिति में अनावरण समारोह हुआ। आईएनएस इंफाल 15बी स्टील्थ निर्देशित मिसाइल विध्वंसक परियोजनाके तहत निर्मित चार युद्धपोतों में से तीसरा युद्धपोत है। क्रेस्ट के डिजाइन में




बाईं ओर कांगला पैलेस और दाईं ओर कांगला-सा को दर्शाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कांगला पैलेस और कांगला-सा से सुशोभित इंफाल की क्रेस्ट का अनावरण भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति मणिपुर के लोगों द्वारा किए गए बलिदान के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। कांगला पैलेस मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है और यह प्राचीन साम्राज्य की पारंपरिक पीठ हुआ करता था। ड्रैगन के सिर और शेर के शरीर की आकृति के साथ सुसज्जित कांगला-सा मणिपुर के इतिहास का एक पौराणिक प्राणी है, और इसे स्थानीय लोगों के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। युद्धपोत का द्रव्यमान 7,400 टन है और लंबाई 164 मीटर है। यह विध्वंसक जहाज अत्याधुनिक हथियारों और प्रणाली से लैस है, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, पोत रोधी मिसाइल और टॉरपीडो शामिल हैं। यह 30 समुद्री मील यानी 56 किमी प्रतिघंटा से अधिक गति प्राप्त करने में सक्षम है।

### चक्रवाती तूफान को ले ओडिशा में अलर्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने दक्षिणी अंडमान सागर पर कम दबाव वाले क्षेत्र के निर्माण के बीच राज्य के सात तटीय जिलों के लिए मंगलवार को अलर्ट जारी किया। अधिकारियों के मुताबिक, कम दबाव वाले क्षेत्र के दबाव क्षेत्र में तब्दील होकर दो दिसंबर तक चक्रवात में बदलने की संभावना है। बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी, खुर्दा और गंजम जिले के जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने कहा कि दक्षिणी अंडमान सागर पर बने कम दबाव वाले क्षेत्र के दबाव क्षेत्र में तब्दील होकर बाद में चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। मछुआरों को एक दिसंबर की सुबह से समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एच.आर. बिस्वास ने बताया कि तूफान जब कम दबाव वाला क्षेत्र दबाव क्षेत्र में तब्दील होगा। तीन दिसंबर को कोरापुट, रायगड़ा, गजपति और पुरी के कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

# देश से नफरत मिटाना मेरा मकसद : राहुल

हैदराबाद। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनका लक्ष्य देश में नफरत खत्म करना है और इसके लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराना जरूरी है। उन्होंने नामपल्ली में एक चुनावी सभा में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), प्रधानमंत्री मोदी और कट्टरपंथियों ने पूरे देश में नफरत फैला दी है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का नारा दिया था। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ 24 मामले दर्ज कर दिए गए क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना था कि पहली बार ऐसा हुआ कि मानहानि के मामले में दो साल की सजा मिली। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मेरा सरकारी घर छीन लिया गया। मैंने कहा कि मुझे यह



नहीं चाहिए। मेरा घर देश के करोड़ों गरीबों के दिलों में है। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई करने वाली उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने सोमवार को गांधी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित 2018 के मानहानि मामले में तलब किया। उन्होंने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी हमला बोला और सवाल किया कि आखिर हैदराबाद के सांसद के खिलाफ कितने मामले दर्ज हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती हैं।

# तेलंगाना में थमा शोर, वोटिंग कल

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया और अब 30 नवंबर को राज्य में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शाम पांच बजे चुनाव प्रचार अभियान थम गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने विभिन्न पाबंदियां लगा दी हैं। निर्वाचन आयोग ने नौ अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसके बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। राज्य में 3.26 करोड़ पात्र मतदाता हैं। राज ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए 2.5 लाख से अधिक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में तैनात होंगे। सीईओ के अनुसार, पूरे राज्य में दंड प्रकिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में है जबकि कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए जी जान लगा रही है और भाजपा ने भी सत्ता में आने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आगामी चुनाव में बीआरएस प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर), उनके पुत्र केटी रामा राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और भाजपा के लोकसभा सदस्य बंदी संजय कुमार, डी. अरविंद और सोयम बापूराव समेत 2,290 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। केसीआर कामारेड्डी और गजवेल से अपनी किस्मत आजमाएंगे, वहीं रेवंत रेड्डी कोडंगल और कामारेड्डी से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने अपने विधायक एटाला राजेंद्र को हुजूराबाद के अलावा गजवेल से मैदान में उतारा है।

### रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखेगा आरबीआइ

**चेन्नई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखेगी और अगले महीने होने वाली बैठक में अपना रुख नहीं बदलेगी। मुद्रास्फीति औसतन पूरे साल के लिए 5.5 फीसदी रहेगी। ऐसा विशेषज्ञों ने कहा है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति दर घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई है, लेकिन फिर भी केंद्रीय बैंक रेपो दर में संशोधन नहीं करेगा। वह महंगाई को लेकर चौकन्ना है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया कि हम आगामी नीति में रेपो रेट और रुख दोनों पर यथास्थिति की उम्मीद करते हैं। मुद्रास्फीति चिपचिपी विकेट पर है, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति चिंता का विषय बनी हुई है। अनाज और सब्जी दोनों के दाम बढ़ रहे हैं।

# 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को होगी रिलीज

एजेंसी

**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता त्रिपाठी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर यह घोषणा करते हुए फिल्म के एक नए पोस्टर का भी अनावरण किया। त्रिपाठी ने लिखा कि दिलदार, फौलादी, एक बहुमुखी कवि, नए भारत का स्वप्नद्दष्टा दूरदर्शी व्यक्ति। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी मैं अटल हूं 19 जनवरी, को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रवि जाधव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है जो नटरंग और बालगंधर्व जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसकी पटकथा




उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। मैं अटल हूं फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली ने किया है। वहीं, भावेश भानुशाली और सैम खान फिल्म के सह-निर्माता हैं।

**सैम बहादुर एक दिसंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज :** विक्की कौशल की अगली फिल्म सैम बहादुर एक दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और इंडियन आर्मी के शौर्य को समर्पित है। फिल्म में विक्की टाइटलर किरदार में नजर आएंगे। अब इस फिल्म से सामने आई एक अपडेट आपको हैरान कर देने वाली है। इस फिल्म में 4 मेजर वॉर्स सीक्वेंस को दशार्या गया है, जिसे सही तरीके से फिल्माने के लिए हर मुमकिन कोशिश की गई है।

फिल्म के इन बड़े वॉर सीक्वेंस के लिए हजारों हथियार से लेकर वॉर व्हीकल्स खरीदे गए थे, जिनमें बंदूकें, मिसाइल लॉन्चर, टैंक आदि शामिल है। यह फिल्म फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने आगे बढ़कर भारतीय सेना का नेतृत्व किया और बांग्लादेश का निर्माण भी किया। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। फिल्म में विक्की कौशल के अलावा फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरज काबी, एडवर्ड सोनेनब्लिक और जीशान अय्यूब भी मुख्य भूमिका में हैं।

## एक नजर में

### नेपाल में राजतंत्र की वापसी असंभव : देउवा

**काठमांडू।** नेपाल में राजतंत्र पुर्नबहरली को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच सबसे बड़े राजनीतिक दल ने प्रतिक्रिया दी है। सत्तारूढ़ गठबन्धन के सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा ने कहा है कि राजतंत्र की पुनर्बहाली असंभव है। हालांकि उन्होंने धर्मनिरपेक्षता पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत पर बल दिया। देउवा ने कहा कि नेपाल अब लोकतंत्र और गणतंत्र के रास्ते से पीछे नहीं हट सकता है। कुछ लोगों के हल्ला करने से राजतंत्र की पुनर्बहाली नहीं हो सकती है। 21 वीं शताब्दी में राजतंत्र की बात करना बेमानी है। पूर्व प्रधानमंत्री ने यह जरूर कहा कि धर्मनिरपेक्षता पर जरूर बहस कराई जा सकती है। यह देश की आमजनता की भावना से जुड़ा विषय है। नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने पर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू राष्ट्र और राजतंत्र को एक साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

### लेबनान में आइडीएफ और हिजबुल्लाह के बीच झड़प

**तेल अवीव।** कतर के मध्यस्थ हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम को दो और दिनों के लिए बढ़ाने में सफल रहे हैं, इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) और हिजबुल्लाह के साथ-साथ लेबनान में अन्य फिलिस्तीनी संगठनों के बीच भारी गोलाबारी की खबरें हैं। लेबनानी अधिकारियों ने बताया है कि आईडीएफ ने चुनिंदा हिजबुल्लाह टारगेट के सीमावर्ती क्षेत्र में गोलाबारी शुरू की। गौरतलब है कि हिजबुल्लाह एक ऐसा संगठन है, जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है और यह हमास से कहीं अधिक प्रोफेशनल है। हाल ही में टीवी संबोधन में, हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ अपनी हमले की योजना पर कुछ नहीं कहा। हिजबुल्लाह को अक्सर ईरान गणराज्य के प्रत्यक्ष प्रॉक्सी के रूप में जाना जाता है।

### अमेरिका के विदेश मंत्री इसी हफ्ते जायेंगे इजराइल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताहांत इजराइल की यात्रा पर तेल अवीव पहुंचेंगे। उनकी इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम की अवधि को आगे बढ़वाने के प्रयासों के तहत देखा जा रहा है। यह जानकारी इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने दी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार 7 अक्टूबर को हमास के इजराइल पर आक्रमण के बाद इस क्षेत्र की उनकी तीसरी यात्रा होगी। ब्लिंकन सोमवार को अमेरिका से ब्रुलेल्स के लिए रवाना हुए हैं। वह मंगलवार और बुधवार को ब्रुसेल्स और स्कोप्जे, उत्तरी मैसेडोनिया में यूक्रेन-केंद्रित बैठकों में भाग लेने के बाद इजराइल और वेस्ट बैंक की यात्रा करेंगे। यहां नाटो और यूरोप में शांति और सुरक्षा संगठन के विदेश मंत्री एकत्र हो रहे हैं।

### 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी आज से

**नयी दिल्ली।** सरकार महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी का पहला दौर बुधवार को शुरू करेगी। इसमें 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक के लिए बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, महत्वपूर्ण खनिजों के 20 ब्लॉक देश भर में फैले हुए हैं। महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। खान मंत्रालय ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक पहल है जो हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाएगी और स्वच्छ ऊर्जा भविष्य का निर्माण करने में मदद करेगी।

### संजय सिंह की जमानत पर इडी को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 6 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायाधीश ने केंद्रीय जांच एजेंसी से आरोपी को जवाब की प्रति उपलब्ध कराने को भी कहा है। 24 नवंबर को कोर्ट ने संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 दिनों के लिए 4 दिसंबर तक बढ़ा दी थी, उन्होंने जांच अधिकारी की इस दलील पर गौर किया कि आरोपी के खिलाफ जल्द ही निर्धारित समय के भीतर चार्जशीट दाखिल किए जाने की संभावना है।

### दिल्ली में अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के धौला कुआं में 38 वर्षीय एक व्यक्ति को आठ अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और 10 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, हापुड़ के रहने वाले आरोपी सोनू ने पिछले साल दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 40 से ज्यादा पिस्तौलों की आपूर्ति की थी। यूपी के मूल निवासी सोनू की गिरफ्तारी के साथ दिल्ली पुलिस एक अंतरराज्यीय हथियार गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा कर रही है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान हापुड़ के रहने वाले सोनू के रूप में हुई।

### शेयर बाजारों में लौटी रौनक, सेंसेक्स 204 अंक चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का निवेश होने के बीच वाहन, बिजली और धातु शेयरों में अंतिम दौर की खरीदारी आने से मंगलवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दो सत्रों की गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 204.16 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 66,174.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 66,256.20 के ऊपरी और 65,906.65 के निचले स्तर पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 95 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 19,889.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, टाइटन और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और मूल्यों को स्थापित करते हैं

**शिवेश प्रताप**

रामचरितमानस एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरूप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानी मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छुपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं।

पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किए, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले वनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं।

व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मयार्दाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुनर्जीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मयार्दा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मयार्दा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मयार्दा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग



जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते- होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते।

टूटते संयुक्त परिवारों का सहाराः इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/ रामायण जीवन का संविधान बन सकता है। आज के बड़े-बड़े फैमिली सलाहकार अपनी सलाह में परिवारों में यही अंतिम सत्य बताते हैं कि परिवार वह इकाई है जहां आप तर्कों और जय-पराजय से समाधान नहीं पा सकते अपितु त्याग के द्वारा कर्तव्य पालन करके ही सुख शांति प्राप्त करेंगे। यह मान्यता भारत में त्रेतायुग में ही प्रभु राम के जीवन से स्थापित हो चुकी थी।

राम परिवार के आदर्श-स्नेह, सहयोग, सद्भाव और विश्वास को आधार बनाकर आपसी संबंधों, कर्तव्यों और दायित्वों को समझा और निबाहा जा सकता है। जब राम, लक्ष्मण और सीता वनवास संपन्न कर अयोध्याजी वापस आते हैं तो माता कौशल्या ने मिलते ही सबसे पहले लक्ष्मण से आकुल होकर पूछा कि मुझे दिखाओ तुम्हें शक्ति कहां लगी थी, पुत्र तुम्हें कितनी वेदना से गुजरना पड़ा ! लक्ष्मण जी ने इसका उत्तर दिया, 'वेदना राघवेन्द्रस्य केवलं व्रणिनो वयम' (वाल्मीकि रामायण) अर्थात हमें तो केवल घाव हुआ था, वेदना तो बड़े भाई राम को हुई थी। बस यही राम का सार है की सभी एक-दूसरे के भाव, प्रेम, हर्ष और विषाद में एकरस हो जाएं।

राम जी के छोटे भाई भरत जी का चरित्र तो ऐसा है की कहीं-कहीं उनकी श्रद्धा, समर्पण और मयार्दा रूपी हिमालय के आगे रामजी लघु प्रतीत होते हैं। भाई की चरण पादुका से राज चलाना और स्वयं नंदीग्राम में भूमि पर सोना और पर्णकुटी में रहना। राम जी अपने भाई भरत को राजधर्म की सीख देते हुए कहते हैं की, 'मुखिआ मुखु सो चाहिए' यानि मुखिया मुख के समान होना चाहिए, जो स्वयं के पोषण या सुख में अकेला है , परन्तु विवेक पूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता है। राम और भरत का चरित्र भरत-मिलाप प्रसंग में एक दूसरे के सामने ऐसे अडिग हैं की गोस्वामी तुलसीदास को लिखना पड़ता है 'धीर धुरंधर धीरजु त्यागा' यानि भरत जी के असीम त्याग और मयार्दा के समक्ष धैर्य की धुरी धारण करने वाले श्रीराम को भी अपना धीरज प्रेमाश्रुओं के सामने तोड़ देना पड़ता है।

अयोध्या के एक राजकुमार श्री राम द्वारा सुदूर वन में हनुमान को आभार व्यक्त करने के क्रम में कहा जाता है, मय्येव जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं हरे। नरः प्रत्युपकारार्थी विपत्तिमनुकाङ्क्षति॥ (हे कपिकुलनन्दन।) आपने जो मेरे साथ उपकार किया है वह मेरे में ही जीर्ण हो जाय (मुझमें पच जाय), बाहर अभिव्यक्ति का कोई अवसर ही न आवे, क्योंकि प्रत्युपकार करने वाला व्यक्ति अपने उपकारी के लिये विपत्ति की कामना करता है, जिससे उसे अपने प्रत्युपकार के लिए उचित अवसर मिले (वा. रामायण)। भगवान राम के समय में सनातन संस्कृति के वैचारिक मानदंडों पर विचार करें और उस काल खंड में संसार की अन्य संस्कृतियों के विकास से तुलना करें तो सहज ही आपको यह अनुभव होगा कि राम और अयोध्या के समाज का उत्कृष्ट सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्य कितना ऊंचा था और संसार भर में क्यों प्रासंगिक हुआ।

सुख-दुःख की अनुभूतिः आज पश्चिमी मनोविज्ञान इस स्थिति में पहुंचा जहां दबे स्वर में स्वीकारा जा रहा कि सुख-दुःख वास्तव में भौतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं करते। सुख-दुःख मनुष्य की अनुभूति के ही परिणाम हैं, उसकी मान्यता, कल्पना एवं अनुभूति विशेष के ही रूप में सुख-दुख का स्वरूप बनता है। जैसा मनुष्य का भावना स्तर होगा उसी के रूप में सुख-दुःख की अनुभूति होगी। एक ओर जहाँ पश्चिमी संसार सुख को परिभाषित करने में भौतिक संसाधनों के अंतहीन दौड़ में लगा है वहीं सनातन धर्म में सुख-दुःख का विमर्श एक साथ त्रेतायुग से होता आया है। हम मानते हैं कि सुख और दुःख दो भिन्न अवस्थाएं होते हुए भी एक-दूसरे के पूरक हैं। मृत्युशैय्या पर पड़े हुए दशरथ से मंत्री सुमंत्र कहते हैं;

**जनम मरन सब दुख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा॥**

**काल करम बस होहि गोसाई। बरबस रात्रि दिवस की नाई।**

**सुख हरषहिं जड़ दुख बिलखाहीं। दोड सम धीर धरहिं मन माहीं॥**

अर्थात जन्म-मरण, सुख-दुःख के भोग, हानि-लाभ, प्यारों का मिलना-बिछुड़ना, ये सब हे स्वामी, काल और कर्म के अधीन रात और दिन की तरह बरबस होते रहते हैं। मूर्ख लोग सुख में हर्षित होते और दुःख में रोते हैं, पर धीर पुरुष अपने मन में दोनों को समान समझते हैं। (मानस)

श्रीराम, कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकताःभगवान श्रीराम एवं उनके समाज का चिंतन केवल रावण को मारकर सीता माता की प्राप्ति तक सीमित कर देना उचित नहीं है, जैसा कि आज के डिजिटल विमर्श में चहुंओर दिखाई दे रहा है। आज जब की भारतीय समाज एकजुट होकर श्री अयोध्या जी में प्रभु राम का भव्य मंदिर बना रहा है तो ऐसे में हम सभी को समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यानी अपने परिवार के प्रबोधन पर विशेष बल देना चाहिए। ऐसे में राम के सामाजिक, पारिवारिक एवं कर्तव्य आधारित चिंतन का परिवार के साथ प्रतिदिन 10 मिनट बैठकर विमर्श अवश्य करना चाहिए। बच्चों को अगले दिन राम के ऊपर बोलने का चिंतन बिंदु दें जिससे उनके भीतर भी संस्कार की ज्योति जल सके। घर में एक रामचरितमानस रखें और सप्ताह में एक बार पूरा परिवार एक साथ बैठकर उसका पाठ अवश्य करें।

(लेखक, धर्म-संस्कृति के अध्येता और प्रभुराम के डिजिटल विश्वकोश रामचरित डॉट इन के फाउंडर हैं।)

# राजस्थान में अब तक हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रहा है दबदबा



**राजस्थान** में आजादी के बाद से अब तक हुए पन्द्रह विधानसभा चुनावों में दस बार सरकार बनाकर कांग्रेस ने अपना दबदबा कायम किया हैं और अब तक उसे केवल चार चुनावों में ही अन्य दलों के मुकाबले कम मत मिले हैं वहीं वर्ष 1980 के चुनाव से मुकाबले में आई ड्डारतीय जनता पार्टी (ड्डाजपा) ने पिछले नौ चुनावों में चार बार सरकार बनाने में सफल रही है और तीन बार सबसे अधिक मत हासिल करने में कामयाब रही।

अब तक हुए इन चुनावों में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने ड्डाी जोरदार जीत दर्ज करते हुए राज्य में सरकार बनाई। कांग्रेस ने इन पन्द्रह चुनावों में छह बार वर्ष 1952, 1957, 1972, 1980, 1985 एवं 1998 के चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया, इसमें वर्ष 1998 में कांग्रेस ने पहली बार 150 सीटों के साथ धमाकेदार जीत दर्ज की और श्री अशोक गहलोत पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस ने चार बार वर्ष 1962, 1967, 2008 एवं 2018 में किसी दल या निर्दलीय सदस्यों के सहारे सरकार बनाई। आजादी के बाद हुए वर्ष 1952 में 190 सीटों के लिए पहले विधानसभाा चुनाव में कांग्रेस ने 102 सीटें जीतकर पहली बार सरकार बनाई। इसके बाद हुए वर्ष 1957 में 176 सीटों के लिए हुए दूसरे विधानसभाा चुनाव में कांग्रेस ने 119 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। इसके बाद वर्ष 1962 के चुनाव में कांग्रेस 176 विधानसभाा सीटों वाली विधानसभाा में 88 सीटें ही जीत पाई जो बहुमत के आंकड़े से एक कम थी। इसके बाद वर्ष 1967 में हुए चौथी विधानसभाा के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर के बावजूद विधानसभाा की 184 में से 89 सीटें हासिल की। हालांकि स्पष्ट बहुमत से कुछ सीटें दूर रही लेकिन सरकार बनाने में कामयाब रही।

इसके बाद वह वर्ष 2008 के चुनाव में वह सौ सीटों के आंकड़े को नहीं छू पाई और वह 96 सीटें ही जीत सकी लेकिन श्री अशोक गहलोत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के छह विधायकों एवं निर्दलीयों की मदद से दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और राज्य में कांग्रेस की नौवीं सरकार बनाने में सफल रहे। इसके बाद गत विधानसभाा चुनाव में भी कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से केवल एक सीट दूर रही, उसे सौ सीटें मिली लेकिन उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल की एक सीट आने से उसे सरकार बनाने में कोई दिक्कत नहीं आई और श्री गहलोत तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। हालांकि बसपा के छह विधायकों और कुछ निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन हासिल कर लिया और बाद में इन्हें कांग्रेस में शामिल कर लिया गया। जिन सदस्यों को कांग्रेस में शामिल किया उनमें अधिकतर को वर्ष 2023 के विधानसभाा चुनाव में कांग्रेस ने टिकट देकर फिर से चुनाव भी लड़ाया।

इससे पहले कांग्रेस ने वर्ष 1972 में 145 सीटें जीती। इसी तरह वर्ष 1980 में 133 और इसके अगले विधानसभाा चुनाव में उसने 113 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाई जबकि वह आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए चुनाव में केवल 41 सीट ही जीत पाई और उसके बाद वर्ष वर्ष 1990 में भाजपा और जनता दल के बीच हुए गठबंधन के चलते कांग्रेस केवल 50 सीट ही जीत पाई जबकि भाजपा को 85 और जनता दल को 55 सीट मिली इनकी गठबंधन की सरकार बनी। इसी तरह कांग्रेस वर्ष 1993 में भी केवल 76 सीटे ही हासिल कर पाई। इसके बाद वर्ष 2003 के चुनाव में भी वह भाजपा के आगे कुछ नहीं कर पाई वह केवल 56 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी। कांग्रेस के लिए इससे भी बुरा दौर वर्ष 2013 में देखेने को मिला और वह इस चुनाव में केवल 21 सीटों पर सिमट कर रह गई।

वर्ष 1980 के चुनाव से मुकाबले में आई भाजपा ने अपने पहले विधानसभाा चुनाव में 32 सीटें हासिल कर ली थी। इसके बाद उसने इसके अगले चुनाव वर्ष 1985 में उसने 38 सीटें जीतकर पिछली जीत में छह सीटों का इजाफा किया। इसके बाद भाजपा ने वर्ष 1990 में उसने 85 सीटें जीतकर अपने सहयोगी दल जनता दल के साथ राज्य में पहली बार सरकार बनाई और श्री भौंरों सिंह शेखावत दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। हालांकि इससे पहले आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए चुनाव में श्री शेखावत 150 सीटों सहित जोरदार बहुमत के साथ प्रदेश के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। उस समय जनता पार्टी की सरकार बनी।

भाजपा वर्ष 1993 में 96 सीटें ही जीत सकी और स्पष्ट बहुमत नहीं होने के बावजूद निर्दलीयों के सहयोग से सरकार बनाने में कामयाब रही और श्री शेखावत तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। इसके बाद वर्ष 1998 में भाजपा केवल 33 सीटों पर सिमट गई लेकिन इसके अगले चुनाव वर्ष 2003 में उसने जोरदार वापसी की और 120 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम किया और उस दौरान श्रीमती वसुंधरा राजे प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी। इसके बाद वर्ष 2008 में भाजपा कांग्रेस से फिर मात खा गई और वह केवल 78 सीटें ही जीत पाई लेकिन श्रीमती राजे के नेतृत्व में वह वर्ष 2013 में जोरदार वापसी करते हुए उसने रिकॉर्ड जीत दर्ज करते हुए 163 सीटें हासिल की और श्रीमती राजे दूसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी। हालांकि इसके अगले ही चुनाव में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और वह केवल 73 सीटें ही जीत पाई।

प्रदेश में अब तक हुए पिछले 15 चुनावों में केवल वर्ष 1977, 1993, 2003 एवं 2013 के चार विधानसभाा चुनाव ही ऐसे है जिसमें कांग्रेस अन्य दलों के मुकाबले कम मत हासिल कर पाई जबकि शेष 11 चुनावों में वह मत प्राप्त करने में अव्वल रही है। वर्ष 1977 में जनता पार्टी ने सर्वाधिक 50.41 प्रतिशत मत हासिल किए जबकि वर्ष 1993 में 38.60 प्रतिशत, वर्ष 2003 में 39.20 एवं वर्ष 2013 के चुनाव में 46.95 प्रतिशत सर्वाधिक मत भाजपा ने हासिल किए।

हालांकि इन 15 विधानसभाा चुनावों में अब तक सर्वाधिक मत 51.14 प्रतिशत मत कांग्रेस ने ही वर्ष 1972 के चुनाव में हासिल किए थे। इसके अलावा कांग्रेस ने वर्ष 1985 के चुनाव में भी जनता का अच्छा समर्थन प्राप्त किया और उसने उस दौरान 46.79 प्रतिशत मत प्राप्त किए। इसी तरह कांग्रेस ने वर्ष 1957 में 45.13, वर्ष 1998 में 44.95, वर्ष 1980 में 42.96, वर्ष 1967 के चुनाव में 41.41 प्रतिशत मत हासिल किए। इसके अलावा उसने वर्ष 1952 के चुनाव में 39.71, वर्ष 1962 में 39.98, वर्ष 1977 के चुनाव में 31.14, वर्ष 1990 में 33.64, वर्ष 1993 में 38.27, वर्ष 2003 में 35.65, वर्ष 2008 में 36.82, वर्ष 2013 में 33.71 एवं वर्ष 2018 में 39.82 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन हासिल किया।

इसी तरह भाजपा ने अपने शुरूआती विधानसभाा चुनाव में 18.60 प्रतिशत मत प्राप्त किए। इसके बाद उसने वर्ष 1985 में 21.16, वर्ष 1990 में 25.25, वर्ष 998 में 33.23, वर्ष 2008 में 34.27, वर्ष 2018 में 39.28 मतदाताओं का समर्थन मिला। वर्ष 1990 के विधानसभाा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले जनता दल ने 21.63 प्रतिशत मत हासिल किए।

अब तक हुए इन पन्द्रह विधानसभाा चुनावों में निर्दलीयों ने भी अपनी महत्ती भाूमिका निभााई हैं और निर्दलीयों वर्ष 1957 के चुनाव में 33.93 प्रतिशत मत हासिल किए थे और उस समय 32 निर्दलीय चुनाव जीतकर विधानसभाा पहुंचे। इसी तरह इससे पहले वर्ष 1952 के पहले विधानसभाा चुनाव में 28.05 प्रतिशत मत लेकर अब तक के सर्वाधिक 39 निर्दलीय विधानसभाा पहुंचे। इसी तरह 1962 के चुनाव में निर्दलीयों ने 20.83 प्रतिशत मत हासिल किए और 22 निर्दलीयों ने चुनाव जीता। वर्ष 1972 में निर्दलीयों ने 17.36, वर्ष 1990 में 17.14, वर्ष 1967 में 16.55, वर्ष 1977 में 15.92, वर्ष 1980 में 13.10 एवं वर्ष 1985 में 11.57 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त किया। शेष कुछ विधानसभाा चुनावों में निर्दलीय दस प्रतिशत से कम ही मत हासिल कर पाये।

जब से भाजपा कांग्रेस के मुकाबले में आई हैं तब से अब तक हुए नौ चुनावों में कांग्रेस ने पांच चुनावों में सरकार बनाने में कामयाब रही जबकि चार में भाजपा की सरकार बनी हैं। अब सोलहवीं विधानसभाा के लिए गत 25 नवंबर को मतदान हो चुका है और मतगणना तीन दिसंबर को होगी और उस दिन ही पता चल पायेगा कि पिछले कुछ चुनावों से एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार का रिवाज कायम रहता है या यह रिवाज इस बार बदलता है। हालांकि कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेता अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

# चुनाव में धनबल का प्रयोग

चुनाव के ठीक पहले लुभावने वादे करना भारतीय राजनीति में आम बात हो गई है। परंतु राजनीतिक दल और प्रत्याशी केवल उन वादों तक नहीं रुकते जिन्हें सरकारी खजाने से पूरा करना होता है क्योंकि शायद वे वादे चुनाव जीतने के लिए पर्याप्त नहीं होते हैं।

चुनाव प्रचार अभियानों में बहुत बड़े पैमाने पर धनराशि व्यय की जाती है और मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जाता है। जैसा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बुधवार को कहा भी, इस बार चुनावी राज्यों में पिछले चुनावों की तुलना में कहीं अधिक धनराशि जब्त की गई है।

उदाहरण के लिए इस वर्ष राजस्थान में कथित तौर पर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी जब्त की गई। कर विभाग के नियमित काम के बोझ तथा व्यवस्थागत बाधाओं को देखते हुए यह दलील देना उचित ही होगा कि यह बहुत बड़ी राशि का एक छोटा हिस्सा हो सकता है।

धन की शक्ति का इस्तेमाल केवल किसी एक राज्य या किसी अन्य राज्य तक सीमित नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका के प्रत्युत्तर में भारतीय निर्वाचन आयोग ने एक हलफनामा दायर करते हुए कहा था कि वह ह्यचुनावों में धन की शक्ति के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर अत्यधिक चिंतित है।ह्ण उसने यह भी कहा कि चुनावी खर्च की निगरानी के लिए प्रभावी व्यवस्था की गई है।

बहरहाल, इस बात के तमाम प्रमाण हैं और ऐसी खबरें भी हैं जो बताती हैं कि धनबल का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यह रुझान परेशान करने वाला है और इसने न केवल चुनावों से जुड़े कई सवालों को जन्म दिया है बल्कि पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न भी लगाया है।

पहली बात तो यह पूरी बेहिसाबी धनराशि आई कहां से? यह साफ तौर पर व्यवस्था द्वारा उत्पन्न बेहिसाबी धन का ही हिस्सा है जो राजनीतिक संरक्षण से जुटाई गई ताकि राजनीतिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके।

प्रचलित नकदी नोटबंदी के पहले के स्तर से भी अधिक हो चुकी है। फंडिंग चाहे प्रत्याशियों से हो या उनके समर्थकों द्वारा, उसका इरादा व्यवस्था से लाभ लेकर राजनीतिक शक्ति हासिल करना होता है। ऐसी परिस्थितियों में राजनीतिक व्यवस्था शायद समाज के हित में निष्पक्ष तरीके से काम न कर पाए।

दूसरा, इस बेहिसाबी धन का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाता है? आंशिक रूप से इसका इस्तेमाल चुनाव प्रचार की फंडिंग के लिए किया जा सकता है क्योंकि निर्वाचन आयोग द्वारा तय सीमा अपर्याप्त प्रतीत होती है। अतीत की रिपोर्ट का ध्यान रखें तो इसका इस्तेमाल मतदाताओं को नकदी या वस्तु देकर प्रभावित करने में भी किया जा सकता है जो एक तरह से राजनीतिक प्रक्रिया को बाधित करता है।

तीसरा, क्या पैसे की ताकत लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करती है? जैसा कि हम बाजार में देखते हैं प्रवेश में ऊंचा प्रतिरोध प्रतिस्पर्धा को सीमित करता है और कमतर नतीजे देने वाला साबित होता है। ऐसे में नए लोगों के लिए भारतीय राजनीति में प्रतिस्पर्धा करना बेहद कठिन है और इस बात ने विभिन्न स्तरों पर शक्ति का केंद्रीकरण किया है। यह भी एक वजह है जिसके चलते भारत में इतने राजनीतिक घराने हैं। इन दिनों अधिकांश गंभीर प्रत्याशी करोड़पति हैं।

निश्चित तौर पर इनमें से कुछ दिक्कतों के बारे में हम सभी जानते हैं लेकिन हमारा समाज उन्हें लेकर कुछ खास नहीं कर पाया। सैद्धांतिक रूप से देखा जाए तो यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए। धन की शक्ति का अत्यधिक उपयोग बराबरी की लड़ाई नहीं रहने देता।

निर्वाचन आयोग इस दिशा में काम कर रहा है लेकिन उसे और अधिक कदम उठाने होंगे। इसके लिए उसे मौजूदा अफसरशाही का अधिक



प्रभावी इस्तेमाल करना होगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करनी होगी।

चुनावी धन से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है क्योंकि यह व्यवस्था की कई अन्य समस्याओं को बढ़ाने का कारण बनता है। परंतु इसके लिए विधायिका के सहयोग की भी आवश्यकता होगी जो शायद न मिले। निर्वाचन आयोग के पास यही विकल्प है कि वह निगरानी बढ़ाए और जरूरत पड़ने पर कदम उठाए। वह मतदाताओं को संवेदनशील करने के लिए अभियान भी चला सकता है।